CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 10°C

लखनऊ, मंगलवार 10 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 96 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू' नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त राज्यः योगी पेज 2



पाकिस्तान-भारत वर्ल्ड कप मैच पर आखिरी फैसला शहबाज शरीफ लेंगे खेल टाइम्स



और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर सम्पादकीय




एपस्टीन फाइल्सः10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच पेज 12

# विपक्ष की नारेबाजी से काफी आहत दिखीं उप्र की राज्यपाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र राज्य विधानमंडल में बजट सत्र के मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने अभिभाषण में प्रदेश की विकास यात्रा, सुशासन और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान वह विपक्ष की नारेबाजी से काफी आहत दिखीं।

उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि आप लोगों का यही हाल रहा, तो शून्य तक पहुंच जाएंगे। अपने भाषण के दौरान कहा कि 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश /2047' विजन डॉक्यूमेंट को साकार करने के लिए सदन में अत्यंत उपयोगी चर्चा हुई है। मार्च 2017 के बाद प्रदेश ने कानून-व्यवस्था, आधारभूत ढांचा, निवेश, रोजगार सृजन और

**कहा: आप लोगों का यही हाल रहा तो शून्य तक पहुंच जाएंगे, आनंदीबेन ने अभिभाषण में गिनाई सरकार की उपलब्धियां**



जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 18 राज्य विश्वविद्यालयों ने नैक में उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त की है। वर्ष 2017 में जहां नैक ए प्लस प्लस श्रेणी का कोई भी विश्वविद्यालय नहीं था, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर 9 हो गई है। इनमें 4 विश्वविद्यालय नैक 'ए प्लस' और 5 विश्वविद्यालय 'ए' श्रेणी में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केवल एक वर्ष में नैक प्रत्यायित संस्थानों की संख्या 95 से बढ़कर 161 हो गई है। इसके साथ ही क्यूएस एशिया -शेष पृष्ठ दो पर

## सदन में पेश हुई पहली आर्थिक समीक्षा, प्रदेश में बढ़ी है प्रति व्यक्ति आय

**लखनऊ।** उप्र विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से हुई। इसके उपरांत विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट सत्र में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसमें उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में स्थान अब करीब नौ प्रतिशत से ज्यादा हो गया, जो कि 2016-17 में लगभग आठ प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1.20 लाख रुपये प्रति व्यक्ति होने की संभावना है। इससे पहले बजट सत्र के आरंभ से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार का एजेंडा सामने रखा। सरकार प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ सदन में रखेगी। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील भी की। वहीं सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ सत्र में पहुंचे। यह बजट सत्र 9 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा।

## नरवणे की अप्रकाशित किताब सोशल मीडिया पर प्रसारित होने पर FIR

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की आगामी किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही हैं। इन दावों के संज्ञान में

**■ दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की**

आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पाया गया कि फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी शीर्षक से टाइपसेट की गई एक पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। यह कॉपी कथित रूप से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई प्रतीत होती है। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का फाइनल कवर भी इस तरह प्रदर्शित किया गया है, मानो वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर के लितान में हिंसा भड़की, 25 घर फूंके

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले के व्यावसायिक कस्बे लितान में तनाव बना हुआ है। हालांकि भारी सुरक्षा तैनाती के बीच फिलहाल माहौल शांत है। पुलिस के अनुसार, तांगखुल नागा और कुकी समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद लितान और उससे सटे मंगकोट गांव में बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन जारी है। रविवार देर रात करीब 11:30 बजे लितान बाजार में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान उपद्रवियों ने स्वचालित हथियारों और राइफलों से गोलीबारी भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हिंसा में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर जलकर खाक हो गए हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई, जिसमें तांगखुल नगा समुदाय के स्टर्लिंग नामक व्यक्ति के साथ कथित रूप से मारपीट हुई थी। बाद में उसे इलाज के लिए इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उखरुल के जिला मजिस्ट्रेट ने लितान में कर्फ्यू लगा दिया है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में पारा माइनस 24 डिग्री

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में सोमवार को 5 जिलों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं, पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में न्यूनतम तापमान माइनस 24 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान के 10 से ज्यादा शहरों में टेंपरेचर 10 डिग्री सेल्सियस डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा सर्दी फतेहपुर और पाली में रही।

### इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए लैंडिंग साइट तलाशी

**बेंगलुरु।** इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास एक लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मान्स माउटन (एमएम-4) क्षेत्र को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है। मान्स माउटन, चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है।

# एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे: सुप्रीम कोर्ट

## बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की डेडलाइन एक हफ्ता बढ़ाई

**डीजीपी से मांगा हलफनामा**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करा रहा है। मतदाता सूची से जुड़ा यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में अहम दिशा-निर्देश दिए।

चीफ जस्टिस ने एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने का भी निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की डेडलाइन एक सप्ताह और बढ़ाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को पश्चिम बंगाल एसआईआर प्रक्रिया के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने के लिए और समय दिया जा रहा है। किसी को भी पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर में रुकावट डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी। एसआईआर की डेडलाइन 14 फरवरी से एक हफ्ते आगे बढ़ाई जा रही है। माइक्रो ऑब्जर्वर या राज्य सरकार के -शेष पृष्ठ दो पर

### सेंगर की याचिका पर 'प्राथमिकता के आधार पर' सुनवाई करे दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि उन्नाव में हिरासत में मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र की जाए और इस अपील का निस्तारण अधिमानत तीन माह के भीतर किया जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि सेंगर की अपील के साथ ही पीड़ित पक्ष द्वारा सजा बढ़ाने के लिए दायर अपील तथा सह-आरोपियों की अपीलों की संयुक्त रूप से सुनवाई की जाए। पीठ सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई थी।



### हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक, सरकारी कार्यालय बदलने को सरकार आजाद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें राज्य सरकार के हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग का मुख्यालय शिमला से कांगड़ा जिले के धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाई गई थी। न्यायालय ने कहा कि किसी संस्था के मुख्यालय का स्थानांतरण नीति से जुड़ा विषय है और इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की गुंजाइश अत्यंत सीमित होती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या यह स्पष्ट है कि किसी संस्था के मुख्यालय को स्थानांतरित करना एक नीतिगत निर्णय है।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर कानूनी वार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एक समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य संवैधानिक पदाधिकारियों द्वारा दिए जा रहे भाषणों को संविधान के अनुरूप नहीं और अपमानजनक बताया गया है। याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में अनुच्छेद 32 के तहत कोर्ट से दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

याचिका में उल्लेख किया गया है कि सीएम सरमा ने हाल ही में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां कीं। इसके अलावा, उन्होंने कुछ समुदाय के नागरिकों को सब्जियों की कीमत बढ़ाने, लव जिहाद और फ्लड जिहाद जैसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया और यहां तक कहा कि चुनावी मतदाता सूची से 4-5 लाख लोगों को हटाना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि केवल असम ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के उच्च पदाधिकारियों द्वारा दिए गए



**■ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शूटिंग वीडियो मामला**
**■ पूर्व एलजी समेत 12 लोगों ने दाखिल की याचिका**

भाषण भी संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ हैं। उदाहरण के तौर पर, उत्तराखंड सीएम लैंड जिहाद और लव जिहाद की बातें करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश सीएम उर्दू भाषा समर्थकों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मुसलमानों को घुसपैठियों और विदेशी समर्थकों के रूप में प्रस्तुत करते हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि भले ही ये भाषण सीधे तौर पर हेट स्पीच कानून के दायरे में न आते हों, लेकिन इनका मकसद संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करने वाला है। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया है कि उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के सार्वजनिक भाषणों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जाएं। याचिकाकर्ताओं ने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक पदधारक साधारण वक्ता नहीं होते। उनके शब्द राज्य का प्रभाव रखते हैं, प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करते हैं और संवेदनशील समुदायों पर हानिकारक असर डाल सकते हैं। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के नवतेज सिंह जोहर बनाम भारत संघ (2018), जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ (2019) और गवर्नमेंट ऑफ एनसीटी ऑफ दिल्ली बनाम भारत संघ (2018) के फैसलों का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि संवैधानिक नैतिकता लोकप्रिय भावना पर हावी होनी चाहिए।

## न्यायालय परिसर के भीतर हिंसा की घटनाएं गुंडा राज: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अदालत परिसर के भीतर हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'गुंडा राज' करार देते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है।

न्यायालय दिल्ली के तीस हजारी अदालत परिसर के भीतर एक अधिवक्ता पर हुए कथित हमले के संबंध में एक 'उल्लेख' पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ को एक ऐसी घटना से अवगत कराया गया, जो कथित तौर पर सात फरवरी को तीस हजारी कोर्ट में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हरजीत सिंह पाल की अदालत के सामने हुई थी।

**■ कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा: यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है**

## खालिस्तानी धमकियों भरे ईमेल से संसद और दिल्ली के स्कूलों में सुरक्षा अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी समर्थकों ने दिल्ली में संसद भवन को उड़ाने की धमकी दी है, जिसके बाद संसद परिसर के आसपास सुरक्षा बहुत बढ़ा दी गई है। सोमवार को दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भी भेजे गए, जिनमें बम विस्फोटों की चेतावनी दी गई थी और हिंदुस्तान बनेगा खालिस्तान के नारे लिखे हुए थे। ये ईमेल ज़ैकरी जेनकिस नाम के व्यक्ति ने भेजे थे।

## लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई

**■ राहुल बोले: स्पीकर ने कमिट किया, क्या आप बोलने देंगे, रिजिजू बोले: कोई कमिटमेंट नहीं**
**■ लोस की कार्यवाही स्थगित, विपक्ष स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है**

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 9 वें दिन लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है।

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि एक घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए, स्पीकर ने हमें कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिए जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं। 3 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो आसंदी (स्पीकर की चेयर) पर संध्या राय (भाजपा सांसद) बैठी थीं। राहुल की बात के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं भी स्पीकर के केबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटनमेंट नहीं किया गया। संध्या ने राहुल से कहा कि आपकी तरफ से किसी और मुद्दे के लिए कोई नोटिस नहीं आया है, बजट पर चर्चा करनी हो तो बताएं। इसके बाद विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। वहीं, विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है।

## भारत ने नेपाल की सेना को 50 सैन्य वाहन सौंपे

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने नेपाल के साथ रक्षा सहयोग और क्षमता निर्माण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सोमवार को भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली सेना को 50 सैन्य उपयोगी वाहन सौंपे। इन वाहनों को औपचारिक रूप से काठमांडू में आयोजित होने वाले एक समारोह में नेपाल में भारत के राजदूत द्वारा दिया भेंट किया जाएगा।

## लोकसभा अध्यक्ष पर संसदीय अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर उन पर सत्ताधारी भाजपा के दबाव में विपक्षी महिला सांसदों के खिलाफ 'झूठे, निराधार और अपमानजनक' आरोप लगाने और विपक्ष के संसदीय अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस सांसद एस. जोतिमणि के लेटरहेड पर सोमवार को भेजी गई एक कड़ी आपत्ति में, महिला सांसदों ने लोकसभा में लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की। पत्र में विशेष रूप से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने की अनुमति देने से बार-बार इन्कार किए जाने पर सवाल उठाया गया है। पत्र में कहा गया है कि अध्यक्ष का पद एक संवैधानिक कार्यालय है जिसका उद्देश्य संसद की गरिमा की रक्षा करना, निष्पक्षता सुनिश्चित करना और पार्टी संबद्धता से परे सभी सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है। इसमें कहा गया है कि पिछले चार दिनों से लगातार स्थापित संसदीय परंपरा का 'जानबूझकर उल्लंघन' किया गया है। कांग्रेस सांसदों ने आरोप लगाया कि जहां राहुल गांधी को बोलने का अवसर नहीं दिया गया, वहीं इंडिया गठबंधन के आठ सांसदों को 'सत्तारूढ़ दल के इशारे पर' निलंबित कर दिया गया, जबकि एक भाजपा सांसद को सदन में पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ 'अभद्र और अश्लील' टिप्पणी करने की अनुमति दी गई।

**■ कांग्रेस की महिला सांसदों ने पत्र लिखकर लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की**



## सदन में आते ही वापस लौटने पर होता है बहुत दुख: प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि यह बहुत दुखद स्थिति है कि लोकसभा नहीं चल रही है और सदन में आते ही उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता है और सदन नहीं चल रहा है यह बहुत ही दुख की बात है। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, यह बहुत दुख की बात है कि हम सदन (लोकसभा) जाते हैं और बस बाहर आ जाते हैं। विपक्ष के नेता को एक मिनट भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती। यह हास्यास्पद है।

**■ बोलीं: सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता**

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के 10 जिले घने कोहरे की चपेट में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने फिर करवट बदली है, जिससे तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने तराई वाले 10 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जबकि 13 अन्य जिलों में खराब मौसम की आशंका जताई है। राजधानी लखनऊ समेत उत्तरी यूपी में रातें ठंडी होंगी, हालांकि अगले कुछ दिनों में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद है। इसी प्रकार बाकी के 52 जिलों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से जारी ताजा बुलेटिन के मुताबिक तराई वाले जिलों गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, बरेली और पीलीभीत समेत आसपास के इलाकों में आज घना कोहरा छाया रहा। इन जिलों में सुबह के वक्त दृष्यता 10 मीटर से भी कम रही। इसी प्रकार बलिया, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, संत कबीरनगर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, अंबेडकर नगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, शाहजहांपुर और आसपास के इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि इस दौरान तापमान में ज्यादा परिवर्तन होने की कोई संभावना नहीं है।

### केजीएमयू के छह मजारों को दूसरी बार नोटिस जारी

**लखनऊ।** केजीएमयू परिसर में मौजूद मजारों को हटाने के लिए जारी पहली नोटिस का समय बीत चुका है, फिर भी मजारें हटाई नहीं गई हैं। अब केजीएमयू प्रशासन ने सोमवार को दूसरा नोटिस जारी कर दिया है। केजीएमयू परिसर में बनाई गई 6 मजारों को दूसरा नोटिस दिया गया है। केजीएमयू प्रशासन ने 22 जनवरी को मजारों को हटाने के लिए पहला नोटिस दिया था। इन मजारों को हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था।

### विधानमंडल में बजट सत्र के दौरान बोले सीएम योगी

# यूपी अब बीमारू नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडे होते हैं पहला राज्यपाल का अभिभाषण, दूसरा सामान्य बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानमंडल के बजट सत्र के मौके पर कहा कि जनसंख्या घनत्व के मामले में अव्वल यह राज्य अब 'बीमारू' नहीं बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त राज्यों की श्रेणी में आता है, जो गर्व की बात है।

योगी ने सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक बीमारू राज्य अब देश में सशक्त राज्य के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। सदन के नेता ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि संसदीय परंपराओं के अनुरूप बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी और इसके बाद सदन में सामान्य बजट पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडा होते हैं। पहला राज्यपाल का अभिभाषण और दूसरा सामान्य बजट। राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्य योजनाओं का दस्तावेज होता है, जिसके माध्यम से प्रदेश की जनता को संबोधित किया जाता है। इस पर सदन में माननीय सदस्य विस्तृत चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बजट सत्र की कार्यवाही 20 फरवरी तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद आज पहली बार सदन में आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक 'बीमारू राज्य' कही जाने वाली छवि को बदला है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश ने आर्थिक क्षेत्र में ब्रेक थ्रू किया है, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है और रोजगार के अवसर लगातार बढ़े हैं।

### बजट सत्र के दौरान चलने वाले स्वास्थ्य शिविर का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र की शुरुआत से पूर्व विधान भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह स्वास्थ्य शिविर उत्तर प्रदेश विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों के लिए लगाया गया है, जिसमें केजीएमयू के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया है। यह शिविर माननीय सदस्यों के साथ-साथ विधान भवन में उपस्थित अन्य लोगों की सुविधा के लिए भी उपलब्ध रहेगा। योगी ने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार होना चाहिए और प्रदेश सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# पंजाब के लॉ कॉलेज में छात्रा का मर्डर कर की आत्महत्या

चंडीगढ़, वार्ता

■ परिजनों का आरोप पुलिस ने सही जानकारी नहीं दी

पंजाब के तरनतारन जिले के गांव उस्मा में स्थित एक मशहूर लॉ कॉलेज में सोमवार सुबह एक नौजवान छात्र ने कॉलेज कैंपस के अंदर ही अपनी साथी छात्रा के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं युवक ने मौके पर ही खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली, उसकी भी मौत हो गई है।


गोली लगने से लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले के बाद कॉलेज में मौजूद छात्र और स्टाफ में भगदड़ मच गई। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मरने वाली छात्रा की पहचान संदीप कौर के तौर पर हुई, वहीं गोली मारने वाले शख्स का नाम प्रिंस राज है। जैसे ही घटना का पता चला, मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ अपना विरोध जताया। परिवार और पंचायत सदस्यों ने आरोप लगाया कि इतना मशहूर कॉलेज होने के बावजूद सुरक्षा के नाम पर कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि एक नौजवान छात्र कॉलेज के अंदर पिस्तौल लेकर आया है, यह भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि कॉलेज मैनेजमेंट समेत वहां के प्रिंसिपल के खिलाफ सही एक्शन लिया जाना चाहिए, क्योंकि घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने परिवार को सच नहीं बताया। परिवार वालों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने सिर्फ उनसे इतना ही कहा कि वे लोग जल्द कॉलेज पहुंचे। उनकी बेटी घायल है।

परिवार के सदस्यों ने कहा कि जब वे कॉलेज पहुंचे, तो उनकी बच्ची मरी हुई पड़ी थी। उन्होंने कहा कि कॉलेज ने अपनी तरफ से वकील और पुलिस बुला ली है और उन्हें उनकी बेटी का चेहरा भी नहीं देखने दिया जा रहा है और न ही इस मामले में कोई जानकारी दी जा रही है। इस बीच इस मामले को लेकर मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी ने मामले की अच्छी तरह से जांच की है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में ली है।

# आंनदीबेन का संबोधन विकास से दूर: मायावती

## बसपा ने गंभीर सवाल खड़े किए

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत पर राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय परंपरा के अनुसार दिया गया यह संबोधन प्रदेश के वास्तविक विकास, सर्वसमाज के उत्थान और व्यापक जनहित के मुद्दों से भटका हुआ नजर आया।

यह वास्तविक व थोड़ा उत्साही होता, तो यह बेहतर होता। सोमवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए मायावती ने कहा कि वास्तव में पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वसमाज के करोड़ों लोग सरकार की गलत नीतियों व कार्यकलापों आदि से दुखी व त्रस्त हैं। जिसके प्रति राज्यपाल को सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहिए था। प्रदेश की जनता के साथ-साथ विपक्ष को भी थोड़ा आश्वासन मिलता, विपक्ष की नारेबाजी होती रही तथा हंगामा भी होता रहा। राज्यपाल के सम्बोधन में भाजपा की सरकार द्वारा जनहित व जनकल्याण सम्बंधी बड़े-बड़े दावों, आश्वासनों, घोषणाओं व वादों आदि को पूरा करने सम्बंधी विवरणों का अभाव भी लोगों की चिन्ता का कारण रहा।

### एनएचएम संविदा कर्मियों का वेतन संकट गहराया, संघ ने की हस्तक्षेप की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को दिसंबर 2025 से वेतन न मिलने के कारण हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग के समक्ष कड़ा विरोध जताते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। संघ के अध्यक्ष डा. अनिल गुप्ता और महामंत्री योगेश उपाध्याय की ओर से उपमुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एनएचएम के तहत कार्यरत अल्प वेतनभोगी संविदा कर्मी पूरी तरह अपने मासिक वेतन पर निर्भर रहते हैं। लगातार दो माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने घर का किराया, बच्चों की पढ़ाई, भोजन, दवा और अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करना मुश्किल हो गया है।

# डा. मिर्जा शफीक ने देश का नाम रोशन किया: राज्यपाल

पटना, वार्ता



बिहार के राजपाल आरिफ मुहम्मद खान ने कहा है कि उर्दू स्कॉलर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने देश का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करते हुए उन्हे अपनी किताबें 'इरफान सिद्दीकी,शख्स और शायर' और सेरफि ए अदब भेंट कीं। गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान ने कहा कि डा. मिर्ज़ा शफीक हुसैन शफक ने बहुत कम समय में उर्दू अदब में अपनी एक अलग और खास जगह बनाई है। उर्दू आलोचना को लेकर अदब की दुनिया में उनका नाम बड़े आदर और तहजीब से लिया जाता है। जिस तरह उन्होंने अदब की दुनिया में नाम कमाया है, उसी तरह वे इस्लामी दुनिया में भी एक बेमिसाल वक्ता के तौर पर मशहूर हैं। उनकी लिखी दर्जनों किताबें आज हमारे अदब का बहुत कीमती खजाना हैं। आरिफ मुहम्मद खान ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि डा. मिर्जा शफीक हुसैन शफक इसी लगन से अदब और दीन की सेवा करते रहेंगे और देश का नाम रोशन करने में अपना योगदान देते रहेंगे। डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर हाउस में हुए स्वागत के लिए बिहार के गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान का शुक्रिया अदा किया।

### जैव विविधता प्रबंधन समितियों को 46 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जैव-विविधता प्राधिकरण ने जैव विविधता संरक्षण और जैविक संसाधनों के इस्तेमाल से प्राप्त लाभ का पारदर्शी तथा समान वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्यों के बोर्डों को 45.05 लाख रुपये वितरित किए है। आधिकारिक सूचना में सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जैव-विविधता बोर्डों और केंद्र शासित प्रदेश जैव-विविधता परिषदों के जरिए लाभार्थियों को यह राशि दी जाएगी। इस भुगतान से 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित 90 से अधिक जैव विविधता प्रबंधन समितियों और आंध्र प्रदेश के 15 लाल चंदन किसानों को लाभ मिलेगा। जिन राज्यों को यह सहायता दी गई है, उनमें तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और लद्दाख शामिल हैं। यह लाभ-साझाकरण की राशि विभिन्न जैविक संसाधनों के उपयोग से उत्पन्न हुई है, पहुंच और लाभ-साझाकरण व्यवस्था के तहत, कंपनियों द्वारा अर्जित व्यावसायिक लाभ का एक हिस्सा संबंधित समुदायों को लौटाया जाता है। इससे न केवल उनकी आजीविका में सुधार होता है, बल्कि उन्हें जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरणा भी मिलती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 84065.75
निफ्टी 25867.30



सोना रु. 157400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 261000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता



अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते और विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 485.35 अंक (0.58 प्रतिशत) की बढ़त में 84,065.75 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 173.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत ऊपर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों की ओर से 7 फरवरी को जारी साझा वक्तव्य में इसकी मुख्य बातों का खुलासा किया गया था। इससे आज निवेश धारणा को मजबूती मिली और बाजार में तेजी रही। बाजार में आज चौतरफा लिवाली रही। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सार्वजनिक बैंक, वित्त, मीडिया, धातु, फार्मा, रियलटी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेज रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सात प्रतिशत से अधिक उछला। टाइटन, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट में ढाई से तीन प्रतिशत के बीच बढ़त रही। इटरनल, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, इंडिगो और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बीच चढ़े। एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। पावर ग्रिड और आईटीसी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।

### सोना और चांदी की कीमतों में भारी इजाफा

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में आज यानी 9 फरवरी को बढ़त देखने को मिली है। सोमवार दोपहर 3 बजे के करीब एमसीएक्स पर सोने का भाव 1,57,400 रुपये/10 ग्राम के करीब है। आज सोने में 1.25 प्रतिशत का उछाल देखा जा रहा है। वहीं चांदी की कीमतें आज सुबह से 4.45 प्रतिशत या 11,108 रुपये तक बढ़ चुकी है। चांदी फिलहाल एमसीएक्स पर 2.61 लाख/ किलो के पार पहुंच गई है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का हाई बनाया था। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई थी। इस दौरान सोना करीब 15 प्रतिशत तक सस्ता हो गया था।अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एकमुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। एक्सपर्ट ने चांदी की कीमतों पर बताया है कि मार्केट में डिमांड बरकरार है। प्रॉफिट बुकिंग अगर कम हो जाती है, तो एक बार फिर से चांदी के रेट में बड़ा इजाफा देखने को मिल सकता है। सोने-चांदी में आज निवेशकों ने खरीदारी का माहौल बनाया है।

# चावल ,चीनी, दालें महंगी, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में भी नरमी देखी गई। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 94 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं भी 31 रुपये टूट गया और 2,851 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 42 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 198 रुपये बढ़ गई। चना दाल 157 रुपये और मसूर दाल 130 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल 102 रुपये और उड़द दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा आठ रिंगिट बढ़कर 4,162 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 1.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 131 रुपये और पाम ऑयल की 102 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सूरजमुखी तेल में 45 रुपये और मूंगफली तेल में 30 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वनस्पति की कीमत 88 रुपये और सरसों तेल की 39 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 118 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**विपक्ष की...**

रैंकिंग में सम्मिलित विश्वविद्यालयों की संख्या शून्य से बढ़कर 7 हो गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय और छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में एसडीजी श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है। आनंदीबेन ने कहा कि कृषि शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश ने नई उपलब्धियां हासिल की हैं। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) को नैक की सर्वोच्च ए प्लस प्लस ग्रेडिंग मिली है, जबकि सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ और बांदा कृषि विश्वविद्यालय, बांदा को नैक की 'ए' ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। नवम्बर 2019 से अब तक 35 माफिया और 94 सह-अपराधियों सहित कुल 129 को आजीवन कारावास अथवा अन्य अवधि के कारावास और अर्थदंड से दंडित कराया गया है। इस दौरान 2 मामलों में मृत्युदंड की सजा हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक 267 अपराधी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और 977 अभियुक्तों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत निरुद्ध किया गया है। माफिया अपराधियों से 4,137 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति जब्त की जा चुकी है। शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में दो-दो विद्यालयों को मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय और एक-एक विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शिक्षकों के उपयोग के लिए 2 लाख 61 हजार से अधिक टैबलेट वितरित किए गए हैं। वर्ष 2025-26 में दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा के अंतर्गत 1 लाख 40 हजार से अधिक बच्चों का प्रवेश कराया गया। राज्यपाल ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत जर्जर विद्यालय भवनों का नवनिर्माण और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक 275 करोड़ रुपये की धनराशि से 590 सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों को इस योजना से आच्छादित किया गया है। अंत में राज्यपाल ने कहा कि इन उपलब्धियों ने उत्तर प्रदेश की भावी विकास यात्रा को सुदृढ़ आधार दिया है और प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

**एसआईआर में रुकावट...**

अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी केवल ईआरओ की सहायता करना होगी, क्योंकि अंतिम निर्णय ईआरओ का ही होगा। चूंकि सरकारी अधिकारियों का एक नया समूह शामिल किया गया है, इसलिए प्रभावित व्यक्तियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में अधिक समय लगने की संभावना है। इसलिए ईआरओ को जांच पूरी करने और निर्णय लेने के लिए 14 फरवरी के बाद एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाए। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को आसान बनाने और चिंताओं के समाधान के लिए कोर्ट अंतरिम निर्देश जारी कर रही है। राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि सभी 8,555 ग्रुप बी अधिकारी, जिनकी सूची सोमवार को सौंपी गई है, शाम 5 बजे तक जिला चुनाव अधिकारियों (डीआरओ) को रिपोर्ट करें।

चुनाव आयोग (ईसीआई) के पास मौजूदा ईआरओ और एईआरओ को बदलने और योग्य पाए जाने पर अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग करने का अधिकार होगा। तारीख बढ़ाने का आदेश पारित करने से पहले चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को रिपोर्ट करेंगे। कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सब एक साथ बोल रहे हैं और एक-दूसरे की बात काट रहे हैं, जिससे सुनवाई करना मुश्किल हो रहा है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजरिया भी शामिल हैं।

# ओवैसी ने असम के सीएम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

हैदराबाद, वार्ता



■ मुसलमानों के खिलाफ हिंसक वीडियो को लेकर आपराधिक कार्रवाई की मांग की

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ हैदराबाद पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई है। हाल ही में भाजपा के असम राज्य के सोशल मीडिया अकाउंट पर मुस्लिम विरोधी वीडियो अपलोड किया गया था, जिसमें असम के मुख्यमंत्री सरमा मुस्लिम व्यक्तियों पर गोलियां चला रहे हैं। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद उस वीडियो को पोस्ट से डिलीट कर दिया गया। ओवैसी ने इस मामले को लेकर हैदराबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए असम सीएम के खिलाफ तुरंत आपराधिक कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार के पास सरमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने कहा कि उन्होंने (हिमंत बिस्वा सरमा) जानबूझकर और गलत इरादे से मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर दो धार्मिक समुदायों के बीच दुश्मनी बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह देश की एकता के लिए नुकसानदायक है। सांसद ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें सरमा के खिलाफ उनके (अब डिलीट किए गए) हिंसक वीडियो के लिए क्रिमिनल एक्शन की मांग की गई है, जिसमें वे मुसलमानों को गोली मारते हुए दिख रहे हैं। ओवैसी ने पोस्ट किया कि दुर्भाग्य से नरसंहार वाली हेट स्पीच एक आम बात हो गई है। उन्होंने कमिश्नर को लिखा कि पिछले कई सालों से सरमा सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, पब्लिक स्पीच और दूसरे प्लेटफॉर्म के जरिए लगातार मुस्लिम समुदाय के खिलाफ बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई भाषण अभी भी पब्लिक डोमेन में मौजूद हैं। पत्र में लिखा है कि हाल के महीनों में मुख्यमंत्री सरमा ने जानबूझकर अपने हेट स्पीच तेज कर दिए हैं, जिनका साफ और सोचा-समझा इरादा मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दुश्मनी और नफरत को बढ़ावा देना है, यह अच्छी तरह जानते हुए भी कि ऐसे इल्जाम देश की एकता के लिए नुकसानदायक हैं और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाते हैं। असम भाजपा के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से 7 फरवरी को पोस्ट किया गया एक हालिया वीडियो जिसे एक दिन बाद हटा दिया गया था, लेकिन अभी भी सोशल मीडिया पर मौजूद है।वीडियो में इस्तेमाल की गई तस्वीरें और पाइंट ब्लैंक शूट और नो मर्सी जैसे बयान जानबूझकर और गलत इरादे से किया गया काम है, जिसका मकसद मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धार्मिक समुदायों के बीच नफरत और दुश्मनी को बढ़ावा देना और सांप्रदायिक हिंसा भड़काना है।

# संवाद से समस्या के समाधान में विश्वास करती है सरकार: सीएम योगी

## हमारी सरकार का यह 10वां बजट, 20 फरवरी तक चलेगा सदन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र प्रारंभ होने से पहले सोमवार को मीडियाकर्मियों से बातचीत की। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल आज से बजट सत्र प्रारंभ कर रहा है। यह हमारी सरकार काट है।

सीएम ने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि विधानमंडल लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। किसी भी सदस्य को कोई मुद्दा उठाना है तो कार्यवाही बाधित करने के बजाय संवाद करे, क्योंकि सरकार संवाद से समस्या के समाधान में विश्वास करती है।राज्यपाल के अभिभाषण से होगी शुरुआत सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संसदीय परंपराओं के अनुरूप इसकी शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। बजट सत्र में दो महत्वपूर्ण एजेंडे होते हैं। पहला- राज्यपाल का अभिभाषण और दूसरा- सामान्य बजट। राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों व भारी कार्ययोजना का दस्तावेज होता है, जिसे उनके द्वारा सदन के माध्यम से जनता जनार्दन को समलृपत किया जाता है। सभी सदस्य इस पर चर्चा करते हैं। आज राज्यपाल द्वारा समवेत सदन को संबोधन के माध्यम से अपना अभिभाषण दिया जाएगा। 20 फरवरी तक चलेगा बजट सत्र मुख्यमंत्री ने कहा कि 2026-27 का सामान्य बजट 11 फरवरी को प्रस्तुत होगा। इसके उपरांत इस पर चर्चा होगी। बजट सत्र 9 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा। उत्तर प्रदेश का आलृथक सर्वेक्षण भी प्रस्तुत होगा सीएम योगी ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के तुरंत बाद सदन के पटल पर उत्तर प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण भी प्रस्तुत होगा। पहली बार कोई राज्य सरकार अपनी आर्थिक उपलब्धियों को लेकर यह कदम उठाएगी।

हमने यूपी को बीमारूपन से उबारकर भारत की इकॉनमी के ब्रेकथ्रू के रूप में स्थापित किया है। इन सभी कारकों और यूपी के आर्थिक उन्नयन की इस यात्रा को जानने का अधिकार जनप्रतिनिधियों व जनता जनार्दन को भी होना चाहिए। हमने कितना आलृथक उन्नयन किया है, यूपी में प्रति व्यक्ति आय में क्या वृद्धि हुई है, रोजगार सृजन की स्थिति क्या है, वित्तीय प्रबंधन में कैसे हमने विषम परिस्थितियों से उबार कर पिछले पांच वर्षों से लगातार यूपी को रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित किया है। इन सभी बिंदुओं को लेकर आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट भी सदन में प्रस्तुत होगी। सदस्यों के लिए डेटा प्रस्तुत करने और चर्चा के लिए यह रिपोर्ट महत्वपूर्ण दस्तावेज होगी। हर सदस्य के बहुमूल्य सुझावों को स्वीकार करेगी सरकार सीएम योगी ने कहा कि विधानमंडल लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। किसी भी सदस्य को कोई मुद्दा उठाना है तो संवाद करे, क्योंकि सरकार संवाद से समस्या के समाधान में विश्वास करती है। हर सदस्य के बहुमूल्य सुझावों को स्वीकार करने के साथ ही सरकार हर मुद्दे पर चर्चा करते हुए राज्य के हित में आवश्यक कदम उठाने को सदैव तत्पर है। सीएम ने विपक्षी सदस्यों से अपील की कि कार्यवाही को बाधित न किया जाए, अनावश्यक शोरगुल से बचा जाए। यूपी के विकास की गति को और तेज करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा बजट सत्र सीएम योगी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों के दौरान विधानमंडल में कार्यवाही के नए कीलृतमान स्थापित हुए हैं।

# शासकीय व्यस्तताओं के बीच भी सीएम ने सुनी जनता की समस्याएं

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शासकीय व्यस्तताओं के बीच भी 'जनता दर्शन' के दौरान जनता की समस्याओं को सुना और उनका तत्काल निराकरण के आदेश दिए ।उन्होंने मैं जनता दर्शन के दौरान सभी फरियादों फरियादियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। हापुड़ से आए दो सैनिकों ने मुख्यमंत्री से जमीन पर कब्जे की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन को तत्काल मामले की जांच कर उचित निस्तारण का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने और मन से पढ़ाई करने की हिदायत दी। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि बच्चों को वह मां से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करें जैसे की भी भविष्य में अपने लक्ष्य को हासिल कर कामयाब हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 25 करोड़ प्रदेशवासियों की सेवा व सुरक्षा के लिए प्रतिब( है। उन्होंने अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम ने बच्चों को सीख दी कि खूब मन लगाकर पढ़ाई करो और मोबाइल से दूर रहो। सैनिकों ने की जमीन पर कब्जे की शिकायत हापुड़ से आए दो सैनिक भी 'जनता दर्शन' में पहुंचे। एक सैनिक ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त की। बताया कि वह और उनके भाई सेना में रहकर देश की सेवा कर रहे हैं। उनके पिता नेत्रहीन हैं। उनकी जमीन ताऊ के लड़कों ने कब्जा कर ली है, जिनकी आपराधिक छवि है। ताऊ के लड़के हथियार के बल पर धमकी भी देते हैं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका प्रार्थना पत्र लेते हुए हापुड़ प्रशासन को निर्देश दिया कि पूरे मामले की तत्काल जांच कराएं और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। आप एस्टिमेट दीजिए, सरकार इलाज कराएगी।

मुख्यमंत्री के समक्ष कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि आप हॉस्पिटल से एस्टिमेट बनवाकर दें, सरकार इलाज में हरसंभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि आप मरीज के स्वास्थ्य की चिंता कीजिए, इलाज की चिंता सरकार की जिम्मेदारी है। इसके अतिरिक्त बिजली, नगर निगम, राजस्व आदि से जुड़े मामले भी आए।

# ओलंपियाड में देश तीसरी रैंक लाकर इशू ने शहर का परचम लहराया




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ज्ञान का दर्शन ही सर्वश्रेष्ठ होता है व्यक्ति ज्ञान अर्जित कर लेता है तो उसे दूसरा कुछ भी पाने की इच्छा नहीं होती। जनपद कानपुर घाटमपुर के एक छोटे से गांव लखपेड़ा के रहने वाले प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक महेन्द्र कुशवाहा के पुत्र इशू कुशवाहा ने जनपद का ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन कर दिया।

कक्षा 8 में पढ़ने वाले इशू ओलंपियाड के मैथ विषय में इंडिया की तीसरी रैंक लाकर सबको चौंका दिया। इशू के चाचा रोहित कुशवाहा बताते हैं कि इशू बिल्कुल आम साधारण तरीके से रहते हुए भी इस परीक्षा में उत्तम आया है ये किसी चमत्कार से कम नहीं है। उसको न तो कोई ट्यूशन पढ़ाता था और न ही परिवार के लोग ही कुछ बता पाते थे। उसने सिर्फ अपने ज्ञान के बल पर ही इस मुकाम को प्राप्त किया है जिस पर उन्हें गर्व है। इशू बेहद सामान्य परिवार से ताल्लुक रखते हैं जहां सुविधाओं का आमतौर पर अभाव ही रहता है। लेकिन दीपक के प्रकाश की तरह इशू भी आज पूरे भारत में जाना पहचाना जा रहा है। आस पास के लोग शुभकामनाएं देनें उनके घर पर जा रहे है। मुख्य रूप से शुभकामना देनें पहुंचे सपा महामंत्री चौधरी रामवीर यादव, प्रवीण चौधरी पंकज, अभिषेक पटेल सहित तमाम सामाजिक लोग इशू के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई देनें पहुंचे।

### जूता गोदाम में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में थाना कमला नगर क्षेत्र के लोहिया नगर स्थित एक जूता गोदाम में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। पुलिस के अनुसार तीन मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर बने गोदाम में आग लगी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। सूचना पर दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया गया है कि इमारत के स्वामी नितिन और सजल गुप्ता दो भाई हैं, जो जूतों का कारोबार करते हैं। पहली और दूसरी मंजिल पर गोदाम संचालित था, जबकि तीसरी मंजिल पर परिवार निवास करता है। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई और परिजन सुरक्षित नीचे उतर आए। दमकल विभाग के अनुसार आग पर नियंत्रण पा लिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**अमेठी।** शीतलागंज बाजार में बीयर के ठेके के पास स्थित एक निर्माणाधीन मकान में युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया।

मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है. बताया जा रहा मृतक शराब का आदी था और मरने के बाद जंगली जानवरों ने उसका चेहरा भी नोच लिया था, दरअसल ये पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के शीतलागंज बाजार का है, जहां बियर के ठेके के पास स्थित एक निर्माणाधीन मकान में पास के ही गांव नोहरी का पुरवा पुन्नपुर के रहने वाले 35 वर्षीय विकास वर्मा पुत्र बेचूलाल का आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया, स्थनीय लोगों की नजर जब शव पर पड़ी तो बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकठ्ठा को गए और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते संग्रामपुर थाना प्रभारी संजय सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। संग्रामपुर प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह द्वारा बताया की मृतक शराब पिया था और गिर गया था, जिससे गिरने से उसकी मौत हो गई है. अंध. ेरा होने कारण मुंह को किसी जानवर ने काटा है शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बजट में प्रदेश के विभिन्न विभागों में लाखों रिक्त पदों को भरने की घोषणा करे सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आज बजट सत्र की शुरुआत के पहले दिन रोजगार अधिकार अभियान की अगुवाई में युवाओं ने सोशल मीडिया में लगाई गई मुहिम में विभिन्न विभागों में लाखों रिक्त पदों को 11 फरवरी को पेश होने वाले बजट में घोषणा करने का मुद्दा उठाया है।

एक्स कैंपेन में इसे सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती व लोक सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को भी टैग किया गया है। विपक्षी दलों से यह अपील की गई है कि अगर बजट में लाखों रिक्त पदों को तत्काल भरने की स्पष्ट घोषणा न हो तो इस सवाल को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाए। रोजगार अधिकार अभियान की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि प्रदेश में सरकारी नौकरी, रोजगार सृजन व निवेश के दावे खोखले साबित हुए हैं। प्रदेश में लाखों पद रिक्त पड़े हुए हैं। बेसिक शिक्षा, लसचाई समेत अन्य कई महत्वपूर्ण विभागों में 7-8 वर्षों से कोई विज्ञापन नहीं किया गया है। सरकारी आंकड़ों में ही बेसिक शिक्षा में 1.26 लाख पद, माध्यमिक शिक्षा में 40 हजार, बिजली महकमे में 40 हजार, लसचाई विभाग में 35 हजार पद रिक्त हैं। इसके अलावा उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, जल निगम, नगर निगम, राजस्व, जैसे महत्वपूर्ण विभागों में बड़े पैमाने पर पद रिक्त हैं, जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। प्रदेश में रोजगार सृजन ठप है। एमएसएमई सेक्टर संकटग्रस्त है। यही वजह है कि बड़े पैमाने पर युवाओं का पलायन हो रहा है। इसी तरह भारी-भरकम निवेश के जो कारपोरेट घरानों से जो समझौते हुए हैं, उसका कहीं धरातल पर काम नहीं दिखता है जो उल्लेख लायक हो। उल्टे प्रदेश से पूंजी पलायन हो रहा है। इस मुहिम में रोजगार अधिकार अभियान के नेशनल कोआलृडनेटर राजेश सचान, युवा मंच के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ई. आर.बी.पटेल, अर्जुन प्रसाद, शोधार्थी बागीश धर राय व दीपक अरोड़ा, अक्षय शर्मा, अजीत गौतम, रुबी लसह, शिव कुमार पटेल, अजय कुमार, गोविन्द कुमार, सविता गोड़, नवीन कुमार यादव, श्याम सुन्दर लसह पटेल, विवेक नमन, मंजू चौधरी समेत बड़ी संख्या में छात्र - युवा शामिल रहे।

# कुष्ठ रोग के प्रति भेदभाव समाप्त करने की फार्मेसिस्ट फेडरेशन की अपील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कुष्ठ रोग के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों, डर और भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी से 13 फरवरी तक पूरे देश में चलाया जा रहा है, इस वर्ष कुष्ठ जागरूकता पखवाड़े की थीम कुष्ठ के प्रति कलंक और भेदभाव समाप्त करना तथा गरिमा सुनिश्चित करना रखी गई है।

अभियान के अंतर्गत कुष्ठ के शुरुआती मामलों की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार एवं पूर्ण इलाज सुनिश्चित करने के साथ-साथ विकलांगता की रोकथाम एवं प्रबंधन की रणनीतियों को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसी क्रम में फार्मेसिस्ट फेडरेशन ने देश एवं प्रदेश के समस्त फार्मासिस्टों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और आम जनता को कुष्ठ रोग के बारे में सही एवं वैज्ञानिक जानकारी देकर जागरूक करें। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से इलाज योग्य है तथा सरकार द्वारा इसका नि:शुल्क एवं प्रभावी उपचार (डक्ज्ख्र मल्टी ड्रग थेरेपी) सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है। समय पर पहचान और नियमित उपचार से रोग पूरी तरह ठीक हो जाता है और रोगी सामान्य जीवन जी सकता है। यह जानना आवश्यक है कि रोगी द्वारा प्रथम खुराक लेने के बाद संक्रमण फैलाने की संभावना 994 कम हो जाती है। फेडरेशन की वैज्ञानिक समिति के चेयरमैन डॉ हरलोकेश ने स्पष्ट किया कि कुष्ठ रोग किसी को छूने, साथ बैठने, भोजन करने या सामान्य सामाजिक संपर्क से नहीं फैलता। फार्मेसिस्ट फेडरेशन ने सभी फार्मासिस्टों, स्वास्थ्यकलृमयों और सामाजिक संगठनों से आग्रह किया है कि वह जनता को कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार और रोकथाम की सही जानकारी दें। फेडरेशन का मानना है कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य तंत्र की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं और आम जनता से उनका सीधा संपर्क होता है, इसलिए वे कुष्ठ उन्मूलन एवं सामाजिक जागरूकता में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### सरसों के खेत में युवक का शव मिलने से सनसनी

**कौशांबी।** जिले के चरवा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह बिरहिबाद मालक नागर गांव के बाहर सरसों के खेत में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान पवन विश्वकर्मा (35) निवासी बिरहिबाद के रूप में हुई है। वह रविवार शाम घर से बाहर निकला था और वापस नहीं लौटा। सोमवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो उसका शव घर के समीप सरसों के खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# उत्पादन, उत्पादकता व कृषि अर्थव्यवस्था तीनों मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है उप्र: राज्यपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विधानमंडल के संयुक्त अधिवेशन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने अभिभाषण में उत्तर प्रदेश के विकास की व्यापक और तथ्यपरक तस्वीर प्रस्तुत की। उन्होंने ऊर्जा आपूर्ति से लेकर ख्रषि-आधारित अर्थव्यवस्था, गन्ना किसानों के भुगतान, पशुपालन, पर्यावरण संरक्षण, खनन सुधार, सार्वजनिक परिवहन, सामाजिक सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, शहरी आवास और श्रमिक कल्याण तक सरकार की नीतियों और उनके ठोस परिणामों को क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने ऊर्जा क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली आपूलृत व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन दर्ज किया गया है।

वर्तमान में नगरीय मुख्यालयों को 24 घंटे, तहसील मुख्यालयों को 21 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों को 19 घंटे निर्बाध विद्युत आपूलृत सुनिश्चित की जा रही है। 'इंटेंसिव डिस्ट्रीब्यूशन स्कीम' के अंतर्गत अब तक 59.83 लाख स्मार्ट/इलेक्ट्रिक मीटर स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 37.45 लाख पुराने मीटरों का प्री-पेड में प्रतिस्थापन किया गया है। राज्यपाल ने कृषि क्षेत्र में हुई ऐतिहासिक प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज उत्पादन, उत्पादकता और ख्रषि अर्थव्यवस्था तीनों मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2016ख्र17 में 557.46 लाख मीट्रिक टन रहा खाद्यान्न उत्पादन 2023ख्र24 में बढ़कर 670.80 लाख मीट्रिक टन हो गया, और 2024-25 में यह 737.40 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचा। ख्रषि क्षेत्र के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में भी उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया है, जो 2016ख्र17 में घ्2. 96 लाख करोड़ से बढ़कर वर्तमान में घ्6.95 लाख करोड़ हो गया है। यह 135 प्रतिशत वृद्धि के साथ लगभग 18 प्रतिशत वार्षिक विकास दर को दर्शाता है। बागवानी क्षेत्र में भी प्रदेश ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। खेती का क्षेत्रफल 21.40 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 26 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जबकि उत्पादन 3.80 करोड़ मीट्रिक टन से बढ़कर 6 करोड़ मीट्रिक टन हो गया है। बाग. वानी उत्पादों के निर्यात में घ्400 करोड़ से बढ़कर 1,700 करोड़ तक की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन उपलब्धियों का सीधा लाभ किसानों को मिला है, जिससे फलों और सब्जियों से किसानों की आय घ्41,000 करोड़ से बढ़कर घ्1,25,000 करोड़ तक पहुंच गई है।

राज्यपाल ने चीनी उद्योग और गन्ना किसानों को लेकर सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने गन्ना मूल्य भुगतान के क्षेत्र में अभूतपूर्व कीलृतमान स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 के बाद से अब तक किसानों को घ्3,04,321 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है, जो 1995 से 2017 के बीच हुए कुल भुगतान घ्2,13,519 करोड़ से घ्90,802 करोड़ अधिक है। राज्यपाल ने बताया कि 2017 के बाद पिपराइच, मुंडेरवा और रामाला में तीन नई चीनी मिलों की स्थापना से प्रदेश की पेराई क्षमता में प्रतिदिन 1.25 लाख लक्वटल की वृद्धि हुई है।

किसानों के हित में गन्ना मूल्य में घ्30 प्रति लक्वटल की वृद्धि की गई है, वहीं गन्ना उत्पादकता 72.38 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर से बढ़कर लगभग 84 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर तक पहुंच गई है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 59.75 करोड़ पौध किसानों तक पहुंचाई गईं तथा 76.88 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। राज्यपाल ने पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुख्रढ़ीकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में गो-कल्याण को केवल संरक्षण नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका के सशक्त माध्यम के रूप में विकसित किया गया है। प्रदेश के 7,497 गो-आश्रय स्थलों में 12,38,547 निराश्रित गोवंश की देखभाल की जा रही है। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना और पोषण मिशन के अंतर्गत 1,81,418 गोवंश गो-पालकों को सुपुर्द किए गए हैं, जिससे 1,13,631 परिवारों को स्थायी आजीविका प्राप्त हुई है। । जिसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025ख्र26 में अब तक घ्1,484 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। इन समन्वित प्रयासों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ठोस आधार मिला है और पशुपालन आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रभावी साधन बनकर उभरा है। बराज्यपाल ने वनों और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश की उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखां. कत करते हुए बताया कि वर्ष 2017 के बाद से अब तक 242.13 करोड़ पौधों का रोपण किया जा चुका है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश का वनावरण बढ़कर 9.96 प्रतिशत तक पहुंच गया है। पर्यावरण संरक्षण को केवल सरकारी अभियान न मानकर सामाजिक जनभागीदारी से जोड़ने की रणनीति ने उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में एक प्रभावी और अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्थापित किया है। पौधरोपण, संरक्षण और संवर्धन के समन्वित प्रयासों से प्रदेश ने सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में ठोस प्रगति की है। वर्ष 2017 के बाद से अब तक प्रदेश को घ्28,920 करोड़ का खनन राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि 2012ख्र17 की अवधि में यह मात्र 7,712 करोड़ था। तकनीक-सक्षम निगरानी, ई-टेंडलरग और पारदर्शी नीलामी व्यवस्था के चलते न केवल राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, बल्कि अवैध खनन पर भी प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हुआ है। राज्यपाल ने बताया कि निगम की 13,621 बसों ने 103.37 करोड़ किलोमीटर का संचालन किया, जिससे 37.10 करोड़ यात्रियों को सुरक्षित और सुलभ परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

# ऑल आशा एवं आशा संगिनियों ने सीएम योगी से लगाई गुहार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऑल आशा एवं आशा संगिनी कार्यकर्ता सेवा समिति की समस्त सदस्यों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वर्ष 2005 से निरंतर उनकी सेवाओं पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि वह पोलियो मुक्ति, फाइलेरिया उन्मूलन, टीबी खोज, संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान और कोविड जैसी आपदाओं में अपनी जान की परवाह किए बिना देश की सेवा की है।

साथ ही, हम डाटा ऑपरेटर के रूप में डायरी अपडेट और आभा कार्ड, सी बैंक फॉर्म, ई कवच सर्व आदि जैसे जटिल कार्य भी निष्ठापूर्वक कर रही हैं। इसके बावजूद हमारे तमाम प्रोत्साहन राशि को हमारे अधिकारियों द्वारा यह कहा जाता है की कई मुद्दों पर प्रोत्साहन के लिए सरकार के पास बजट ही नहीं है और हमें नहीं दिया जाता है। अंत में आग्रह किया कि निश्चित वेतन व दर्जा हमें-प्रोत्साहन की अनिश्चितता से मुक्त कर निश्वित मासिक वेतन रुपए 21000 आशा को और रुपए 24000 संगिनी को व राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। रिटायरमेंट लाभ सेवा निवृत्ति पर 20 लाख रुपये एकमुश्त और मासिक पेंशन प्रदान की जाए। पारिवारिक सुरक्षा- हमारे और हमारे परिवार हेतु पूर्ण बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा लागू की जाए।

यूनिफॉर्म एवं सुरक्षा आशा एवं आशा संगिनी को साड़ी के साथ एप्रिन भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध करवाया जाए ताकि कार्य क्षेत्र में उनकी पहचान और सम्मान बढ़ा। छड पद पर नियुक्ति ऐसी आशा कार्यकर्ता जो शैक्षणिक योग्यता (12वीं/ स्नातक) रखती हैं और जिन्हें 5 वर्ष का कार्य अनुभव प्राप्त है, उन्हें प्राथमिकता दी जाए। छड के रिक्त पदों पर नियुक्त किया जाए जिससे कैरियर ग्रोथ इस कदम से न केवल अनुभवी कार्यबल का सम्मान होगा, बल्कि स्वास्थ्य केंद्रों पर स्टाफ की कमी भी दूर होगी। आशा 2005 से तथा आशा संगिनी 2014 की नियुक्ति हुई है जो प्रोत्साहन राशि पहले थी वही प्रोत्साहन राशि आज भी है जबकि महंगाई कई गुना हो गया है अत: प्रोत्साहन राशि 2 गुना किया जाए। प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना जो आंगनबाड़ियों को दे दिया गया वह पुन: एवं आशा संगिनी को वापस किया जाए यह कार्य 2017 से आशा एवं संगिनी बहन वहन करती आ रही थी और अप्रैल 2024 में इसे आंगनबाड़ी को दे दिया गया है।यह बहने जो आशा एवं आशा संगिनी के पद पर कार्यरत थी बीमार व दुर्घटना की वजह से जिनकी समत मृत्यु हो गई उनके परिवार को आर्थिक महत्व दिया जाए तथा आशा की नियुक्ति में उनके परिवार को योग सदस्य की वरीयता दी जाए। आशा संगिनी बहनों का कार्य क्षेत्र बहुत बड़ा होता है इसलिए इनको इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी प्रदान किया जाए।


**लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स**

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोट: इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बंदरों के हमले में छत से गिरी महिला, मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव चकफेरी में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां बंदरों के अचानक हमले से छत से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव चकफेरी निवासी चमेली देवी पत्नी बाबूराम आज दिनांक 09 फरवरी 2026 को अपने भाई मुन्ना के मकान की छत पर बैठी हुई थीं। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब दो बजे अचानक बंदरों का एक झुंड छत पर पहुंच गया और उन्होंने महिला पर हमला कर दिया। बंदरों के अचानक हमले से घबराई चमेली देवी संतुलन खो बैठीं और छत से नीचे गिर गईं। छत से गिरने के कारण चमेली देवी के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतका चमेली देवी पिछले कुछ समय से गांव चकफेरी में अपने मायके में रहकर जीवन यापन कर रही थीं। बताया जाता है कि वह अपने भाई के परिवार के साथ रहती थीं और घरेलू कामकाज में सहयोग करती थीं। घटना के बाद गांव के लोगों में दहशत का माहौल है, क्योंकि क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सूचना मिलने पर थाना आदमपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में बंदरों के बढ़ते आतंक से निजात दिलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# घूसखोर पंडित के डायरेक्टर का पुतला फूंका

## ब्राह्मण समाज को अपमानित करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर में रहरा अड्डे पर फिल्म 'घुसरखोर पंडित' को लेकर विवाद गहरा गया है। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्विजय भाटी ने फिल्म के निर्देशक नीरज पांडे पर ब्राह्मण समाज को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

यूनियन ने कार्यकर्ताओं के साथ हसनपुर रहरा अड्डा पर फिल्म के निर्देशक नीरज पांडे का पुतला दहन किया। उन्होंने कहा कि फिल्म में समाज के एक विशेष वर्ग के प्रति आपत्तिजनक चित्रण किया गया है। जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा है। यूनियन के पदाधिकारियों ने सरकार और प्रशासन से इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज न करने की पुरजोर मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि फिल्म उत्तर प्रदेश के किसी भी सिनेमा हॉल में रिलीज की गई, तो भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ता सिनेमा हॉल के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे। इसके अलावा निर्देशक नीरज पांडे के आवास के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।ऐसी फिल्में जो धर्म या किसी जाति विशेष का अपमान करती हैं। उन पर तत्काल प्रतिबंध लगना चाहिये। पुतला दहन करने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी,नयन प्रधान, सोनू गुर्जर, अरविंद जाटव, कुलदीप भारती, सूरजपाल, जफर रजा, सुमित गुर्जर और अशोक पहलवान,रूम सिंह खड़कवंशी, यासीन अंसारी, आनंद गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं।



# नौकरी दिलाने के नाम पर ऐंठे पौने तीन लाख रुपये

## पीड़ित ने एसपी से लगाई कार्रवाई की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दिल्ली मेट्रो में टिकट कलेक्टर के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख 70 हजार रूपये ठग लिए। रूपये वापसी के नाम पर आरोपी द्वारा सौंपे गए दो चेक भी बाउंस हो गए। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं निवासी उमेशजीत सिंह के पुत्र रंजीत का आरोप है कि उसकी थाना धनौरा के गांव केसरा निवासी इकबाल के पुत्र नाजिम से जान पहचान थी। उसने डेढ़ वर्ष पूर्व दिल्ली मैट्रो में नौकरी लगवाने के नाम पर रंजीत से एक बार में एक लाख 10 हजार व दूसरी बार में एक लाख 60 हजार रूपये लिए। तीन लाख में नौकरी लगवाने की बात पक्की हुई, लेकिन तयशुदा समय में नौकरी नहीं लगी। जिस पर रंजीत ने आरोपी से पैसे मांगे तो उसने करीब आठ महीने बाद रंजीत को एक्सिस बैंक शाखा चांदपुर के दो चेक दिए, रंजीत ने दोनों चेक गजरौला की एक बैंक शाखा में लगाए तो पता चला कि दोनों चेक फर्जी हैं और जिस व्यक्ति के चेक हैं वह मृत हो चुका है। जिसके बाद रंजीत को ठगे जाने का अहसास हुआ। उसने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपी नाजिम के विरूद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए अपनी रकम दिलाने की गुहार लगाई।

# अज्ञात कैंटर से कुचलकर बुजुर्ग की मौत

## चालक पर मुकदमा, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना बछरायूँ क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर पट्टी निवासी सूरवीर सिंह की शनिवार देर रात सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। रविवार कि देर रात गिल हॉस्पिटल के पास एक आशय कैंटर ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए सूरवीर सिंह को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। घायल अवस्था में सूरवीर सिंह को एंबुलेंस द्वारा सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक के भूपेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि वाहन और चालक की तलाश की जा रही है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# कांवड़ियों की सुरक्षा को धनौरा रोड पर भारी वाहन डायवर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महाशिवरात्रि के पर्व पर कांवड़ लेकर आ रहे शिवभक्तों की सुरक्षा के द्रष्टिगत

**■ हरिद्वार से जल भरने जा रहे हैं कांवड़िए, लौटने का सिलसिला भी शुरू**

धनौरा बिजनौर मार्ग पर भारी वाहनों का डायवर्जन सोमवार की दोपहर से शुरू कर दिया। भारी वाहनों को बनाए गए प्लॉन के अनुसार निकाला जाएगा।

बता दें कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल भरकर लाते हैं। कांवड़ियों की संख्या इतनी ज्यादा होती है कि धनौरा मार्ग पर दूर दूर तक कांवड़िए ही कांवड़िए दिखाई देते हैं। यहां से ये कांवड़िए हसनपुर मार्ग और हाइवे से होकर अपनी मंजिल तक पहुंचते हैं। कांवड़ियों की सुरक्षा के द्रष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात का रूट तैयार किया है। इसी क्रम में सोमवार को दोपहर से धनौरा मार्ग पर भारी वाहनों का डायवर्जन किया गया। हाइवे पर भी भारी वाहनों का डायवर्जन होगा। भारी वाहनों को डायवर्ट करके तयशुदा मार्गो से निकाला जाएगा। महाशिवरात्रि से दो दिन पूर्व कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर धनौरा रोड पर जीरो ट्रैफिक की योजना भी अमल में लाई जाएगी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि धनौरा रोड पर भारी वाहनों का डायवर्जन कर दिया गया है।



# लेखपालों की समस्याओं का समाधान हो

## बैठक कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सोमवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप-शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें लेखपालों की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद लेखपालों ने एकजुट होकर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को अपनी मांगों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के त्वरित निस्तारण की अपील की। ज्ञापन में मुख्य रूप से लेखपाल व्रतपाल सिंह की बहाली की मांग उठाई गई। संघ का कहना है कि उन्हें निलंबित हुए लगभग 3 महीने बीत चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे समस्त लेखपालों में भारी रोष है। मांग की गई है कि उन्हें अति शीघ्र सवेतन बहाल किया जाए।लेखपालों ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में संचा. लित 'फार्मर रजिस्ट्री' योजना में शासन द्वारा कृषि, गन्ना और पंचायत विभाग के कर्मियों की भूमिका भी तय की गई है, लेकिन धरातल पर उनका सहयोग शून्य है। आईजीआरएस चुनाव कार्य और एग्री-स्टैक जैसे कार्यों के बीच लेखपालों पर अनावश्यक मानसिक दबाव बनाया जा रहा है, जिसे कम किया जाना चाहिये। नवनिर्मित तहसील परिसर में स्थित आवासीय भवनों के लिए इच्छुक लेखपाल आवेदन दे चुके हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान लेखपाल संघ के अध्यक्ष दीपक चौधरी, दिनेश सिंह, सतीश चंद्र, मुस्तकीम अली, मेहर सिंह राणा, पवन कुमार, केशव दत्त शर्मा, ललित कुमार और योगेश कुमार सहित कई लेखपाल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता बढ़ाता है रासेयो शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय

**■ रमाबाई महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर आयोजित**

सेवा योजना का प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन 'कौशल विकास हेतु युवा' विषय को ध्यान में रखकर किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता, सामा. जिक उत्तरदायित्व एवं सेवा-भावना का विकास करना था।

सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो.एमए गौरी ने किया। प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर समाज की वास्तविक समस्याओं से जोड़ती है। बताया कि रासेयो के माध्यम से छात्र/छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सहयोग की भावना एवं सामाजिक चेतना का विकास होता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता अग्रवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, आदर्श वाक्य तथा मूल भावना के बारे में विस्तार से बताया तथा उन्हें राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। वहीं दूसरे सत्र में शिविरार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली का भी निकाली। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ.अजीता रानी, डॉ. मनमोहन वर्मा, डॉ. नेहा अग्रवाल, मेराज हसन, चमन सिहं, हरपाल सिहं, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।




## वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन



**गजरौला।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिहाली जागीरमें आरबीआई के वित्तीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के सहयोग से सोमवार को एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्रिसिल फाउंडेशन से सीनियर एरिया मैनेजर वासिफ अली, केंद्र प्रबंधक विजेंद्र सिंह, एफसी संजयपाल एवं ब्रजमोहन सिंह के द्वारा आरबीआई की एफएलडब्लयू थीम 'केवाईसी सुरक्षित बैंकिंग की और आपका पहला कदम' के अंतर्गत केवाईसी, सीकेवाईसी, खाता स्वच्छता एवं अनुशासन के साथ ही भारत सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने ग्राहकों की केवाईसी, सीकेवाईसी अपडेट की गई।

# सरकारी बंजर जमीन पर बन रहा मकान

## बिना नक्शापास चल रहा निर्माण, डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर पालिका धनौरा क्षेत्र में ग्राम समाज की सरकारी बंजर जमीन पर बिना नक्शा पास कराए मकान बनाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर भाजपा सभासदों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

मामला मोहल्ला कटरा का बताया जा रहा है, शिकायतकर्ता सभासदों का आरा. ेप है कि जहां गाटा संख्या 879 की श्रेणी 5-3 की कृषि योग्य बंजर जमीन पर किसी व्यक्ति द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि न तो नगरपालिका से नक्शा पास कराया गया है और न ही किसी तरह की अनुमति ली गई है। इसके बावजूद निर्माण कार्य लगातार चलता रहा। सभासदों का कहना है कि नगरपालिका और हल्का लेखपाल की मिलीभगत से यह काम हो रहा है। शिकायत पहले भी नगरपा. लिका और जिला प्रशासन से की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। भाजपा सभासद राजू बादशाह ने कहा कि धनौरा में ऐसे कई मकान बिना नक्शा पास कराए बन रहे हैं। सरकारी जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने मांग की कि मामले की ईमानदार जांच कराकर निर्माण रोका जाए और जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए। शिकायत पर सभासद पुष्पा देवी, सभासद संतोष देवी, पूर्व सभासद सतीश कुमार और राजेंद्र कुमार के भी हस्ताक्षर हैं। सभी ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

# महाशिवरात्रि पर छह सैक्टरों में बांटा धनौरा

## कांवर यात्रा व मेले को लेकर प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तहसील प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव के निर्देश पर तहसील क्षेत्र को छह सेक्टरों में विभाजित करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गई है। 11 फरवरी से 15 फरवरी तक हरिद्वार एवं ब्रजघाट से कांवड़ लेकर लौटने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। पत्थरकुटी शिव मंदिर धनौरा पर तहसीलदार मूसाराम थारू, चांदपुर-धनौरा मार्ग पर डॉ. भागेश पशु चिकित्सा अधिकारी, रजबपुर-गजरौला मार्ग चोपला तक नायब तहसीलदार योगेश लोधी, गजरौला-भानपुर मार्ग चोपला तक चकबंदी अधिकारी पंकज कुमार, धनौरा-गजरौला मार्ग चोपला तक पशु चिकित्सा अधिकारी अतुल राजपूत तथा गजरौला-दिल्ली मार्ग और शिव मंदिर ग्राम चौकी खेड़ा मेले में नायब तहसीलदार राज्यपाल सिंह को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।



# पशुशाला में आग से चार मवेशियों की मौत

## जन्मदिन की खुशी में छोड़ी आतिशबाजी से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सलारा मे बीती रात को एक तरफ जोगिंदर पुत्र मलखान के परिवार के लोग जन्मदिन की खुशी पर रंग बिरंगे गोला छोड़ रहे थे। वहीं दूसरी तरफ इस दौरान बारूद की चिंगारी से छप्पर के घर में आग लग गई।आग विकराल रूप में आ गई ओर पशुशाला में बंध रहे पांच पशुओं में से चार पशुओं की मौके पर बुरी तरह झुलसकर मौत हो गई।जबकि एक पशु गंभीर अवस्था में है गांव निवास पूरन पुत्र सूरजपाल ने बताया है कि वह गन्ना लेकर चीनी मिल गए थे उसके बच्चे घर पर थे। पशुशाला में बंध रहे पशुओ के छप्पर में आग पटाखे की चिंगारी से आग लग गयी। जिसकी चपेट में आकर चार पशुओं की मौत हो गई। शोर शराबा सुनकर मौके की ओर पहुंचे लोगों ने कड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक किसान पूरन के चार पशुऔ की मौत हो चुकी थी एवं घर का सामान जलकर नष्ट हो गया था। घटना की सूचना के बाद भी पशु विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा नहीं लिया।आग इतनी भयंकर थी कि उसमें बंधे सभी चार पशु आग से झुलसकर मौके पर ही मौत का शिकार हो गए। इस मामले में पशु स्वामी पूरन पुत्र सूरजपाल ने थाने में तहरीर दे दी है।



## वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** स्टार लाइन पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। समारोह में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिवेणी शुगर मिल चंदनपुर खादर के उपाध्यक्ष (शुगर) आमोद कुमार शर्मा रहे। उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों की सराहना करते हुए बच्चों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष (शुगर) आमोद कुमार शर्मा एवं उस्मान सैफी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक असलम अली, प्रधानाचार्य दौलतराम, शिक्षकगण ब्रजपाल, प्रदीप, अशोक, महेंद्र, राधिका, मीनू, बरीशा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# गन्ना वैरायटी जांच रिपोर्ट पर भड़के किसान

## 24 को घेराव व जाम की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन असली की बैठक गन्ना विकास परिषद कार्यालय पर हुई, जिसमें गन्ना वैरायटी 05009 व 05011 की जांच रिपोर्ट को लेकर किसानों में भारी नाराजगी दिखी। किसानों ने बताया कि ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक से पूरी जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया था, लेकिन वे मौके पर नहीं पहुंचे। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों द्वारा जो रिपोर्ट दिखाई गई, वह आधी-अधूरी थी, जिससे किसान आक्रोशित हो गए।

जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने आरोप लगाया कि जिलाधिकारी द्वारा बनाई गई जांच रिपोर्ट से कुछ नाम हटाए गए हैं और जो रिपोर्ट दिखाई जा रही है, वह मिल मालिकों को फायदा पहुंचाने वाली है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को गवाह बताया गया है, उन्होंने खुद कहा कि उनके सामने कोई जांच नहीं हुई। गन्ना विकास परिषद द्वारा सैंपल के रूप में 05009 और 05011 की वैरायटी भी नहीं दिखाई जा सकी। मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने कहा कि अगर 23 फरवरी तक दोनों वैरायटी की पूरी और सही जांच रिपोर्ट किसानों के सामने नहीं रखी गई तो 24 फरवरी को गन्ना विकास परिषद कार्यालय का घेराव कर स्टेट हाईवे जाम किया जाएगा।बैठक में नरेश कुमार, जसपाल गिल, खेचेडू सिंह, इश्तियाक अल्वी, फतेह सिंह, प्रकाश देव शर्मा, टीकम सिंह, श्याम बली यादव, राजेंद्र यादव, बचन सिंह, जगदीश यादव, ओमवीर सिंह, तुलाराम सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, जुल्फिकार मलिक, राजीव त्यागी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



# शादी समारोह में महिलाओं से छेड़छाड़ को लेकर विवाद

## बाद में दोनों पक्षों के बीच हुआ फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के एक मोहल्ले में शादी समारोह के दौरान महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़ को लेकर विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट की नौबत आ गयी। मारपीट की घटना में चार युवक घायल हो गए। घटना से अफरातफरी का माहौल बन गया। घायलों को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई, हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच में फैसला हो गया। वहीं घटना से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बता दें कि नगर के मोहल्ला तिगरिया भूड़ में एक शादी समारोह के दौरान यह घटना हुयी। बताया जा रहा है कि महिलाओं से छेड़छाड़ को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो डीजे पर डांस के दौरान और भी बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि बाद में दोनों पक्षों ने पुलिस को एक दूसरे के विरूद्ध कोई कार्रवाई न करने की बात लिखित रूप में दी और फैसला कर लिया। वहीं यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# सपा ने योगी सरकार पर लगाया जनसरोकारों की अनदेखी का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण से पूर्व विपक्षी दलों के विधायकों ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के विधायकों ने हाथों में प्लेकार्ड लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के एमएलसी आशुतोष सिन्हा साइकिल से विधानसभा पहुंचे। उनकी साइकिल के आगे राज्य माता अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीर लगी हुई थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राज्यपाल के माध्यम से 'झूठ का पुलिंदा' पेश करने जा रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सदन में शिक्षक, किसान, नौजवान, बुनकर और कर्मचारियों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों को मजबूती से उठाएगा। आशुतोष सिन्हा ने मणिकर्णिका घाट पर अहिल्याबाई होल्कर की मूर्तियां तोड़े जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार इस घटना को नकार रही है। सपा विधायक राकेश वर्मा ने प्रदेश सरकार पर जनसरोकारों के मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं, महंगाई चरम पर है और स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल स्थिति में हैं। उन्होंने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में अराजकता का माहौल बना हुआ है। विपक्षी दलों के प्रदर्शन के चलते विधानसभा परिसर में कुछ देर तक राजनी. तिक गहमागहमी बनी रही, हालांकि बाद में सदन की कार्यवाही राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हुई।

### ट्रक की चपेट में आकर दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में हिन्दुआरी तिराहे के पास रविवार देर रात ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने सोमवार को बताया कि हादसा रात करीब 11 बजे उस समय हुआ जब दयाशंकर सिंह और कमला सिंह पुत्रगण सोमरू निवासी तिलया तथा प्रेम सिंह पुत्र केदार सिंह निवासी हिन्दुआरी एक ही मोटरसाइकिल से राबर्ट्सगंज से मधुपुर स्थित अपने घर की ओर जा रहे थे। हिन्दुआरी तिराहे के समीप पहुंचने पर उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही।

# लापता दरोगा का शव अयोध्या में सरयू नदी से बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में परशुरामपुर थाने में तैनात सबइंस्पेक्टर अजय गौड़ का शव अयोध्या जनपद में सरयू नदी से बरामद किया गया है। वह गत 5 फरवरी से लापता थे।

अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत ने सोमवार को बताया कि सबइंस्पेक्टर अजय गौड़ 5 फरवरी की शाम से लापता हो गए थे। उनकी तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। उनका अंतिम मोबाइल लोकेशन तथा मोटरसाइकिल अमहट घाट के पास मिला था। प्रारंभिक आशंका के आधार पर कुंआनो नदी में गोताखोरों और एनडीआरएफ की टीम की मदद से तलाश अभियान चलाया गया, लेकिन 48 घंटे तक कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद आसपास के जनपदों में भी खोजबीन की जा रही थी। उन्होंने बताया कि रविवार देर शाम अयोध्या पुलिस से सूचना मिली कि सरयू नदी के रामपुर हलवारा माझा क्षेत्र में वर्दीधारी पुलिसकर्मी का शव मिला है।

सूचना पर बस्ती पुलिस टीम अयोध्या पहुंची, जहां शव की पहचान लापता सबइंस्पेक्टर अजय गौड़ के रूप में की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामले के खुलासे के लिए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जांच की जा रही है और शीघ्र ही तथ्यों को स्पष्ट किया जाएगा। मृतक अजय गौड़ मूल रूप से देवरिया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के मूड़ाडीहा गांव के निवासी थे। उनके छोटे भाई अरुण कुमार गौड़ झांसी में अपर जिलाधिकारी के पद पर तैनात हैं। गौरतलब है कि 5 फरवरी को थानाध्यक्ष के अवकाश पर होने के कारण परशुरामपुर थाने का प्रभार अजय गौड़ के पास था। वह शाम करीब चार से पांच बजे के बीच अपनी मोटरसाइकिल से बिना किसी को बताए निकले थे। देर रात तक वापस न लौटने पर उनकी पत्नी रंजीता गौड़ ने संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन मोबाइल फोन बंद मिला। इसके बाद पुलिस महकमे को सूचना दी गई और खोजबीन शुरू की गई। उनकी मोटरसाइकिल बाद में कुंआनो नदी के तट पर मिली थी। परिजनों ने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## लापता सुरक्षाकर्मी का शव पेड़ से लटका मिला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में चार दिन से लापता सुरक्षा कर्मी राकेश मिश्रा का शव सोमवार को नैनी क्षेत्र में रेलवे ओवरब्रिज के समीप पेड़ से लटका मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार कौंधियारा थाना क्षेत्र निवासी राकेश मिश्रा उर्फ गुड्डू (38) नैनी स्थित गंगा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इकाई में एक निजी सुरक्षा कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। वह पांच फरवरी को ड्यूटी पर पहुंचे थे, जहां उनकी मोटरसाइकिल खड़ी मिली थी।

बाइक की डिग्गी से एक कथित सुसाइड नोट भी बरामद हुआ था, जिसमें आत्महत्या करने तथा 57 लाख रुपये के लेन-देन का उल्लेख था। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट नैनी कोतवाली में दर्ज कराई थी।

बाइक मिलने के बाद पुलिस ने यमुना नदी में गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलाया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला था। सोमवार को नैनी लेप्रोसी चौराहे के पास रेलवे ओवरब्रिज के समीप पेड़ से शव लटकता मिलने की सूचना परिजन को मिली। परिजन शव को नीचे उतारकर स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय ले गए, जहां से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। नैनी कोतवाली प्रभारी सीपी सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और पूरे मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है।

# जनपदीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ, डीएम ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत विद्यालथयों की जनपदीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, अमेठी में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला. धिकारी संजय चौहान ने प्रतिभागी बच्चों के मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया।



इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी वीर भानु सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि द्वारा कबूतर एवं गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाते हुए अनुशासन, नियमों के पालन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का संदेश दिया। उन्होंने 400 मीटर बालक एवं बालिका दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता की शुरुआत कराई। दौड़ प्रतियोगिता में मोहित व प्रतीक्षा ने प्रथम, अमन व ख्रष्टि ने द्वितीय तथा अभिषेक व दिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, दौड़, योग एवं व्यायाम सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल (बालिका वर्ग) में जगदीशपुर विजेता तथा भेंटुआ उपविजेता रहा, जबकि पी.टी. प्रतियोगिता में भादर विजेता एवं जगदीशपुर उपविजेता बना। जिला बेसिक शिक्षा अधिक. ारी संजय तिवारी ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन और टीम भावना को मजबूत करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की कुल्हाड़ी से हत्या की

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के भरथना थाना क्षेत्र के पड़ियापुर गांव में एक व्यक्ति की कथित रूप से उसकी पत्नी और उसके प्रेमी ने कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पत्नी अपनी दो वर्षीय पुत्री को लेकर फरार हो गई है। पुलिस अधीक्षक (देहात) श्रीश चंद्र ने सोमवार को बताया कि 45 वर्षीय रनवीर सिंह यादव की तड़के उनके घर में धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। सूचना पर पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य संकलित किए। हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई है। परिजनों का आरोप है कि रनवीर की पत्नी पूजा का अर्पित नामक युवक से प्रेम संबंध था। इसी को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। मृतक के भाई के अनुसार रनवीर की शादी वर्ष 2018 में मथुरा जनपद के वृंदावन निवासी पूजा से हुई थी। दंपति की दो पुत्रियां हैं। घटना के बाद पत्नी एक बच्ची को साथ लेकर फरार हो गई, जबकि दूसरी बच्ची ननिहाल में बताई गई है। पुलिस अधीक्षक (देहात) ने बताया कि आरोपों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

### मतदाता सूची से नाम काटे जाने का आरोप, कांग्रेस ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर।** जौनपुर में मतदाता सूची से नाम काटे जाने के आरोप को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से मिलकर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि विभिन्न स्थानों पर कुछ लोगों द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) पर दबाव बनाकर कथित रूप से मतदाताओं के नाम सूची से हटवाने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ- सिंह ने कहा कि जाति विशेष एवं गैर-भाजपाई मतदाताओं के नाम साजिशन फार्म-7 के माध्यम से कटवाने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की, ताकि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो सके। प्रतिनिधिमंडल में शहर अध्यक्ष आरिफ खान, सत्यवीर सिंह, राकेश सिंह 'डब्बू', इरशाद खान, जयप्रकाश मिश्रा, आरिफ सलमानी, जय मंगल यादव, अनिल सोनकर, होजैफा खान, अधिवक्ता शैलेंद्र यादव समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### महाशिवरात्रि से पहले लोधेश्वर महादेवा में उमड़ने लगे कांवरिये

**बाराबंकी।** महाशिवरात्रि पर्व नजदीक आते ही बाराबंकी स्थित प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा मंदिर में कांवरियों का आगमन शुरू हो गया है। मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर कंधों पर रंग-बिरंगी कांवर और पैरों में घुंघरू बांधे श्रद्धालु 'बम भोले' के जयघोष के साथ पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु कानपुर के बिठूर से गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक एवं श्रृंगार करते हैं और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करते हैं। कांवरियों का मानना है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई मुराद पूरी होती है। कानपुर, इटावा, अमेठी, सीतापुर, उरई, जालौन और उन्नाव सहित विभिन्न जनपदों से श्रद्धालु पैदल यात्रा कर लोधेश्वर महादेव पहुंच रहे हैं। कुछ श्रद्धालु महाशिवरात्रि से पूर्व ही जलाभिषेक कर लौट जाते हैं, जबकि कई भक्त शिवरात्रि के दिन चार पहर की पूजा के लिए रुकते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा मार्ग में स्थान-स्थान पर पंडाल लगाकर भोजन और विश्राम की व्यवस्था की गई है। महाशिवरात्रि नजदीक आने के साथ ही क्षेत्र में धार्मिक उत्साह बढ़ता जा रहा है।

### भाजपा के केंद्रीय प्रशिक्षण टोली में शामिल किए गए सांसद शशांक मणि त्रिपाठी

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया सदर से सांसद शशांक मणि त्रिपाठी को भारतीय जनता पार्टी के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' की केंद्रीय प्रशिक्षण टोली का सदस्य नामित किया गया है। वह विभिन्न राज्यों में जोनल टीम के साथ समन्वय कर कार्य करेंगे। भाजपा जिला इकाई के पदाधिकारियों ने इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण दायित्व बताया है। सांसद त्रिपाठी ने केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जिम्मेदारी सौंपे जाने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी-एल- संतोष, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश तथा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण महाअभियान के तहत देश के लगभग 17 हजार मंडलों में संगठनात्मक सुदृढ़ता के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य संगठनात्मक विस्तार और कार्यकर्ता प्रशिक्षण को मजबूत करना है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' के विचार से प्रेरित रहे हैं और इसी विषय से संबंधित 'मानवतावादी अर्थशास्त्र' पर शोध कार्य भी कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत वह ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम तथा अंडमान-निकोबार में जोनल टीम के साथ कार्य करेंगे।

### प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर छेड़छाड़ का आरोप, हिरासत में

**वाराणसी।** वाराणसी में शिवपुर थाना क्षेत्र के पिसौर स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप के बाद सोमवार को ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की और आरोपित प्रधानाध्यापक को हिरासत में ले लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक कक्षा चार की छात्राओं के साथ अनुचित व्यवहार करते थे तथा अशोभनीय टिप्पणी करते थे। इसको लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्यालय पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानाध्यापक को एक कमरे में बंद कर दिया। सूचना पर पुलिस उपायुक्त (वरुणा जोन) प्रमोद कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त (कैंट) नितिन तनेजा, सहायक पुलिस आयुक्त (रोहनिया) संजीव शर्मा समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने समझा-बुझाकर ग्रामीणों को शांत कराया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों की ओर से लगाए गए आरोपों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बैठक कर बनाया पदयात्रा का मास्टर प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से आज अमेठी के राजीव गांधी सभागार में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की।




बैठक में 40 सदस्यीय टीम के साथ जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, फ्रंटल संगठनों, विभागों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में 13 फरवरी 2026 को प्रस्तावित 15 किलोमीटर लंबी पदयात्रा की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। यह पदयात्रा तिलोई विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की जाएगी, जिसमें गांव-गांव जाकर मनरेगा के मुद्दे पर जनजागरूकता फैलाई जाएगी। पदयात्रा के दौरान ग्राम पंचायतों में चौपालें, बाजार-हाट में नुक्कड़ सभाएं तथा जिला एवं तहसील मुख्यालय पर समापन कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। पदयात्रा का रूट चार्ट लगभग तैयार कर लिया गया है, जिसे शीघ्र अंतिम रूप पर कार्यक्रम ख पदयात्रा पदयात्रा तिलोई विधानसभा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अहोरवा भवानी से प्रारंभ होगी। यह पदयात्रा शिव रिसॉर्ट पनहौना, जयनगरा, फत्तेपुर, इसलामगंज होते हुए मऊ मेडिकल कॉलेज के मार्ग से तिलोई पहुंचेगी। इसके पश्चात पदयात्रा का समापन मोहनगंज में किया जाएगा। जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर कर रही है। कांग्रेस पाटह्न इसके खिलाफ जन-जन की आवाज बनकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर इस अभियान को ऐतिहासिक सफलता दिलाएं।

बैठक में मनरेगा प्रभारी रामलखन शुक्ला, प्रवक्ता अनिल सिंह, महिला जिला अध्यक्ष ममता पाण्डेय, युवक कांग्रेस अध्यक्ष शुभम सिंह, एनएसयूआई अध्यक्ष सुमित तिवारी, अल्पसंख्यक प्रभारी सैयद, विधानसभा प्रभारी अशोक शुक्ला, सवेश सिंह, अजहरुल हक, सुनील सिंह सहित सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रभारीगण उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठनात्मक एकता और संघर्ष के संकल्प के साथ किया गया।

### पेड़ से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक बाइक के पेड़ से टकरा जाने से उस पर सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार जमालपुर निवासी विवेक मौर्य (22) पुत्र वीरेंद्र मौर्य तथा अब्बास अली (23) पुत्र हसनैन अली रविवार रात करीब 11 बजे नारायणपुर से एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। रानीबाग-जमालपुर मार्ग पर जयापट्टी गांव के पास उनकी बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। तेज रफ्तार के कारण दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# दालमंडी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान झड़प

### व्यक्ति ने दुकान में लगाई आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी में दालमंडी मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए सोमवार को चल रही ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान एक दुकान मालिक ने विरोध स्वरूप अपने मकान के ऊपरी हिस्से में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी।

संकरी गली में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई, हालांकि आग पर शीघ्र काबू पा लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) गौरव बंसवाल ने बताया कि ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान एक व्यक्ति ने अपनी दुकान के छज्जे पर तेल छिड़ककर आग लगा दी और मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। भीड़ को हटाने के लिए लगातार उद्घोषणा कर क्षेत्र खाली कराया गया। उल्लेखनीय है कि दालमंडी में मार्ग चौड़ीकरण को लेकर दुकानदारों और मकान मालिकों द्वारा विरोध किया जाता रहा है। इस चरण में 21 भवनों को ध्वस्त किया जाना है। प्रशासन के अनुसार पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के बीच न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही कार्रवाई की जा रही है। अवरोध उत्पन्न करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीक्षण अभियंता के-के- सिंह ने बताया कि जिन भवन स्वामियों को मुआवजा दिया जा चुका है, संबंधित पक्षों को पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे। करीब 650 मीटर लंबे इस मार्ग को लगभग 17-5 मीटर चौड़ा किया जाना प्रस्तावित है। विभाग के अनुसार कुल 187 भवन चिन्हित किए गए हैं। चौड़ीकरण के बाद क्षेत्र में यातायात सुगम होने तथा काशी विश्वनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

# महाशिवरात्रि पर देशभर के 18 मंदिरों से काशी विश्वनाथ के लिए पूजन सामग्री प्रेषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की पहल पर इस वर्ष देशभर के प्रमुख मंदिरों की सहभागिता देखने को मिल रही है। विभिन्न राज्यों के कुल 18 मंदिरों से बाबा विश्वनाथ के लिए श्रद्धा स्वरूप श्रृंगार एवं पूजन सामग्री भेजी गई है।

मंदिर न्यास के कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने सोमवार को बताया कि मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मस्थली से भगवान श्री काशी विश्वनाथ महादेव के लिए महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में उपहार सामग्री प्रेषित की गई है। इसके अतिरिक्त श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, जम्मू से भी उपहार सामग्री प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु के कई प्रतिष्ठित मंदिरों से भी सहभागिता के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें चिदंबरम मंदिर, मदुरई मीनाक्षी अम्मन मंदिर, द्रौपदी अम्मन मंदिर, थिरुकंडेश्वरम मंदिर, सबनायांगर मंदिर, पेरिया नयागी अम्मन मंदिर, संगारी काली अम्मन मंदिर, वेदा अघोरपुरेश्वर मंदिर तथा कुमारगुरु परमेश्वर मंदिर प्रमुख हैं। इसके अलावा मुंबई के श्री सिद्धिविनायक मंदिर से भी उपहार प्रेषित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इस प्रकार महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 18 मंदिरों की ओर से भगवान श्री विश्वनाथ के लिए श्रद्धा सामग्री भेजी जा रही है। मंदिर न्यास ने सभी सहभागी मंदिरों के प्रबंधन, पुजारियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। न्यास ने यह भी कहा है कि भविष्य में संबंधित मंदिरों के प्रमुख पर्वों के अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर से भी श्रद्धा स्वरूप उपहार प्रेषित किए जाएंगे। न्यास के अनुसार इस प्रकार की पहल सनातन परंपरा के अंतर्गत विभिन्न तीर्थों के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक समन्वय को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रयास है।

# प्रयागराज में बेलन नहर में गिरीं दो कारें, दो युवक लापता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र में रविवार देर रात बेलन मुख्य नहर में दो अनियंत्रित कारें गिर गईं। हादसे के समय दोनों वाहनों में कुल नौ लोग सवार थे, जिनमें से दो युवक लापता बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार नैनी से कोरांव क्षेत्र के घूघा गांव में एक बारात में शामिल होने जा रहे कार सवार बढ़वारी कला गांव के पास कोरांव-ड्रमंडगंज मार्ग पर बेलन नहर की पुलिया के मोड़ पर नियंत्रण खो बैठे और वाहन गहरे पानी में जा गिरे। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। पहली कार (किया) में शुभम शुक्ला, सौरभ गौतम (रीवा), संदीप कुमार (आजमगढ़) और विशाल मौर्य (जौनपुर) सवार थे, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। दूसरी कार (आई-टेन) में प्रदीप कुशवाहा, अनूप कुमार, वसीम (गाजीपुर), अंशू (गाजीपुर) और रोहित कुमार (बलिया) सवार थे। इनमें प्रदीप कुशवाहा और अंशू के लापता होने की सूचना है। बताया गया है कि सभी कार सवार शुभम शुक्ला के मित्र हैं और एक साथ बारात में जा रहे थे। शुभम शुक्ला की बारात नैनी से घूघा गांव स्थित विजय कुमार पांडेय के यहां जा रही थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कोरांव थाना प्रभारी राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों कारों को जेसीबी की मदद से रात करीब एक बजे तक नहर से बाहर निकाल लिया गया है।

### प्रयागराज में स्कूली छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में स्कूली छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। किशोरी घर के भीतर फांसी के फंदे से लटकी मिली। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पूरामुफ्ती क्षेत्र के शेखसरवा गांव निवासी शिव बाबू की पुत्री दीपाली (14), जो आठवीं कक्षा की छात्रा थी, रविवार रात घर के अंदर फंदे पर लटकी मिली। परिजनों ने उसे तत्काल नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि पिता की डांट से नाराज होकर किशोरी ने आत्महत्या की। वहीं, छात्रा से जुड़े एक युवक ने आरोप लगाया है कि घटना से पहले उसके सामने किशोरी के साथ मारपीट की गई थी, जिससे मामला संदेह के घेरे में आ गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, लेकिन कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरामुफ्ती थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं और युवक के आरोपों को भी गंभीरता से लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राजकीय किशोर संप्रेक्षण गृह से पांच किशोर हुए फरार, पुलिस ने दो को किया बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र अंतर्गत फकीरपुरा स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर से बीती 7/8 फरवरी की रात सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई, जब यहां से पांच किशोर बंदी फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो किशोरों को बरामद कर लिया है, जबकि शेष तीन की तलाश लगातार जारी है। राजकीय किशोर संप्रेषण गृह के प्रभारी अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी द्वारा थाना सिविल लाइन में दी गई तहरीर के अनुसार, रविवार रात संप्रेक्षण गृह में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुमित कुमार व रोंि. हत, सिपाही रविंद्र कुमार तथा होमगार्ड केशव कुमार, महेश पाल सिंह और आदेश कुमार सुरक्षा



ड्यूटी पर तैनात थे। रात में पांचों किशोरों ने अपने कमरे का ताला तोड़ा, छत पर चढ़े और वहां से कूदकर फरार हो गए।फरार किशोरों में दो अमरोहा जनपद के थाना धनौरा क्षेत्र के, दो उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के आईटीआई थाना क्षेत्र के तथा एक किशोर मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी अधीक्षक ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। इसके बाद संप्रेक्षण गृह के कर्मचारियों और पुलिस टीमों ने आसपास के इलाकों में सघन तलाश अभियान चलाया, हालांकि शुरुआती घंटों में कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंग. वार ने बताया कि फरार हुए पांच किशोरों में से दो किशोरों को पुलिस ने बरामद कर लिया है, जो थाना धनौरा क्षेत्र के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि शेष तीन किशोरों की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही फरार तीनों किशोरों को भी सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।फिलहाल इस घटना के बाद संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं, जिनकी पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

# धूमधाम से मनाई माता जानकी की जयंती

**चंदौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में माता जानकी की जयंती छोटे लाल कालोनी स्थित शिब शान्ति आदर्श जूनियर हाई स्कूल में धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र एवं सभी मातृ शक्ति ने माता जानकी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर रोली चावल से माता जानकी एवं लव कुश का तिलक कर पूजन किया।

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने जानकी जी जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माता जानकी जी (माता सीता जी) हिन्दू धर्म में पूज्यनीय देवी हैं। जिन्हें लक्ष्मी जी का अवतार माना जाता है। आपके पति भगवान श्री राम हैं। आपके पिता राजा जनक हैं। माता जानकी जी आदर्श स्त्री, पवित्रता की प्रतिमूर्ति हैं। माता जानकी जी का जन्म आज ही के दिन त्रेता युग में मिथिला के राजा जनक के द्वारा खेत में हल जोतने से धरती से हुआ था। क्योंकि हल की नोक को सीत बोला जाता है इसलिए आपका नाम सीता पड़ा और जनक की पुत्री होने के कारण जानकी कहा जाता है। प्रभु श्री राम के अश्वमेघ यज्ञ के घोड़ों को लव कुश द्वारा पकड़ा गया और श्री हनुमान जी से युद्ध हुआ जिसमें लव कुश द्वारा उन्हें बंधक बना लेने पर प्रभु श्री राम पहुंचे और लव कुश से युद्ध हुआ। तभी माता जानकी जी के आगमन पर दोनों को पता चला कि प्रभु श्री राम जी ही उनके पिता है। माता जानकी जी को प्रभु श्री राम जी ने अयोध्या चलने के लिए कहा तभी धरती फटी और माता जानकी जी उसमें समा गई।

अध्यक्षता करते हुए राजेश कुमार, संचालक ममता मौर्य, विशिष्ट अतिथि श्री मति अलका सक्सैना,वाणी वार्ष्णेय, यशोदा, रेनू कुमारी, आरती, भावना, डिम्पल, भूमिका वार्ष्णेय, करिश्मा, प्रियंका, निधि, काजल, पूर्वी ने विचार व्यक्त किए।

## एक नजर

### डीआईजी मुनिराज जी ने पुलिस इकाइयों का किया वार्षिक निरीक्षण



**मुरादाबाद।** सोमवार को डीआईजी मुनिराज जी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ स्थानीय अभिसूचना इकाई, जिला/नगर नियंत्रण कक्ष तथा यूपी-112 का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखाओं के अभिलेखों की गहनता से जांच की गई और उनके अद्यतन व सुव्यवस्थित रख-रखाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।डीआईजी ने स्थानीय अभिसूचना इकाई में सूचनाओं के संकलन, विश्लेषण एवं समयबद्ध प्रेषण की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था से जुड़े इनपुट्स को सटीक और त्वरित रूप से उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाए, ताकि किसी भी संभावित स्थिति पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। जिला/नगर नियंत्रण कक्ष के निरीक्षण के दौरान कॉल रिस्पॉन्स सिस्टम, रिकॉर्ड संधारण और समन्वय व्यवस्था का परीक्षण किया गया। उन्होंने आमजन से प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया।यूपी-112 के निरीक्षण में डायल-112 सेवा की कार्यप्रणाली, रिस्पॉन्स टाइम और संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। डीआईजी ने निर्देश दिए कि आपात स्थितियों में मौके पर शीघ्र पहुंच सुनिश्चित की जाए तथा सभी अभिलेख नियमित रूप से अद्यतन रखे जाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने अधिकारियों को निर्देशों के अनुपालन का आश्वासन दिया। निरीक्षण का उद्देश्य पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितैषी बनाना रहा।

### केवल 800 मी चौड़ीकरण रुकने से अव्यवस्था हाबी, कांवड़ियों को भी पड़ेगी इससे परेशानी



**कांठ ( शाह टाइम्स )** केवल 800 मीटर सड़क का चौड़ीकरण रोक दिए जाने से अव्यवस्था हावी हो गई है रिक्शा चालक भी सड़क किनारे रिक्शा खड़ी करके जाम लगने का कारण बन रहे हैं। और यह व्यवस्था अब कावड़ियों के लिए भी परेशानी लेकर आने वाली है सभी जानते हैं कि सहसपुर से किसान तिराहा छजलैट तक सड़क का चौड़ीकरण होना था जो की रेलवे फाटक 432 बी तक हो गया।

मगर नगर में 800 मी चौड़ीकरण का काम रोक दिया गया जो महीनो से रुका हुआ है अब कावड़िया इस मार्ग से गुजरने वाले हैं लेकिन चौड़ीकरण ना होने के कारण यहां अव्यवस्थाएं हाबी हो रही हैं उधर बेखौफ रिक्शा चालक अपनी रिक्शाओं को सड़कों के किनारे सड़क पर ही खड़ी करके जाम को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं और यह व्यवस्था अब कावड़ के दौरान लोगों को भारी पड़ने वाली है। नगर पंचायत अध्यक्ष और तहसील बार एसोसिएशन ने भी इस सड़क को बनाए जाने का मुद्दा जिला अधिकारी के सामने रखा है और यदि समय रहते इस कार्य को पूरा नहीं किया गया तो इसकी वजह से कावड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार की भी अप्रिय घटना होने की पूरी संभावना है। नगर के लोगों ने कावड यात्रा से पहले इस सड़क का चौड़ीकरण पूर्ण कराने और रिक्शा चालकों पर लगाम कसे जाने की मांग उठाई है।

### फायर बॉल निर्माण को लेकर आज कांठ की विद्युत सप्लाई 10 से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगी बंद

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** बिजली घर पर फायर बाल निर्माण को लेकर आज कांठ से जुड़ी सप्लाई सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 तक बंद रहेगी उक्त जानकारी उपखंड अधिकारी द्वारा प्रेस को दी गई।

बताया गया कि मंगलवार को विद्युत उपकेंद्र कांठ पर पावर परिवर्तनों के मध्य फायर वाल का निर्माण किया जाएगा जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी इस कारण सभी 11हजार की विद्युत सप्लाई को बंद रखा जाएगा और उपकेंद्र से जुड़े सभी उपभोक्ता और किसानो की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने इस असुविधा के लिए लोगों से सहयोग की अपील की है।

### किसान भवन पर प्रदेश अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत 21 फरवरी की महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान



**कांठ ( शाह टाइम्स )** किसान भवन छजलैट में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव का भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कार्यकर्ताओं से किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की बताया गया कि 21 फरवरी को राकेश टिकैत द्वारा महापंचायत रखी गई है जिसको सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई और बड़ी संख्या में लोगों से महापंचायत में शामिल होने का आवाहन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जवर सिंह एवं संचालन चौधरी हरदीप बिश्नोई ने किया। इस मौके पर किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह अरविंद बिश्नोई रघुपाल सिंह दर्शन सिंह प्रिंस चौधरी ओमपाल सिंह अंश ढिल्लों महेश ठाकुर नजर अली बंटी ढाका परविंदर रामराज महिपाल सिंह सियाराम बिश्नोई पंकज कुमार आदि भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसानों का टोल फ्री नहीं किया गया तो करेंगे आंदोलन

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा पर सोमवार को चौधरी गुट के किसान नेता पहुंचे, किसान यूनियन चौधरी के चौधरी गुलबहार युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व इमरान जिलाध्यक्ष रामपुर ने टोल प्लाजा के कर्मचारियों को ज्ञापन देते हुए बताया कि किसान कार्यकर्ताओं को नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा से निकलने में दिक्कत होती है।

टोल कर्मी किसानों के आईकार्ड न मानकर मैसेज की मांग करते हैं, मैसेज के लिए टोल कन्ट्रोल रूम पर मोबाइल नंबर चढ़ाया जाए ताकि आगे को किसानों को टोल प्लाजा से निकलने में परेशानी न हो।

# टीएमयू के फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने मेडिकल की टीम को 108 रनों से रौंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की इंटरकॉलिजिएट चौंपियनशिप के तहत टी-20 के क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के उम्दा गेंदबाजों और बल्लेबाजों के सामने तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। फिजिकल एजुकेशन के बॉलर्स नें जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए मेडिकल कॉलेज की टीम को 108 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया। फिजिकल की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 186 रनों का विशाल स्कोर बनाया। फिजिकल एजुकेशन की ओर से अंकित कुमार ने असाधारण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 52 गेंदों पर 106 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इस शानदार शतकीय पारी में 12 चौके और 5 बेहतरीन छक्के शामिल रहे। अंतत: अंकित यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कॉलेज ऑफ मेडिकल की ओर से आबिद, रजत, अनुभव और राहुल सिंह ने विकेट तो जरूर हासिल किए, लेकिन वे फिजिकल एजुकेशन कॉलेज की तेज रन गति पर ब्रेक नहीं लगा सके। अब फाइनल मुकाबले में फिजिकल एजुकेशन कॉलेज और सीसीएसआईटी कॉलजे भिड़ेंगे। दूसरे सेमीफाइनल में सीसीएसआईटी कॉलेज ने पैरामेडिकल कॉलेज को 39 रनों से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। 187 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी कॉलेज ऑफ मेडिकल की टीम शुरुआत से ही दबाव में आ गई और नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के गेंदबाजों की सटीक लाइन और लेंथ के सामने मेडिकल कॉलेज की



बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। पूरी टीम मात्र 78 रन पर 13 ओवरों में ऑल आउट हो गई। मेडिकल कॉलेज का कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर टिककर बड़ी पारी खेलने में सफल नहीं हो सका। फिजिकल एजुकेशन की ओर से कृष्णा मोदनवाल ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 2 ओवरों में केवल 6 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। प्रत्युष द्विवेदी ने 1 ओवर में मात्र 2 रन देकर 2 विकेट लेकर मेडिकल कॉलेज की उम्मीदों पर पूरी तरह विराम लगा दिया। सैफ साबिर ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 रन देकर 1 विकेट हासिल किया, जबकि विजय गुप्ता और अभिषेक सगवान ने भी अहम विकेट चटकाकर विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। सीसीएसआईटी और पैरामेडिकल कॉलेज के बीच दूसरे सेमीफाइनल में सीसीएसआईटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवरों की समाप्ति पर अपने सभी विकेट खोकर 149 रन बनाए। सीसीएसआईटी की तरफ से सुशांत सिंह ने 25 गेंदों में 3 चौके और 1 छक्का की मदद से 34 रनों की पारी खेली। सीसीएसआईटी की ओर से सूरज ने 3 ओवरों में 2 विकेट अपने नाम किए। सीसीएसआईटी ने ये मुकाबला 39 रनों से जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।

मैन ऑफ द मैच का खिताब सीसीएसआईटी के सुशांत सिंह को मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पैरामेडिकल की टीम पूरे 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर महज 111 रन बना सकी। पैरामेडिकल की तरफ से मो. आमिर ने 29 गेंदों में 32 रन बनाकर सबसे बेहतरीन बल्लेबाज साबित हुए। अपनी पारी में मो. आमिर ने 3 चौके लगाए। पैरामेडिकल की तरफ से कैफ ने 3 विकेट अपने नाम किया। मैच में श्री जमाल और श्री सतेंद्र कुमार ने अंपायर, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी जय किशन, जॉय सैमुअल और सार्थक ने निभाई।

# पिनकोड अपडेट न होने से ग्रामीण परेशान, जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

**कांठ (शाह टाइम्स)।** तहसील बदलने के बावजूद डाक विभाग ने पिनकोड को अपडेट नही किया है ग्राम सलेमपुर खास को अमरोहा से हटाकर मुरादाबाद जिले की कांठ तहसील में शामिल हुए लंबा समय बीत चुका है, लेकिन तकनीकी रूप से गाँव आज भी पुराने पिनकोड 244221 की बेड़ियों में जकड़ा हुआ है। इस समस्या से निजाद पाने को गौहर हुसैन ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के साथ-साथ डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को ईमेल भेजकर इस विसंगति को दूर करने की मांग की है।

गौहर हुसैन का कहना है कि पिनकोड अपडेट न होने के कारण ग्रामीणों की डिजिटल पहचान संकट में है। आधार, पैन और बैंक जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में जिला मुरादाबाद होने के बावजूद पिनकोड अमरोहा का दर्ज होता है, जिससे डेटा मिसमैच की समस्या खड़ी हो जाती है। ड्राइविंग लाइसेंस और आधार अपडेट कराते समय पिनकोड 244501 को चुनते है तो उसमें सलेमपुर खास नहीं आता 244221 चुनते है तो सलेमपुर आता है परन्तु अमरोहा जिला चुन लेता है।

जिसकी वजह से ड्राइविंग लाइसेंस में दिक्कत आती है। गौहर हुसैन और अन्य ग्रामीणों ने डाक विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक से मांग की है कि ग्राम सलेमपुर खास का पिनकोड तत्काल बदलकर 244501 किया जाए। उन्होंने अपनी शिकायत में स्पष्ट किया है कि जब तक आधिकारिक रिकॉर्ड में सुधार नहीं होगा, तब तक ग्रामीणों को ऑनलाइन सेवाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा।

# गुरुद्वारा सिंह साहिब में माफी मांगने के बाद छात्र, कृपाण विवाद हुआ खत्म, छूटी परीक्षा भी दिलवाएगा कॉलेज प्रबंधन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** कृपाण के साथ परीक्षा केंद्र में न जाने देने का मामला आज गुरुद्वारा सिंह साहिब में माफी नामें के साथ ही खत्म हो गया कॉलेज प्रबंधन ने छात्र को परीक्षा दिलाए जाने का भी भरोसा सिख संगत को दिलाया है। बतादे की नगर निवासी सरनजीत डीएसएम डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है 27 जनवरी को उसकी परीक्षा थी आरोप है कि परीक्षा देने से पहले स्टाफ ने उसकी कृपाण उतरवायी लेकिन बाद में कृपाण लेकर आने को मना कर दिया छात्र 4 फरवरी को दूसरी परीक्षा देने पहुंचा तो कृपाण के साथ उसे स्कूल में प्रवेश नहीं होने दिया गया इसकी जानकारी मिलने पर सिख समाज के लोग कॉलेज पहुंचे और उन्होंने प्रोफेसर से इस संबंध में नाराजगी जताई। लेकिन इस कहासुनी के बीच छात्र की परीक्षा छूट गई सिख समाज ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया इसके बाद अगले दिन उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन जिला अधिकारी को देकर इस संबंध में कार्रवाई की मांग उठाई। जिला अधिकारी ने कुलपति को जांच टीम गठित कर इस प्रकरण की जांच कराए जाने के निर्देश दिए जांच टीम कांठ आई और उसने दोनों पक्षों के बयान लिए मगर तहसील दिवस में आए जिला अधिकारी से सिख समाज की संगत ने फिर



मुलाकात की और प्राचार्य एवं दोषी स्टाफ को निलंबन करने की मांग उठाई। बताया गया कि आज कुलपति ने आरोपित कॉलेज स्टाफ को बुलाकर समझाया इसके बाद प्राचार्य और प्रोफेसर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के साथ गुरुद्वारा सिंह साहिब पहुंचे और इस गलती के लिए उन्होंने लिखित में क्षमा मांगी और भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न होने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि छात्र के भविष्य को खराब नहीं होने देंगे, उसे फिर परीक्षा दिलाई जाएगी सिख समाज इस कार्यवाही पर संतुष्ट हो गया और उन्होंने वाहेगुरु का खालसा वाहेगुरु की फतेह के नारों के साथ ही इस प्रकरण को समाप्त किए जाने की घोषणा कर दी।

इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह साहब के संरक्षक सरदार कृपाल सिंह प्रधान सरदार कुलवंत सिंह सहित मुरादाबाद गुरुद्वारे से भी आए प्रधान और पदाधिकारी सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया नगर पालिका के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

## कोतवाली में सब कुछ औके, महिला सशक्तिकरण पर फोकस न बच पाए अपराधी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदौसी।** सोमवार को जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैसियां द्वारा चन्दौसी में अलग-अलग विभागों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सोमवार को जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैसियां अपने अमले के साथ कोतवाली पहुंचे। जहां सीओ मनोज कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर की मौजूदगी में पूरे थाने का वार्षिक निरीक्षण करते हुए अपराध रजिस्टार, एच0एस0 रजिस्टर, गुण्डा एक्ट रजिस्टर व सम्पत्ति विवाद से जुड़े रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए सीओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि कोई गुण्डा बचना नहीं चाहिए। सम्पत्ति विवादों को दोनों पक्षों की उपस्थिति में मामलों का निस्तारण करें व लम्बा न खीचें। साथ ही डीएम वार्षिक निरीक्षण करते हुए कोतवाली कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, महिला बैरक हवालात एवं इंस्पेक्टर कार्यालय, बाल कक्ष, महिला हैल्प डेस्क एवं निस्प्रयोज्य बैरकों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण पर फोकस होना चाहिए। साथ ही कार्यालय के बाहर मुख्य द्वारा पर उच्च क्षमता वाले कैमरे लगाये जाने। जिससे यदि कोई घटना घटित हो शीर्घ्र ही उसका प्रताड़ना करने वाला शीघ्र कैमरे की मदद से गिरफ्तार कर सके।

कोतवाली निरीक्षण के बाद डीएम राजेन्द्र पैसियां नगर पालिका परिषद पहुंचे जहां नगर पालिका टैक्स, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं नगर पालिका के विभिन्न कार्यालयों में अलग-अलग निर्देशित किया एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम को आवश्यक दिशा निर्देश, वहीं कोतवाली में रखरखाव रजिस्टरों की प्रशंसा की। कोतवाली की कार्य प्रणाली से संतुष्ट नजर आये।

उधर डीएम समस्त अधिकारियों के साथ तहसील परिसर पहुंचे वहां पर विभिन्न कार्यालयों में स्टॉक रूम, रजिर्स्ट्री ऑफिस, कम्प्यूटर कक्ष, रिकार्ड कक्ष एवं द्वितीय तल पर एसआईआर फार्म की स्थिति का अवलोकन कर जिलाधिकारी ने एसडीएम आशुतोष तिवारी को दिशा-निर्देश दिये वहीं तहसील में विशेष सफाई अभियान के साथ पेड़ों को चारों ओर रंग दिये और लोगों को ठहरने के लिए चबूतरा निर्माण कराया गया, जहां गमर्भ में लोगों को आराम मिल सके। उसके बाद निर्माणधीन उपजिलाधिकारी आवास का निरीक्षण किया एवं तहसील के द्वितीय तल की सफाई व्यवस्था को पहले सफाई करने के निर्देश दिये। पार्किंग स्थल भी तैयार किया जा रहा है जिसकी निरीक्षण डीएम द्वारा किया गया। उसके उपरान्त डीएम राजेन्द्र पैसिंया ब्लॉक बनियाखेडा पहुंचे जहां पर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। ब्लॉक प्रमुख डॉ0 सुगन्धा सिंह, बीडीओ ब्लॉक, पीओ नीरज सिंह एवं सभी सचिव मौजूद रहे। वहीं निस्प्रयोज्य बैरकों के संस्थान पर अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम को सफाई के निर्देश दिये। साथ ही सप्ताह में एक बार विशेष सफाई अभियान को कहा। कोतवाली में डीएम के अतिरिक्त एसडीएम आशुतोष



तिवारी, सीओ मनोज कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर, एसएस आई एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### ऑपरेशन स्माइल के तहत थाना बनियाठेर पुलिस ने गुमशुदा बच्ची को किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल अभियान के अंतर्गत त्वरित कार्रवाई करते हुए एक गुमशुदा बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस को बच्ची के लापता होने की सूचना मिलते ही टीम गठित कर तलाश अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि सबी मौहम्मद पुत्र बुन्दु खां निवासी ग्राम नसरौला थाना इस्लामनगर बदायूं ने थाना बनियाठेर पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया कि परिवार के साथ थाना बनियोठर के क्षेत्र में मौहल्ला मंशादेवी कस्बा नरौली में शादी में आया था, शादी समारोह से खेलते हुए उसकी बच्ची उम्र 3 वर्ष की कहीं गुम हो गयी थी। जिसको काफी तलाश किया परन्तु नहीं मिली। पुलिस ने टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं स्थानीय जानक. ारी के आधार पर पुलिस ने बच्ची का पता लगाकर उसे सुरक्षित बरामद किया। बरामदगी के बाद बच्ची को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, जिससे परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों ने पुलिस की तत्परता और मानवीय कार्य की सराहना की। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध सूचना पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं।

# डिवाइडर में लगे पेड़ों को पानी दे रहे टोल कर्मी को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सतुईया पट्टी गांव के पास सोमवार दोपहर मे एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर के बीच लगे पेड़ों में पानी लगा रहे टोल कर्मी को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर लगते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया।

मृतक परमानन्द गंगवार (50 वर्ष) पुत्र रोशन लाल गंगवार, गांव खिरका जगतपुर निवासी है। वह राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित टोल प्लाजा पर पांच साल से कार्यरत थे। सोमवार को वह टैंकर से डिवाइडर के बीच लगे पेड़ों में पानी लगा रहे थे, तभी मीरगंज की ओर से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि परमानन्द गंगवार की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसे से आक्रोशित परिजनों ने कुछ समय के लिए हाइवे जाम करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जाम नहीं लगने दिया।

हरिद्वार से झारखंड जा रहा था ट्रक चालक पुलिस ने ट्रक और शाहजहांपुर निवासी चालक प्रदीप को कब्जे में ले लिया है।मृतक अपने पीछे पत्नी जमुना देवी दो बेटी बंदना, मनु और एक बेटा आनंद को छोड़ गए हैं। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत के मामले में मृतक के भाई ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा फतेहगंज पश्चिमी थाने में दर्ज किया गया है।

मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव गूला निवासी संजू कुमार पुत्र नत्थू लाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई भगवानदास बीते पांच फरवरी को गांव के ब्रज किशोर के साथ बाइक से बरेली जा रहा था। रास्ते में राधा कृष्ण मंदिर के सामने सड़क किनारे अजय पाल को खड़ा देख भगवानदास ने बाइक की गति धीमी कर दी।

इसी दौरान रुहेलखंड डिपो की रोडवेज बस के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए विपरीत दिशा से आकर बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में भगवानदास, ब्रज किशोर और अजय पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को खिरका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने भगवानदास को मृत घोषित कर दिया। वहीं ब्रज किशोर और अजय पाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मृतक के भाई ने बताया कि अंतिम संस्कार और पारिवारिक कार्यों में व्यस्त होने के कारण वह समय पर मुकदमा दर्ज नहीं करा सका। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महाशिवरात्रि शोभायात्रा को लेकर प्रशासन सतर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने शोभायात्रा के रूट और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया।

मिर्जापुर चौराहा से शाही कस्बा स्थित सिद्धनाथ मंदिर तक निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर एसडीएम आलोक कुमार, सीओ अजय कुमार तथा एसओ शाही राजेश कुमार बैसला ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने शोभायात्रा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश एसओ को दिए। वहीं आयोजकों से शोभायात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या, रूट व्यवस्था और अन्य तैयारियों की जानकारी ली गई।निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## मध्यांचल विद्युत वितरण निगम जोन-1 में कार्य संस्कृति पर गंभीर सवाल

**मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश पर जूनियर कर्मचारियों से दुर्व्यवहार का आरोपः सूत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**( जिया अब्बास जैदी, मोनू खान )**

**बरेली।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के जोन-1 में मुख्य अभियंता के चार्ज संभालने के बाद से ही विभागीय कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में रहती है, जोन के बिजली मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के द्वारा अपने से जूनियर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कथित रूप से अमर्यादित व्यवहार और मानसिक उत्पीड़न किए जाने की बातें एक बार फिर से सामने आने लगीं हैं।

विभागीय सूत्रों की मानें तो कार्यालयों और बैठकों के दौरान अनुशासन के नाम पर कठोर शब्दों का प्रयोग, अपमानजनक भाषा तथा मानसिक दबाव बनाए जाने की स्थिति लगातार बनी रहती है। बताया जा रहा है कि यह सब सीधे तौर पर जोन-1 के बिजली मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश के द्वारा किया जा रहा है, जिससे अधीनस्थ कर्मियों में भय और असहजता का माहौल व्याप्त है।

सूत्रों का कहना है कि अनुशासन बनाए रखना प्रशासनिक दायित्व है, लेकिन उसके नाम पर व्यक्तिगत अपमान, अपशब्दों का प्रयोग और मानसिक प्रताड़ना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हो सकती। जबकि इससे पहले अपने बर्ताव को लेकर ये बरेली के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में भी सुर्खियों में भी रह चुके हैं, जिसमें एक महिला कर्मी के द्वारा इन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया जा चुका है, हालांकि उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बता दिया था, फिलहाल तो विभाग के भीतर यह भावना गहराती जा रही है कि इस प्रकार की कार्यशैली से न केवल कर्मचारी मनोबल टूट रहा है, बल्कि कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है। बताया जा रहा है कि विभाग में उत्पन्न इस आंतरिक तनाव का असर राजस्व वसूली, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तथा सुधार कार्यों पर भी पड़ने लगा है। कर्मचारी मानसिक दबाव के चलते कार्यों को पूरी दक्षता के साथ नहीं कर पा रहे हैं, जिसका प्रतिकूल प्रभाव अंततः आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मामले को लेकर उच्च स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता महसूस की जा रही है, ताकि कार्यस्थल पर भयमुक्त, सम्मानजनक और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। अब यह देखना अहम होगा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के शीर्ष अधिकारी इस गंभीर विषय पर क्या संज्ञान लेते हैं और जोन-1 में व्याप्त असंतोष को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

## लॉक संसाधन केंद्र मीरगंज में ग्राम प्रधानों व प्रधानाध्यापकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** ब्लॉक संसाधन केंद्र चुरई दलपतपुर में ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी मीरगंज आलोक कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर एसडीएम आलोक कुमार ने कहा कि ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों के बीच बेहतर समन्वय से परिषदीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने शासन की शैक्षिक योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया तथा विकास कार्यों में ग्राम प्रधानों की सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा जताई।

खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने विकासखंड मीरगंज के ग्राम प्रधानों द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालयों में कराए गए अवस्थापना विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलने की आशा व्यक्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्याज्ञान, जवाहर नवोदय विद्यालय सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने पर बल दिया तथा सर्व शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान पूनम देवी, सचिन मुरारी शर्मा, राजेश कुमार एवं अरविंद कुमार गंगवार ने शारदा योजना, डीबीटी, आउट ऑफ स्कूल बच्चों, आंगनबाड़ी तथा अन्य शैक्षिक योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं सहायक पंचायत अधिकारी वीरपाल ने विभागीय योजनाओं के संबंध में ग्राम प्रधानों को अवगत कराया।कार्यक्रम का संचालन सचिन मुरारी शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए तथा ग्राम प्रधानों को बैज लगाकर सम्मानित किया।उन्मुखीकरण कार्यक्रम को सफल बनाने में नोडल संकुल शिक्षक अमित कुमार, तेज बहादुर, घनश्याम शर्मा, सर्वेश कुमार, रमेश चंद्र मौर्य, प्रमोद गंगवार, शैलेंद्र कुमार सिंह, राजेश कुमार मिश्रा, संजीव कुमार, विजय कुमार आर्य, धन सिंह, देवेंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## पुलिस ने स्मैक तस्करी में दो को भेजा जेल, दो वांछित तलाश जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** सोमवार को पुलिस ने 70 ग्राम स्मैक में गिरफ्तार करके दोनो स्मैक तस्करों को जेल भेज दिया।उन्होंने जिन दो सगे भाई गुलाम साबिर और गुलाम जाबिर से स्मैक खरीदी थी।उनको पुलिस ने वांछित कर दिया।

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात को एएनए रोड से मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने स्मैक की सौदा कर रहे थाना सीबीगंज के सर्वोदय नगर निवासी दिनेश गुप्ता और कस्बा के मोहल्ला अंसारी निवासी सलमान को गिरफ्तार करके सोमवार को एनडीपीएस कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया।दोनो के पास 70 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।जबकि पुलिस टीम को देखकर भागे स्मैक बेचने वाले कस्बा के मोहल्ला सराय निवासी दोनो सगे भाई गुलाम साबिर,गुलाम जाबिर को पुलिस ने वांछित किया है।

थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि आरोपी दिनेश गुप्ता उत्तराखंड हरिद्वार से पिछले महीने स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है, जबकि आरोपी सलमान स्थानीय थाना और भमोरा से कई बार जेल जा चुका है।इसके अलावा फरार गुलाम जाबिर पिछले दो सालों में उत्तराखंड के हरिद्वार,स्थानीय थाना से स्मैक तस्करी,आर्म्स एक्ट में चार बार जेल जा चुका है।लेकिन उसके भाई गुलाम साबिर पहली बार वांछित किया गया है।बताया दोनो की तलाश के लिए कई जगह दबिश दी गई है।दोनो घर से फरार है।जल्द गिरफ्तारी करके जेल भेजा दिया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई पंकज कुमार, एसआई प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह, कांस्टेबल लवी कुमार शामिल रहे।

## -देवरनियां पुलिस का सख्त एक्शन-
# अवैध तमंचे के साथ शातिर दबोचा

**थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में बड़ी कामयाबी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के अन्तर्गत थाना देवरनियां पुलिस ने एक बार फिर अपनी सक्रियता और सतर्कता का परिचय देते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी अरूण कुमार के प्रभावी पर्यवेक्षण में रविवार को थाना देवरनियां पुलिस द्वारा रात्रिकालीन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर बाजार गुनाह हट्टू से ग्राम खाता की ओर जाने वाले मार्ग पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक की पहचान अफजल पुत्र नसीर अहमद, निवासी ग्राम रहपुरा गनीमत, थाना देवरनियां, जनपद बरेली के रूप में हुई। युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर



तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। पुलिस ने युवक को ग्राम गुनाह हट्टू के पास रात करीब 10:15 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त अफजल ने स्वीकार किया कि वह पढ़ा-लिखा नहीं है और अपने शौक पूरे करने तथा स्वयं की सुरक्षा के नाम पर अवैध तमंचा रखता था। उसने यह भी बताया कि वह किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में था, लेकिन समय रहते पुलिस की सक्रियता से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में थाना देवरनियां में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए युवक को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह तथा कांस्टेबल रोहित कुमार की भूमिका सराहनीय रही। टीम ने सतर्कता और सूझबूझ के साथ कार्रवाई कर एक संभावित अपराध को समय रहते विफल कर दिया।

### थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की सख्ती का दिखा असर

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के कार्यभार संभालने के बाद से देवरनियां क्षेत्र में अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। उनके नेतृत्व में पुलिस द्वारा नियमित गश्त, चेकिंग अभियान और त्वरित कार्रवाई से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण देखने को मिल रहा है। अवैध हथियारों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान अपराधियों के लिए चेतावनी बन चुका है।

### कानून व्यवस्था को मिली मजबूती

थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में देवरनियां पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। आम नागरिकों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सखघ्त कार्यवाही से क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहेगा।

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई नगर पालिका

**चेयरमैन पति ने रोड का किया निरीक्षण, जताई नाराजगी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पांच करोड़ की लागत से बन रहे कस्बे के मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भाजपा नेता द्वारा इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जाने के बाद नगर पालिका परिषद में हड़कंप मच गया।

सोमवार को पालिका अध्यक्ष पति भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर ने कुछ सभासदों और अपने समर्थकों के साथ स्थल का निरीक्षण किया, और मार्ग में लगाई गई घटिया सामिग्री को अपने सामने ही हटवाया। साथ ही निर्माण कार्य में लगे कर्मियों को जमकर फटकार लगाते हुए मानक के अनुसार कार्य करने की चेतावनी दी। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य और नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा प्रेमलता राठौर के अथक प्रयासों से सरकार ने कस्बे के मुख्य मार्ग को स्वीकृत कर निर्माण कार्य के लिए पांच करोड़ रुपए आवंटित किया गया। धन आवंटित होने के बाद दो दिन पहले इसका निर्माण कार्य शुरू किया गया था। एक अर्से बाद हो रहे इस मार्ग के निर्माण कार्य में घटिया सामिग्री का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए कस्बे के प्रमुख व्यापारी और भाजपा नेता विनोद गुप्ता ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। वीडियो वायरल होने के बाद जहां पालिका अध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे थे, वहीं नगर पालिका परिषद में भी खलबली मच गई थी, जिसके चलते सोमवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्षा प्रेमलता राठौर के पति नीरेंद्र सिंह राठौर अपने कुछ सभासदों और अपने समर्थकों के साथ निर्माण स्थल पर जा धमके, और अपनी कड़ी नाराजगी जताते हुए कर्मियों की जमकर फटकार लगाई। साथ ही अपने सामने ही निर्माण कार्य में लगाई गई घटिया सामिग्री को हटवाया, साथ ही आगे मानक के अनुसार कार्य करने की चेतावनी दी।

इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पति नीरेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि निर्माण कर्मियों को मानक के अनुसार कार्य करने को कहा गया है, निर्माण कार्य में किसी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उनके साथ सभासद रिजवान कैप्टन, अजय गंगवार, उपेन्द्र गंगवार एड, रामसिंह राठौर आदि शामिल रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मो0 दानिश व उसकी पत्नी समरीन उर्फ समर फातिमा को उनके द्वारा गलत व अभद्र व्यवहार और अपमानित करने, आर्थिक नुकसान पहुंचाने और धमकियां देने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व परिवार के कोई सदस्य उपरोक्त मो0 दानिश व उसकी पत्नी समरीन उर्फ समर फातिमा के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**आफताब अहमद पुत्र हबीब अहमद निवासी मोहल्ला शेखूपुर कस्बा व तहसील बहेड़ी ( बरेली )**

## एक नजर

### जुआ खेल रहे पांच अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगदी व ताश के पत्ते बरामद किये हैं। पकड़े गए जुआ. रियों को गिरफ्तार कर थाने लाने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बीते रविवार को पुलिस ने शेरगढ़ अड्डे से 100 मीटर दूर कच्चे रास्ते के अंदर जुआं खेल रहे पांच जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 7980/- रुपया तथा 2410/- रुपया अभियुक्तों के कब्जे से कुल 10390/- रुपया व 52 पत्ते ताश के बरामद किये हैं। पकड़े गए अभियुक्तों एवरन सिंह पुत्र जमुना प्रसाद, होरी लाल उर्फ झम्मन लाल पुत्र तुलाराम निवासी ग्राम आदलपुर, उमेश पुत्र चमन प्रकाश निवासी ग्राम इटौआ धुरा, राजेन्द्र पुत्र डालचंद्र गंगवार निवासी ग्राम इटौआ धुरा व अमरपाल पुत्र कल्लू सिंह निवासी ग्राम आदलपुर थाना बहेड़ी जनपद बरेली के खिलाफ धारा 13 जी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### छात्र के खाते से उड़ाए 25 हजार रुपये साइबर क्राइम में दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के एक युवक के खाते से साइबर ठगों ने 25 हजार रुपए उड़ा लिए। खाते से 25 हजार रुपए कटने का जैसे ही उसके मोबाइल पर मैसेज आया तो फौरन ही उसने इसकी शिकायत सायबर क्राइम को दर्ज कराई।

नगर की इस्लाम नगर बस्ती के पूर्व सभासद मो0 हसन अंसारी के पुत्र मोव फैजान का खाता नगर की यूनियन बैंक में है। 8 फरवरी को शाम 8 बजकर 6 मिनट पर उसके मोबाइल पर 10 हजार रुपए निकालने का मैसेज आया, चन्द सेकेंड के बाद 10 हजार रुपए निकाले जाने का दूसरा मैसेज आ गया, इसके साथ ही 5 हजार रुपए निकाले जाने का एक मैसेज फिर आ गया। छात्र के खाते से 25 हजार रुपये निकाले जाने से उसके घर में खलबली मच गई और तत्काल ही छात्र के पिता पूर्व सभासद मो0 हसन अंसारी ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम को ऑनलाइन दर्ज कराई। सोमवार से पूर्व सभासद ने इसकी जानकारी बैंक जाकर शाखा प्रबंधक को दी, इसके साथ ही पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर इसकी जानकारी दी गई।

### एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वच्छता और हरित वातावरण के प्रति जागरूक भी किया।शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पौधारोपण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही पर्यावरण का संरक्षण किया जा सकता है। उन्होंने भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया।कार्यक्रम अधिकारी बिजेंद्र प्रधान ने कहा कि एनएसएस शिविरों के माध्यम से स्वयंसेवकों में श्रमदान और समाजसेवा की भावना विकसित होती है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग बनाते हैं।कार्यक्रम में वीरेंद्र शर्मा, प्रो. विजय बहादुर बिष्ट, पारुल जैन, रेखा रानी बंसल सहित अन्य शिक्षक व एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### अनुबिस डिग्री कॉलेज में युवाओं को कौशल विकास के लिए किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अनुबिस डिग्री कॉलेज में एनएसएस के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नागेश्वर प्रसाद शुक्ल ने किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा वर्ग समाज में फैली कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के साथ-साथ स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति मेहरोत्रा ने छात्राओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी और स्वच्छ व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। वहीं छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी ताराचंद ने छात्रों से कौशल विकास से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की, जिससे उन्हें भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।कार्यक्रम में शिक्षकगण, कर्मचारी, प्रशासनिक अधिकारी गयाराम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अवैध तमंचे व कारतूस के साथ युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। अवैध तमंचा व कारतूस कब्जे में लेकर पुलिस पकड़े गए युवक को थाने ले आई, और मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

दिनांक 08.02.2026 को समय करीब 03.58 बजे शमशान भूमि से थोड़ा आगे दाहिनी तरफ को जाने वाली चकरोड कस्बा बहेड़ी से वारिस पुत्र खतीक निवासी मोहल्ला इस्लामनगर कस्बा व थाना बहेड़ी जिला बरेली उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया है। पकड़े गए युवक के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भेजा दिया।

### सेंथल में चला बुलडोजर, तोड़ी गई स्वीमिंग पूल की विवादित दीवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सेंथल नगर पंचायत द्वारा बनाये गये नगर की सुन्दरता के लिए स्वीमिंग पूल की दीवार का एक हिस्सा नहर के किनारे की जमीन बना था, जो कि नहर लम्बे समय से सूखी है, उसमें पानी नहीं बहता था, इसलिए स्वीमिंग पूल निर्माण के समय किसी ने ध्यान भी नहीं दिया, व समाज और सिंचाई विभाग की ओर से आपत्ति लगायी गयीं।

बता दें कि वर्ष 2016 में सेंथल हाफिजगंज मुख्य मार्गदर्शन किनारे नगर पंचायत की ओर से स्वीमिंग पूल का निर्माण कराया गया था। निर्माण के कुछ समय बाद से नगर के ही कुछ लोगों द्वारा आपत्ति दर्ज करायी जाने लगी, और कहा जाने लगा कि नहर की जमीन पर अतिक्रमण कर पूल की दीवार बनायीं गयीं है। सिंचाई विभाग की ओर से आपत्ति के बाद जाँच करायी गयीं, जिसमें जाँच के बाद 28 मार्च 2017 को सहायक अभियंता ने नगर पंचायत सेंथल को कब्जा हटाने का नोटिस भेज दिया, लेकिन यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। पिछले कुछ समय में यह मुद्दा कई बार उठा व ठंडा गया याचिकाकर्ता ने हार न मानते हुए लगातार विरोध जारी रखा। जिस वजह से आज सेंथल में भारी पुलिस बल व तहसीलदार व इत्यादि अधिकारियों की देखरेख में स्वीमिंग पूल की विवादित दीवार को ढहा दिया गया।

### रमजान व शिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** रमजान और शिवरात्रि के मद्दे नजर यहां थाना हाफिजगंज में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रवीन सिंह सोलंकी ने कहा कि त्यौहार आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं और त्यौहार मनाने का आनंद भी तभी आता है जब सब लोग मिलकर मनाते हैं।

पूरे थाना क्षेत्र के लोगों के बीच थाना अध्यक्ष श्री सोलंकी ने हिदायत भी दी, कहा लीग से हटकर चलने वालों पर कानून अपना शिकंजा कसने से भी नहीं चूकेगा। जिलापंचायत सदस्य मुन्ने अंसारी लियाकती ने एकता पर बल देते हुए कहा कि जब तक हम एकता के बंधन में रहते हैं तब पूर्णरूप से सुरक्षित हैं जहां एकता बंधन ढीला पड़ा हम कमजोर होने लगते हैं। बैठक में चौकी इंचार्ज रिठौरा सत्यवीर गिरी,प्रधान खुर्शीद अहमद,ताराचंद,मोहम्मद उमर,प्रधान कलीम आजाद,मोहम्मद नूर,एवं मस्जिदों के इमाम भी मौजूद रहे।

# नोएडा स्टेडियम में स्वच्छता मेले का आयोजन

**'माय क्लीन सिटी' अभियान को मिली नई ऊर्जा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा प्राधिकरण) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के निर्देशों के क्रम में 'माय क्लीन सिटी' पहल के अंतर्गत सोमवार को सेक्टर-21 स्थित नोएडा स्टेडियम में भव्य स्वच्छता मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का आयोजन एचसीएल फाउंडेशन द्वारा नोएडा प्राधिकरण के सहयोग से किया गया।



मेले का उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, बैंड परफॉर्मेंस, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्वच्छता प्रदर्शनी, विशेषज्ञ संवाद तथा सभी आयु वर्ग के लिए इंटरैक्टिव गति. विधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ एचसीएल फाउंडेशन, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, एनजीओ एवं नागरिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में द भांगड़ा डायनेस्टी ग्रुप द्वारा ऊर्जावान सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत एचसीएल फाउंडेशन के निदेशक आलोक वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वच्छता मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। एचसीएल टेक के एसवीपी (ग्लोबल सीएसआर) डॉ. निधि पुंडीर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने और नागरिकों को जिम्मेदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में नोएडा की स्वच्छता उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि नोएडा ने वर्ष 2018 में 324वीं रैंक से सुधार करते हुए वर्ष 2019 में 150वीं रैंक प्राप्त की। वर्ष 2020 में 25वीं रैंक, 2021 में 4वीं रैंक तथा 2022 में 5वीं रैंक हासिल कर नोएडा ने ठमेज ैमर्सं नेजंपदंइसम ब्पजल का दर्जा प्राप्त किया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नोएडा को गोल्डन सिटी अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

विशेषज्ञ संवाद सत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, व्यवहार परिवर्तन, नागरिक सहभागिता और स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के उपायों पर विचार साझा किए गए। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से स्वच्छ भारत का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता कर्मियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित कर उनका आभार व्यक्त किया गया।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यहां टर्मिनल बिल्डिंग से लेकर एयरपोर्ट सर्विलांस रडार और नेविगेशन सिस्टम तक हर प्रकार के उपकरण की व्यवस्था हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सोमवार को एक्स पर एयरपोर्ट के कार्य प्रगति का वीडियो भी साझा किया। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अब एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारी तेज हो गई है। मुख्य सचिव की ओर से एक्स पर साझा किए गए वीडियो में एयरपोर्ट के संचालन के लिए जरूरी हर पहलु की प्रगति के बारे में बताया गया है।

इनमें एयरपोर्ट की एक्सिस रोड से लेकर ईंधन टैंक, ऑपरेशन सेंटर, जल और सीवेज व्यवस्था, चेक पोस्ट, टर्मिनल बिल्डिंग, घरेलू टर्मिनल काउंटर, ईगेट्स, बैगेज हैंडलिंग, लाउंज, विमानों को खड़ा करने के लिए एप्रन, कार्गो टर्मिनल, सोलर फॉर्म, एटीसी, ग्राउंड हैंडलिंग के वाहनों के लिए सीएनजी पंप, ईवी चार्जिंग स्टेशन, रनवे, नेगिवेशन सिस्टम, टेक्सी-वे इत्यादि के कार्यों को दर्शाया गया है। कुल मिलाकर अब एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

सिर्फ एयरोड्रम लाइसेंस से संबंधित औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं, जो अंतिम चरण में बताई गई हैं। एयरपोर्ट का प्रथम चरण कुल 1334 हेक्टेयर में विकसित हुआ है। एयरपोर्ट के रनवे पर दिसंबर 2024 में इंडिगो के यात्री विमान को उतारकर ट्रायल किया गया था, जो सफल रहा था। वर्ष 2025 में अक्तूबर अंत और नवंबर के पहले सप्ताह में भी रनवे पर छोटे विमान को उतारकर उपकरणों को परखा गया था। एयरपोर्ट बना रही कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने दो बार स्थानीय लोगों और कर्मचारियों को यात्री बनाकर चेक इन, बोर्डिंग और बैगेज हैंडलिंग समेत अन्य यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को परखा था। उद्घाटन के बाद यह प्रदेश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट होगा।

**आसपास के सेक्टरों में भूमि खरीदी जा रही:** नोएडा एयरपोर्ट के आसपास के इलाके को भी यीडा ने विकसित करने की तैयारी तेज कर दी है। एयरपोर्ट के आसपास सेक्टर-8, 8डी, 11, 4ए, 5ए और 5 को विकसित करने के लिए तेजी से भूमि खरीदी जा रही है। सेक्टर-8डी लॉजिस्टिक और वेयर हाउस प्रस्तावित हैं। यीडा सेक्टर-8डी के लिए थोरा और दयौरार गांव की जमीन खरीदी जा रही है। विगत दिवस ही यहां के करीब 30 किसानों की सूची जारी कर इन्हें आपत्ति के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। इसके अलावा आसपास विकसित होने वाली विकास परियोजनाओं को भी तेजी से अंतिम रूप देने की तैयारी है।

# लैंड पूल नीति को किया जाएगा अंगीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और न्यू नोएडा में जमीन अधिग्रहण के लिए लैंड पूल निती को भी अंगीकृत किया जा रहा है। सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। वहां से मंजूरी के बाद इसे पालिसी में अंगीकृत किया जाएगा। इससे नोएडा और न्यू नोएडा दोनों में जमीन लेना आसान होगा। साथ ही तीनों प्राधिकरण की मुआवजा दर एक समान होगी।

न्यू नोएडा के लिए 80 गांवों को जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। जमीन का अधिग्रहण हाइब्रिड मोड में किया जा सकता है। शासन स्तर पर इसका अंतिम फैसला लिया जाएगा। इससे पहले यहां तीन नायाब तहस. ीलदारों को नियुक्त किया जा रहा है। न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में बसाया जाना है। इसके लिए अक्टूबर 2024 में अधिसूचना जारी की गई थी। प्राधिकरण ने बताया न्यू नोएडा में जमीन अधिग्रहण कैसे किया जाएगा इसका एक प्रजेंटेशन लखनऊ में किया गया था। जिसमें हाइब्रिड मॉडल के बारे में जानकारी दी गई थी। इस मॉडल में आपसी सहमति और लैंड पूल दोनों को बताया गया। इन दोनों के जरिए ही अधिग्रहण किया सकता है।

**सबसे पहले समझे लैंड पूल:** नीतिलैंड पूल नीति के तहत भू-स्वामी को 5 साल तक अथवा विकसित भूखंड प्राप्त होने तक क्षतिपूर्ति के आधार पर मासिक रूप से मुआवजा 5000 रुपए प्रति एकड़ प्रतिमाह होगा।योजना के तहत पूलिग में दी गई भूमि का 25 प्रतिशत भू-स्वामी को आवंटित की जाएगी। विकसित भूमि का 80 प्रतिशत भूमि औद्योगिक उपयोग के लिए जो कम से कम 450 वर्गमीटर का होगा। 12 प्रतिशत उपयोग आवासीय जो कम से कम 172 वर्ग मीटर वहीं, 8 प्रतिशत उपयोग व्यवसाय के लिए जो कम से कम 48 वर्ग मीटर का होगा।जहा भी न्यूनतम आकार भी भूमि से कम भू-स्वामी को आवंटित होगी वहां उन मामलों में भू-स्वामी द्वारा अतिरिक्त भूमि मानकों के अनुसार खरीदी जा सकेगी।लाटरी के जरिए भू-स्वामियों को विकसित भूखंड आवंटित किए जाएंगे।लैंड पूल नीति में बाई-बैक का प्रावधान नहीं होगा। आवंटित भूमि पर मास्टर प्लान, बिल्डिंग बॉयलॉज , स्वीकृत जोनल प्लान लीज डीड की शर्तें मान्य होंगी। भू-स्वामी के लिए स्टांप ड्यूटी देय नहीं होगी। लेकिन प्राधिकरण को पंजीकरण शुल्क देना होगा।विकसित भूखंडों पर जल आपूर्ति, जल निकासी, सीवरेज , बिजली, , कचरा निष्पादन निस्तारण का प्रावधान किया जाएगा।इन भूखंडों का रखरखाव की जिम्मेदारी प्राधिकरण की होगी।

**चार फेज में बसेगा शहर:** न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है।

**एक समान होगा मुआवजा:** नोएडा ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण की मुआवजे की दर अभी अलग-अलग है। इन तीनों में एक रुपता लाने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। ताकि जनपद में मुआवजा दर को लेकर किसानों का आंदोलन नहीं हो। मुआवजा दर क्या होनी चाहिए उस पर विचार किया जा रहा है। इसे मौजूद दर से बढ़ाया जाएगा। बढ़ा मुआवजा दर तीनों प्राधिकरण के लिए समान होगा। इसी दर से न्यू नोएडा के किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

# बिजली की मांग को लेकर किसानों ने निकाला पैदल मार्च

**ट्रैक्टर पर बैठकर पहुंचे, 2 घंटे से चल रहा धरना-प्रदर्शन**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के डूब क्षेत्र की 40 कॉलोनियों के लोग सोमवार को बिजली की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हैं। भारतीय किसान परिषद की अगुवाई में पैदल मार्च निकाला गया है। जिसमें किसान समेत अन्य लोग शामिल हैं। वे बैनर-पोस्टर लेकर सेक्टर-16 बिजली घर जा रहे हैं। वहां पर धरना देंगे। प्रदर्शन को देखते हुए हरौला बारात घर से सेक्टर-16 बिजली घर तक भारी पुलिस फोर्स तैनात है।

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खिलाफ ने कहा कि जिले में रहने वाले हर निवासी को बिजली आपूर्ति देने की विद्युत निगम की जिम्मेदारी है। डूब क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोग बिजली आपूर्ति से वंचित है।लोगों का कहना है कि नेता लोग वोट लेने के लिए तो लोग आ जाते हैं। लेकिन जब काम कराने की बारी आती है तो मुंह फेर लेते हैं। यही वजह है कि अभी तक बिजली की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। बिजली सप्लाई नहीं होने से हम लोगों को तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

पैदल मार्च में शामिल लोगों का कहना है कि अब तक 10 से 12 बार प्रदर्शन किया जा चुका है। लेकिन अभी तक हम लोगों की नहीं सुनी गई है। प्रदर्शन करने के अलावा हमारे पास कोई दूसरा रास्ता बचा है।

## गाड़ी में किशोरी को अगवा कर ले गया युवक

**नोएडा।** सेक्टर-78 स्थित हाइड पार्क सोसाइटी में रहने वाली महिला ने एक युवक पर अपनी 16 वर्षीय बेटी को जबरन अगवा करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आरोपी सोसाइटी के गेट नंबर तीन से किशोरी को अपनी थार गाड़ी में अगवा कर ले गया। सेक्टर-113 थाने में दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह सोसाइटी में परिवार के साथ रहती हैं। बरौला का प्रिंस कश्यप उनकी बेटी और परिवार के अन्य सदस्यों को बीते कई महीने से परेशान कर रहा है। आरोप है कि बीते शनिवार को रात साढ़े नौ बजे के करीब प्रिंस सोसाइटी के गेट पर पहुंचा और उनकी नाबालिग बेटी को थार गाड़ी में अगवा कर ले गया। वह पहले भी दो बार किशोरी को बहला फुसलाकर ले जा चुका है। महिला ने बेटी के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई है।

# जिलाधिकारी ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद के कृषकों को अधिक से अधिक फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन प्रचार वाहनों के माध्यम से गांव गांव जाकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व और आवश्यकता के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी जाएगी। उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि प्रचार वाहन पर लगाए गए बैनर एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से किसानों को अवगत कराया जायेगा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक होगी। साथ ही राज्य एवं भारत सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों तक पहुंचाने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य की जा रही है।

किसानों को यह भी बताया जायेगा कि भविष्य में नामांतरण तथा कृषि भूमि के क्रय विक्रय पंजीकरण की प्रक्रिया में भी फार्मर आईडी की आवश्यकता होगी।

उन्होंने बताया कि प्रचार वाहनों के माध्यम से यह भी अपील की जायेगी कि सभी कृषक समय रहते अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें, जिससे उन्हें किसी भी शासकीय योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस जागरूकता अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करते हुए अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित कराई जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे, अपर कृषि अधिकारी दिव्यम यादव, प्रधान सहायक यतीश शर्मा, वरिष्ठ सहायक प्रशांत कुमार तथा सतीश भाटी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कुत्ते को लात मारने से रोका तो कंपनीकर्मी को दोस्तों से पिटवाया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-63 में युवक को कुत्ते को लात मारने से रोकना कंपनीकर्मी को भारी पड़ गया। आरोपी युवक ने अपने दोस्तों को बुलाकर कंपनीकर्मी के साथ मारपीट की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित योगेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-63 स्थित एक कंपनी में नौकरी करते हैं। वह आठ फरवरी को कंपनी जा रहे थे। वह ए ब्लॉक में पहुंचे तो रितेश नामक युवक एक कुत्ते को लात मारकर परेशान कर रहा था। उन्होंने यह देखकर उस युवक को लात मारने से रोका तो वह भड़क गया। उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। यही नहीं, उसने अपने दोस्तों को कॉल करके बुला लिया।

आरोपियों ने गाली-गलौज कर योगेश से मारपीट शुरू कर दी। इसके चलते योगेश को चोटें आईं। मारपीट होती देखकर स्थानीय लोग एकत्र हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घायल युवक उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### पोस्टमार्टम के बाद शवों को ले गए परिजन, नहीं दी शिकायत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-142 में रविवार को निर्माणाधीन इमारत में शटरिंग टूटने के कारण नौवीं मंजिल से गिरने से दो कामगारों की मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम करा पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। परिजन शवों को पैतृक गांव ले गए। समझौता होने के कारण परिजनों की ओर से मामले में कोई शिकायत नहीं की गई है। सेक्टर-142 कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले में परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। सहायक श्रम आयुक्त (एएलसी) सुयश पांडे ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर जांच की थी। निर्माण करने वाली कंपनी की ओर से प्रत्येक मृतक कामगार के परिजन को 1-1 लाख रुपये का चेक मौके पर ही दिलवाया गया। वहीं 30 लाख रुपये क्षतिपूर्ति दिलाने के लिए बिल्डर से विभाग के खाते में जमा कराए हैं। इन्हें मृतकों के परिजन को दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभाग की ओर से प्रत्येक मृतक के परिवार को 1.25-1.25 लाख रुपये दिए जाएंगे। वहीं घायल का इलाज भी बिल्डर की ओर से कराया जाएगा। कंस्ट्रक्शन साइट पर निर्माण संबंधी लापरवाही के विषय में जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**घायल की हालत में सुधार:** गौरतलब है कि रविवार को निर्माणाधीन इमारत में शटरिंग टूटने के कारण बांका बिहार निवासी कामगार मंटू सिंह (45) व दुमका झारखंड निवासी शीबू (24) की मौत हो गई थी। वहीं मंटू का भाई मिथुन ऊंचाई से गिरने के बाद ग्रीन नेट में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए फेलिक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

### लीजबैक के 854 मामलों के निस्तारण की तैयारी तेज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** आबादी की जमीन की लीजबैक का इंतजार कर रहे क्षेत्र के किसानों के लिए अच्छी खबर है। प्राधिकरण ने 854 नए मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया तेज कर दी है। इससे 41 गांवों के किसानों को फायदा होगा। ग्रामवार शिविर लगाकर पहले ही सुनवाई की जा चुकी है। अब उच्च स्तरीय बैठक होगी। दरअसल जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसान छह फीसदी विकसित भूखंड, आबादी की लीजबैक, 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा व अन्य मांगों को लेकर पिछले लंबे समय से आंदोलनरत हैं। इस मामले में शासन द्वारा संज्ञान लिए जाने पर प्राधिकरण ने किसानों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण का काम तेज कर दिया है। ग्रेटर नोएडा के सीईओ रवि कुमार एनजी द्वारा निर्देश दिए गए हैं। प्राधिकरण के ओएसडी गिरीश कुमार झा ने बताया कि 41 गांवों के लीजबैक के 854 नए मामलों की सुनवाई करने के लिए मंगलवार यानी 10 फरवरी को बैठक होगी। अधिकारी के मुताबिक वर्ष 2010 के शासनादेश से संबंधित लीज बैक के 1451 मामलों को शासन द्वारा सही करार दिए जाने के बाद अब तक 400 से अधिक किसानों की लीजबैक कर दी गई है।

**क्या है आबादी की लीज बैक:** गांव के आसपास स्थित ऐसी जमीन जिस पर किसान का दावा होता है कि वह उसकी आबादी की जमीन है। घर बना रखा है या अन्य निर्माण किया हुआ है। प्राधिकरण द्वारा ऐसी जमीन का अधिग्रहण कर लिए जाने पर किसान से मुआवजा राशि वापस जमाकर जमीन किसान के नाम दर्ज कर दी जाती है। हर गांव में इस तरह के प्रकरण हैं।

# ओखला पक्षी विहार में देश-विदेश के 15500 से अधिक पक्षी पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ओखला पक्षी विहार में इस बार देश-विदेश के 15500 से अधिक पक्षी पहुंचे हैं। जनवरी में जारी एशियन वॉटर काउंट की रिपोर्ट के अनुसार इनमें 101 प्रजातियों के पक्षी रिकार्ड किए गए हैं। वन विभाग के अनुसार बीते साल 81 प्रजातियों के लगभग 12 हजार पक्षी ओखला पक्षी विहार में गिने गए थे। ऐसे में इस बार पक्षियों और प्रजातियों की संख्या अधिक है। हालांकि दुलर्भ प्रजाति का कोई भी पक्षी नहीं दिखा है।



रिपोर्ट के अनुसार सात और आठ जनवरी को पक्षियों की संख्या व प्रजातियों की गणना की गई थी। इसमें पांच टीमों में 30 स्वंयसेवक शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक 101 प्रजातियों के 15500 से अधिक पक्षी रिकार्ड किए गए। इनमें 9000 से अधिक बतख और कूट्स, 1275 गल्स, 35 नदी टिटहरी, 2982 नॉर्दन शेवलर, 2701 गडवाल, 579 ग्रीन विंग्ड टील, 529 नॉर्दन पिंटेल और 519 कॉमन पोचार्ड, बार्न स्वैलो या अबाबील की 1650 समेत अन्य प्रजातियां शामिल हैं। ओखला पक्षी विहार के फॉरेस्ट रेंजर अमित गुप्ता ने कहा कि इस बार बीते वर्ष के मुक. ाबले अधिक प्रजातियां और पक्षी रिकार्ड किए गए हैं। इसकी मुख्य वजह पक्षी विहार में पक्षियों के लिए की जाने वाली व्यवस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि साइबेरिया और अन्य ठंडे देशों में अत्यधिक ठंड के कारण यह पक्षी भारत का रुख करते हैं। यमुना नदी पर बना ओखला पक्षी विहार उन्हें भोजन और अनुकूल स्थान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि तापमान में वृद्धि के साथ प्रवासी पक्षी यहां से रवाना होंगे। संभवत मार्च के अंत और अप्रैल में पक्षी यहां से अन्य स्थानों के लिए रुख करेंगे।

**मई में लागू होगा गर्मियों का समय:** वन विभाग के मुताबिक ओखला पक्षी विहार के खुलने और बंद होने का समय सर्दी व गर्मी के लिए अलग-अलग निर्धारित है। सर्दियों में पक्षी विहार का समय सुबह 7.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक और गर्मी के लिए सुबह 7.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक है। उन्होंने कहा कि अभी पक्षी विहार खुलने और बंद होने का सर्दियों का समय लागू है। गर्मियों का समय मई में लागू होगा।

**पक्षी प्रेमियों के लिए बेहत. रीन जगह:** वन विभाग के अनुसार पक्षी प्रेमियों के लिए ओखला पक्षी विहार बेहतरीन जगह है। यहां सैकड़ों पक्षी प्रजातियों का घर है। यह जगह शांत वातावरण और पक्षियों को देखने के लिए बहुत अच्छी है। सर्दी में मेहमान परिंदे अपने कुनबे के साथ यहां आते हैं, जो जो पर्यटकों को सुकून देते हैं। हर साल यहां हजारों प्रवासी पक्षी आते हैं। इन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पक्षी विहार का रुख करते हैं। पक्षी विहार में पर्यटकों के लिए ई कार्ट की सुविधा भी मौजूद है।

# ताऊ-भतीजा हत्याकांड के मामले में आरोपी को नहीं मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सत्र न्यायालय ने जारचा कोतवाली क्षेत्र के सैंथली गांव में दीपावली के दिन ताऊ-भतीजा हत्याकांड के मामले में आरोपी निखिल बरहेला की जमानत याचिका खारिज कर दी। सत्र न्यायाधीश ने अपराध की प्रकृति, गंभीरता और विवेचना के दौरान सामने आए साक्ष्यों को देखते हुए यह आदेश पारित किया।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों व परिस्थितियों को देखते हुए आरोपी को जमानत दिए जाने का कोई पर्याप्त आधार नहीं बनता। मामला थाना जारचा क्षेत्र का है, जहां 19 अक्तूबर-2025 को हुई गोलीबारी की घटना में वादी के भाई अजयपाल और भतीजे दीपांशु की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर वादी धारा सिंह द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। एफआईआर में मुख्य रूप से प्रिंस, बोबी, मनोज नागर सहित अन्य आरोपियों के नाम दर्ज किए गए थे। आरोपी पक्ष के अधिवक्ताओं ने न्यायालय में दलील दी कि आरोपी न तो एफआईआर में नामजद है और न ही उसके विरुद्ध कोई स्वतंत्र साक्ष्य है। आरोपी से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है और कथित बरामदगी को फर्जी बताया गया। वहीं अभियोजन पक्ष ने बताया कि विवेचना के दौरान दर्ज किए गए गवाहों के बयानों में आरोपी की घटना में संलिप्तता स्पष्ट रूप से सामने आई है। इस मामले में सह-आरोपी सचिन की जमानत याचिका पहले ही 18 दिसंबर 2025 को सत्र न्यायालय द्वारा निरस्त की जा चुकी है।

# 25 फरवरी को कई प्रतिष्ठित कंपनियां देंगी रोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जनपद गौतम बुद्ध नगर में जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से आगामी 25 फरवरी 2026 को विश्वेश्वरैया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, विश्वेश्वरैया कैंपस, न्यू नोएडा जीटी रोड, दादरी में रोजगार महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा हेतु मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि रोजगार मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार तहसील, विकासखंड, ग्राम पंचायत स्तर तक सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं तक रोजगार महोत्सव की जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी पात्र अभ्यर्थी इस अवसर से वंचित न रह जाए। उन्होंने जिला उद्योग केंद्र, श्रम विभाग, लीड बैंक प्रबंधक, कौशल विकास मिशन, आईटीआई, पॉलिटेक्निक एवं उद्यमी संगठनों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने माध्यम से युवाओं को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें और स्थानीय स्तर पर भी प्रचार गतिविधियों को तेज करें।



मुख्य विकास अधिकारी ने रोजगार महोत्सव के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने, किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में अग्निशमन दल की उपलब्धता तथा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए मेडिकल टीम की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सेवायोजन विभाग को रोजगार मेले में हेल्प डेस्क, मार्गदर्शन काउंटर तथा ऑनलाइन एवं क्यूआर कोड आधारित पंजीकरण प्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने बताया कि रोजगार महोत्सव 2026 में सैमसंग, योकामा, एक्सिस बैंक, एचसीएल, जी4एस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, वीवो, सैमसंग डिस्प्ले, रेडिसन ब्लू, यूफ्लेक्स, सैमसंग इंजीनियरिंग, टेक महिंद्रा, क्राउन प्लाजा, बीएलएस, केआरबीएल लिमिटेड, डेंसो, लावा, ओप्पो, न्यू हॉलैंड सहित लगभग 100 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने जनपद के युवाओं एवं आम जनों से अपील करते हुए कहा कि "रोजगार महोत्सव 2026 युवाओं को रोजगार से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर है। जनपद के सभी पात्र अभ्यर्थी समय से पंजीकरण कर इस रोजगार मेले में अवश्य प्रतिभाग करें और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाएं।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, उद्योग केंद्र, श्रम विभाग, लीड बैंक प्रबंधक, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, कौशल विकास, सहित विश्वेश्वरैया कॉलेज से प्लेसमेंट हेड नितिन गोड़ उपस्थित रहे।

# डिलीवरी ब्वॉय की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 58 थाना क्षेत्र के सेक्टर 62 में कार की चपेट में आकर सोमवार को एक डिलीवरी ब्वाय की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार को जब्त करते हुए चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक ब्लिंकिट में डिलीवरी ब्वाय का काम करता था।

सरस्वती विहार खोड़ा निवासी गुलाम अपनी स्कूटी से ब्लिंकिट से सामान लेकर निकला था। सेक्टर-62 के पास एक कार बैक कर रही थी। सामने से एक ऑटो आ रहा था। ऑटो ने कार को बचाने का प्रयास किया। जिससे वो पलट गया। गुलाम की इलेक्ट्रिक स्कूटी भी उसकी चपेट में आ गई।जिससे गुलाम जमीन पर गिरा। उसके सिर और गले में चोट लगी। खून ज्यादा बहने की वजह से उसकी मौत हो गई। गुलाम 26 साल का था। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रहे है। वहीं कार चालक को हिरासत में लिया गया है।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# किसान के साले की हत्या में तीन को उम्रकैद

## कूड़ा डालने के विवाद में हुई थी हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कूड़ी हटाने के विवाद में जागरण के दौरान किसान के धोखे में साले की फावड़े से हत्या किये जाने के मामले में कोर्ट तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। जबकि 40 हजार पांच सौ रूपये का अर्थदण्ड भी लगाया।

चार साल पूर्व हुआ हत्याकांड सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव सुतारी खुर्द से जुड़ा था। यहां पेशे से किसान विजयपाल सिंह का परिवार रहता है। उनकी ससुराल गजरौला थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानठेर की है। विजयपाल सिंह का कूड़ी हटाने को लेकर गांव के ही रहने वाले भूखन सिंह, उसके बेटे हरिओम और सुनील से विवाद हो गया था। तनाव बढ़ता देख गांव के लोगों ने उस समय मामला निपटा दिया था। 26 सितंबर 2022 की रात विजयपाल सिंह के घर पर मां भगवती का जागरण था। विजयपाल सिंह का 30 वर्षीय साला तोताराम उर्फ सुनील भी जागरण में आया हुआ था। जागरण के बाद विजयपाल सिंह और उनका साला तोताराम उर्फ सुनील घर के ही आंगन में अलग-अलग चारपाई पर चादर ओढ़कर सो रहे थे। तभी भूकंप सिंह, हरिओम और सुनील घर में घुस आए थे, उनके द्वारा फावड़े से किए गए वार में तोताराम उर्फ सुनील की मृत्यु हो गई थी हालांकि, तीनों विजयपाल सिंह की हत्या करने के इरादे से आए थे लेकिन पहचान नहीं होने पर तोताराम पर

**किसान के धोखे में उसके साले की कर दी थी हत्या, 40 हजार पांच सौ का जुर्माना भी लगाया**

हमला बोल दिया था। पुलिस की जांच में भी ये ही सामने आया था, विजयपाल सिंह जहां रोजाना सोते थे वहां उनका साला तोताराम उर्फ सुनील सो गया था। पुलिस ने मामले में भूकन सिंह, हरिओम और सुनील के खिलाफ हत्या के आरोप में मुक. दमा दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया था। फिलहाल, तीनों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई जिला जज की कोर्ट में चल रही थी। सोमवार को कोर्ट ने मुकदमे में अंतिम सुनवाई की, पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर भूकंन सिंह, हरिओम और सुनील को दोषी माना। तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 40500 रुपये का जुर्माना लगाया।

# बाथरूम में फांसी लगाकर महिला ने दी जान

## घर में खेलते रहे मासूम, पति गया था काम पर, घटना से मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** फ्रेंड्स कॉलोनी में पशुओं की देखरेख करने वाले मजदूर की पत्नी का शव बाथरूम में फंदे से लटका मिला, जबकि उसके दो मासूम बच्चे घर में बेखबर खेलते रहे। पति के लौटते ही सामने आए इस दर्दनाक मंजर से कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र की फ्रेंड्स कॉलोनी (चूना भट्ठी) की है। यहां पर अरविंद कुमार का परिवार रहता है। उनके यहां भैंसों का पालन होता है। जिनकी देखरेख के लिए चार महीना पहले ही उन्होंने मध्य प्रदेश के जिला शहडोल के थाना वैभारी के गांव आमदी निवासी मोनू को नौकरी पर रखा था। मोनू के परिवार में पत्नी इंद्रकली, पांच साल की बेटी माही व एक दो साल का बेटा जाती कौल है। परिवार पशुओं के घेर के पास बने छोटे सी मकान में रहता है। मोनू व इंद्रकली की शादी लगभग छह साल पहले हुई थी। रविवार दोपहर मोनू किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। घर पर पत्नी इंद्रकली व दोनों बच्चे थे। लगभग दो बजे जब वह घर वापस लौटा तो पत्नी दिखाई नहीं दी जबकि बच्चे घर में ही खेल रहे थे। तलाश के बीच इंद्रवती का शव बाथरूम में फंदे पर लटका मिला। नजारा देख मोनू की चीख निकल गई, शोर सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी आ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि महिला ने आत्महत्या की है, कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# गौकशी के दो आरोपी पुलिस ने पकड़े

## बजरंग दल के हंगामे के बाद पुलिस ने की कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** अमरोहा-मंडी धनौरा मार्ग पर सड़क किनारे गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने से मचे हंगामे के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके कब्जे से कटान में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद किए गए हैं। मामले में एक मीट दुकानदार की संलिप्तता सामने आई है, जिसकी तलाश जारी है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार रात नौगावां सादात थाना क्षेत्र में अमरोहा-मंडी धनौरा मार्ग पर एक कालेज के पास सड़क किनारे गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े मिले थे। गोवंशीय पशुओं का वध करने के बाद अवशेष को यहां फेंका गया था। गोकशी की सूचना मिलने पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मौके पर आकर जमकर हंगामा किया था। पुलिस ने बमुश्किल उन्हें समझा कर गुस्सा शांत करा दिया था। इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस तभी से आरोपियों की सुरागकशी में जुटी हुई थी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही थी, फुटेज से ही आरोपियों का सिरा मिलने पर पुलिस ने सोमवार को गांव सैदपुर इम्मा निवासी शौकीन व अब्दुल रहीम को गिरफ्तार किया, उनके पास से कटान इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद हुए। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि वह शहर के मोहल्ला पनवाड़ी के रहने वाले मोईन के साथ मिलकर क्षेत्र में घूमने वाले छुट्टा गोवंशीय पशुओं को पकड़ कर उनका वध करते थे। मोईन की शहर में मीट की दुकान है। मीट को वह अपनी दुकान पर बेच देता है। मुनाफे के रूप में वह दोनों के पैसे देता था। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। मोईन की दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट भी भेजी जा रही है, उसे भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कॉलेज से घर लौटते समय गन्ने के खेत में ले गए खींचकर

# नाबालिग छात्रा से दो भाईयों ने किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इंटर कॉलेज में कक्षा नौ की छात्रा शुक्रवार सुबह घर से कॉलेज के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। शनिवार सुबह घर पहुंची छात्रा ने परिजनों को जो आपबीती बताई, उससे परिवार ही नहीं बल्कि पूरा इलाका सन्न रह गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र

**दो संप्रदायों से जुड़ा है मामला, इलाके में तनाव, पुलिस अलर्ट**

के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक किसान की 14 वर्षीय बेटी क्षेत्र में स्थित एक इंटर कालेज में कक्षा नौ की छात्रा है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह वह रोजाना की तरह कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन वह शाम तक भी वापस नहीं लौटी। तलाश के बीच शनिवार सुबह छात्रा घर पहुंची और उसने परिजनों को जो आपबीती बताई उसे सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। छात्रा ने बताया कि शुक्रवार दोपहर जब वह कालेज से निकल कर घर आ रही थी तो पास के गांव वाजिदपुर का रहने वाला युवक गौतम उसे जबरन गन्ने के खेत में ले गया। वहां दोनों लगभग तीन घंटे तक रहे। थोड़ी देर बाद गौतम का भाई जैकी वहां आ गया तथा उसने अपने छोटे भाई को वहां से भेज दिया। शाम तक जैकी ने उसे जबरन गन्ने के खेत में रखा तथा बाद में शाम होने पर पाकबड़ा स्थित एक प्लांट में ले गया। जहां उसने दुष्कर्म किया। मामला दो संप्रदाय से जुड़ा होने के चलते लोगों में आक्रोश बन गया। परिजन छात्रा को लेकर शनिवार दोपहर कोतवाली पहुंचे तथा तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी जैकी और गौतम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई, जांच की जा रही है। जल्दी ही आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




हसनपुर। नगर में अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## दुकानदारों की कर्मियों से हुई तीखी नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सोमवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण हटवा दिया। इस दौरान दुक. ानदारों और कर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। हसनपुर नगर में संभल अड्डे से लेकर रहरा अड्डा के अलावा गजरौला अड्डा पर जगह-जगह दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर रखा है। जिसके चलते आने वाली महाशिवरात्रि पर भारी संख्या में शिव भक्त रास्ते से गुजरेंगे। शिव भक्तों को किसी प्रकार की सुविधा का सामना न करना पड़े। इसको लेकर प्रशासन सतर्क है। इसी को लेकर नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। बीते दो दिन से शहर में अलाउंस कराकर दुकानदारों से अतिक्रमण को हटाए जाने की अपील की गई थी। सोमवार को एसडीएम हिमांशु उपाध्याय के नेतृत्व में नगर पालिका टीम ने जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटवाया। यह अभियान संभल अड्डा, रहरा अड्डा पर चलाया गया। इसके अलावा दुकानों के आगे से अवैध रूप से बनाये गये स्लैब, लोहे के जाल, टीन शेड, हटवाये गये। साथ ही सड़क किनारे फुटपाथ भी खाली करवाये गये। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दुक. ानदारों तथा फुटपाथ पर ठेला लगाने वाले लोगों में हड़कंप मचा रहा। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि शासन के आदेश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चल रहा है। जो लोग अतिक्रमण करेंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान सीओ पंकज कुमार त्यागी, नायब तहसीलदार मनोज कुमार, ईओ विजयपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, कस्बा इंचार्ज राम प्रकाश सिंह, दिनेश बाबू के अलावा नगरपालिका टीम तथा सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## एक नजर

### गन्ना लदे ट्राले से टकरायी कार, तीन घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** हाइवे पर कार आगे चल रहे गन्ना लदे ट्राले में घुस गयी। हादसे में तीन लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार जिला शाहजहांपुर के थाना सिड़ोली क्षेत्र के गांव सिमरिया निवासी फैजान, थाना सदर शाहजहांपुर क्षेत्र के कोम्बोह निवासी नाज, नासिम की पत्नी अर्शी (मुहल्ला चार खम्भा, थाना सदर शाहजहांपुर) तथा कामरान निवासी रिथाली, थाना लखीमपुर खीरी, कार में सवार होकर देर रात दिल्ली से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी कार बुढ़नपुर फ्लाईओवर पर आगे चल रहे गन्ना लदे ट्राले में पीछे से जा घुसी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जोया सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने कार चालक कामरान की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए अमरोहा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जोया सीएचसी में किया जा रहा है।

### रजिस्ट्री न होने की शिकायत सीएम से

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के पूर्व अध्यक्ष तथा रालोद के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी एडवोकेट ने उत्तर प्रदेश के सब रजिस्ट्री कार्यालयों में लेख पत्रों के निष्पादन व रजिस्ट्री के दौरान आधार वेरिफिकेशन की नई व्यवस्था के कारण हो रही दुश्वारियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन प्रेषित कर बैनामों लेख पत्रों के सुगमता पूर्वक निष्पादन व रजिस्ट्री के लिए हाथों की उंगलियों व अंगूठे के अतिरिक्त चेहरे और आंखों को स्कैन करने की व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

### कैंटर के चारों टायर खोलकर ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कोतवाली नगर के मोहल्ला लालबाग हजीरा निवासी सारिक पुत्र अब्दुल खालिक ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि उनके पास एक टाटा अल्ट्रा 1518 टी ट्रक है। रविवार की रात उन्होंने अपना ट्रक संभल-हसनपुर रोड पर पार्क किया था। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने ट्रक के पिछले चारों टायर जैक लगाकर खोल लिए और रफूचक्कर हो गये।सुबह जब सारिक मौके पर पहुंचे तो वाहन की हालत देख उनके होश उड़ गये। ट्रक ईंटों और जैक के सहारे खड़ा मिला। पीड़ित ने तत्काल मामले की सूचना स्थानीय कोतवाली पुलिस को दी है। पीड़ित ने चोरों की शिनाख्त कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और टायर बरामद करवाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है ताकि चोरों का सुराग लग सके।

### टैम्पो की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** टैम्पा ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। मुरादाबाद जिले के थाना पाकबड़ा क्षेत्र के छीपी वाला निवासी अब्दुल हन्नान और कैलसा रोड पाकबड़ा निवासी अब्दुल आरिफ रविवार शाम बाइक पर सवार होकर अमरोहा जा रहे थे। जब उनकी बाइक डियोड़ी गांव के पास पहुंची, तभी कैलसा की ओर से आ रहे एक टेंपो ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# तीन साल तक युवती की लूटता रहा अस्मत

## शादी का झांसा देकर फंसाया, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** थाना क्षेत्र में महिला ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर पिछले तीन वर्षों से शारीरिक शोषण करने और बाद में मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के अनुसार वह अपनी बीमार बहन की देखभाल के लिए उसके गांव आई हुई थी। इसी दौरान गाँव का रहने वाला आरिफ पुत्र अमीन जो पेशे से ड्राइवर है। उसने पीड़िता की बहन के मोबाइल से उसका नंबर निकाल लिया। आरोप है कि आरिफ ने उसे शादी का झांसा दिया और पिछले 3 वर्षों से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता ने बताया कि उसे हाल ही में पता चला कि आरिफ का किसी अन्य स्थान पर भी प्रेम संबंध चल रहा है। जब उसने इस बारे में आरिफ से पूछताछ की तो आरोपी ने पीड़िता के साथ गाली-गलौज की और उसके साथ मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पास आरोपी की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास सेहरावत ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी आरिफ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

# गांवों से जलभराव की समस्या दूर कराएं

## ब्लॉक, नगर पंचायत व अस्पताल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने वार्षिक निरीक्षण के तहत सोमवार को ब्लॉक कार्यालय थाना डिडौली एवं नगर पंचायत जोया कार्यालय का निरीक्षण किया।

थाना निरीक्षण के दौरान उन्होने परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, अभिलेखों के रख-रखाव, मालखाना, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर सेल, अपराध रजिस्टर एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम की गहनता से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़े अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने, साइबर सेल द्वारा साइबर अपराधों के प्रति त्वरित कार्रवाई करने तथा संबंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। ब्लॉक कार्यालय जोया के निरीक्षण के समय 15वें वित्त आयोग, टाइड और अनटाइड फंड द्वारा किये जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निर्देश दिये कि ऐसे गांव जहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती हैं। उनको चिन्हित कर कार्ययोजना बनाते हुए प्राथमिकता से समस्या का



समाधान कराये। गांवों में जल समिति को सक्रिय कराने के निर्देश दिए। स्थापना रजिस्टर, भ्रमण पंजिका और सर्विस बुक देखकर पूर्ण और अद्यतन रखने के निर्देश दिए। हैंडपंप के किये गये। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शुभि गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह, बीडीओ जोया सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मदरसा जामिया बरकातिया नुरूल उलूम में जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन

# सुन्नतों पर अमल ही कामयाबी का रास्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर के मोहल्ला अहमद नगर रजा कॉलोनी उकसी रायपुर रोड, स्थित मदरसा जामिया बरकातिया नूरुल उलूम में रविवार रात मोहसिन-ए-कायनात कॉन्फ्रेंस व जश्न-ए-दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। आगाज हाफिज अब्दुल कादिर ने कुरआन पाक की तिलावत से किया। जबकि बारगाह रिसालत में नाते पाक आलम रजा निजामी ने पेश की।



मौलाना आसिफ रजा नईमी ने अपनी तकरीर में कहा कि हमें अपने बच्चों को तालीम के साथ ही तरबियत भी देनी चाहिए, क्योंकि जिन बच्चों के पास तालीम है और तरबियत नहीं है, वह बेकार है। हमें हर हाल में तालीम व तरबियत दोनों पर ध्यान देना चाहिए। मौलाना मुफ्ती इमरान हनफी ने कहा कि नबी-ए-करीम की उम्मत सबसे अहम है। इसका अल्लाह ने अलग मुकाम और रुतबा रखा है। मौलाना ने कहा कि नबी की उम्मत अपने सही रास्ते और जिम्मेदारी से भटक गई है, जिसके नतीजे में वह दिक्कत और परेशानियों में घिर गई है। कहा कि मुसलमानों को हालात पर गौर करते हुए संजीदगी से एक-एक कदम सोच समझकर रखना होगा। कहा कि अल्लाह के बताए सही रास्ते पर चलने और सुन्नतों पर अमल करने का यह बेहतर मौका है। वरना फिर समय निकलने पर पछताना पड़ेगा।

रामपुर से तशरीफ लाए हजरत अल्लामा व मौलाना मुकीमुर्रहमान ने दीन की रस्सी को मजबूती से थामने और मोबाइल से बचने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें साइंस और टेक्नोलॉजी का फायदा उठाना तो चाहिए, लेकिन जिस तरह से हमारी कौम के बच्चे मोबाइल का बेजा और गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे बहुत नुकसान हो रहा है। मोबाइल के बेजा इस्तेमाल से बच्चे चिड़चिड़े हो रहे हैं। उनमें अदब नाम की कोई चीज बाकी नहीं है। इसलिए हमें अपने बच्चों को मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करने से रोकना चाहिए। आखिर में मुजफ्फरनगर से तशरीफ लाए फरीद हसनैन मियां ने मुल्क व मिल्लत की खुशहाली और तरक्की की दुआ कराई। इस मौके पर मदरसे के मोहतमिम हाफिजघ् व कारी अब्दुल कय्यूम लतीफी, मोहम्मद इरफान उल हकघ् लतीफी, यासिर अंसारी, निजाम पहलवान, नईम अहमद आदि मौजूद रहे।

# हाइवे पर पलटा गन्ना लदा ओवरलोड ट्रक

## मची अफरा तफरी, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर गन्ने से भरा एक ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात बाधित हो गया।

यह हादसा बीती रात डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया स्थित हाईवे किनारे मोहल्ला इकबाल नगर में हुआ। तेज रफ्तार से जा रहा गन्ने से लदा ट्रक अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क पर पलट गया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ट्रक पलटते ही लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना से पहले ट्रक के पीछे चल रहे बाइक सवार युवकों ने यह वीडियो बनाया। वीडियो और स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रक में क्षमता से अधिक गन्ना लदा हुआ था, जिससे वाहन असंतुलित होकर पलट गया।हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित कर राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने दूसरे ट्रक को बुलाकर सड़क से गन्ना हटवाया और यातायात को सुचारू कराया। फिलहाल, किसी बड़ी जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है।

### किंग इलेविन ने सन राइज को तीन विकेट से रौंदा




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** द आर्यन स्कूल जोया में आयोजित अंडर-12 स्व. श्री जसवंत सिंह (साहब) क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे मुकाबले में किंग इलेवन भारत बुक हाउस ने सनराइजर्स अल्फा हॉस्पिटल को तीन विकेट से शिकस्त दी। मैच में सनराइजर्स अल्फा हॉस्पिटल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 135 रन बनाए। टीम की ओर से मयंक सैनी ने 30 रन और विराज ने 19 रन बनाए। किंग इलेवन की ओर से सत्यम फतेह और रियाज अहमद ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग इलेवन भारत बुक हाउस ने 29 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर मैच जीत लिया। रियाज अहमद ने 29 रन और निष्कर्ष पनेरा ने 24 रन की अहम पारी खेली। सनराइजर्स की ओर से सांवरिया सिंह और अहमद ने दो-दो विकेट हासिल किए। इस मुकाबले में किंग इलेवन भारत बुक हाउस के सत्यम को मैन ऑफ द मैच और मयंक सैनी को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया।

# पाकिस्तान-भारत के बीच विश्व कप मैच पर आखिरी फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लेंगे



● **आईसीसी ने बांग्लादेश की मांगों पर पॉजिटिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए फॉर्मूला तैयार किया**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस बात पर आखिरी फैसला लेंगे कि पाकिस्तान पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में भारत के मैच का बॉयकॉट जारी रखेगा या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी आज दिन में बाद में प्रधानमंत्री शहबाज से मिलकर उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के डेलीगेशन के साथ अपनी हालिया बातचीत के बारे में जानकारी देंगे। जियो न्यूज ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तान ने बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपने कट्टर विरोधी भारत के साथ नहीं खेलने के अपने फैसले की घोषणा की है, जिसे सुरक्षा चिताओं के कारण टीम को भारत भेजने से इनकार करने के बाद टूर्नामेंट से हटा दिया गया था। एक दिन पहले,पीसीबी,आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच पांच घंटे से ज्यादा समय तक बातचीत चली, जिसमें नकवी, बीसीबी प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम बुलबुल और आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा शामिल हुए थे। जियो न्यूज के मुताबिक, मीटिंग के दौरान आईसीसी ने बांग्लादेश की मांगों पर पॉजर्टिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए एक फॉर्मूला तैयार किया गया। आईसीसी और बीसीबी के बीच प्रपोजल का लेन-देन हुआ, जबकि पीसीबी ने बातचीत के दौरान कोऑर्डिनेट करने में अहम भूमिका निभाई। आईसीसी के डिप्टी चीफ ख्वाजा प्रपोजल को फाइनल मंजूरी देने के लिए काउंसिल के हेडक्वार्टर लौट आए हैं, जबकि बुलबुल ढाका में अधिकारियों को जानकारी देने के लिए बांग्लादेश वापस चले गए हैं। एक बार प्रपोज्ड फॉर्मूला फाइनल हो जाने के बाद, आईसीसी और बीसीबी के अधिकारी सोमवार को बाद में फिर से मिलेंगे ताकि अगला कदम तय किया जा सके। बांग्लादेश और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के बीच तनाव तब बढ़ गया जब बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटा दिया गया, जिससे ढाका में कड़ी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद, बीसीबी ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैच भारत से बाहर कराने की रिक्वेस्ट की, लेकिन रिक्वेस्ट खारिज कर दी गई। बाद में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया, यह कहते हुए कि 7 फरवरी को वर्ल्ड कप शुरू होने के इतने करीब शेड्यूल में बदलाव करना प्रैक्टिकल नहीं है। पीसीबी ने इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### केएल राहुल के शतक से कर्नाटक सेमीफाइनल में

**मुंबई, वार्ता।** केएल राहुल (130) और आर स्मरण (नाबाद 83) की शानदार पारियों की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को मुंबई पर चार विकेट से जीत दर्ज कर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 113 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (13) के रूप में गिरा। उन्हें शार्दुल ठाकुर ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए आर स्मरण ने केएल राहुल के साथ चौथे विकेट के लिए 147 रन जोड़कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी। इसी दौरान केएल राहुल ने अपना शतक पूरा किया। 58वें ओवर में तुषार ने केएल राहुल को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

### जमाल व उनकी टीम ने जीता प्रो. एम

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रोफेशनल जमाल हुसैन और उनकी टीम ने कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप का प्रो-एम इवेंट जीता। जमाल की टीम में एमेच्योर डा. अनिल कोहली, नीतू अंबानी, निशांत कालिया और राजीव कपूर शामिल थे और उन्होंने 48-5 का स्कोर बनाया। प्रोफेशनल रोहित बैसोया और उनकी टीम जिसमें एमेच्योर कर्नल अनुज चतुर्वेदी, कर्नल आई एस कोहली और जीवेश नागरथ शामिल थे, 48-8 के स्कोर के साथ प्रो-एम में रनर-अप रहे। होल नंबर 6 पर पिन के सबसे करीब पहुंचने का मुकाबला डी पी सिंह ने जीता, जिन्होंने इसे पिन से दो फीट और दो इंच के अंदर उतारा। होल नंबर 10 सुनील बेनीवाल ने जीता, जिन्होंने इसे पिन से चार फीट के अंदर लैंड किया। नीरज ठाकुर ने होल नंबर 13 पर पिन के सबसे करीब पहुंचकर जीत हासिल की, क्योंकि उनका शॉट पिन से चार फीट और पांच इंच के अंदर लैंड हुआ।

## पहले ही मैच में चोटिल हुए इटली के कप्तान वेन मैडसन



**कोलकाता, वार्ता।** इटली के पहले टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण अंदाज में हुई है। स्कॉटलैंड के खलिाफ ईडन गार्डन्स में उनके पहले मैच के चौथे ही ओवर में टीम के कप्तान वेन मैडसन के कंधे पर गंभीर चोट आई। मैडसन मिडविकेट पर फील्डिग कर रहे थे।

जॉर्ज मंसी के पुल शॉट को रोकने की कोशिश में उन्हें यह चोट लग गई। वह बाईं ओर डाइव करते हुए गेंद को रोकना चाह रहे थे, लेकिन वह प्रैक्टिस पिच पर गिर गए। इसके तुरंत बाद उन्होंने मेडिकल मदद मांगी। थोड़ी देर बाद वह अपने बाएं हाथ को तौलिए से सहारा देते हुए मैदान से बाहर चले गए। 42 साल के मैडसेन इटली के सबसे अनुभवी क्रिकेटर हैं। वह अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं और उन्हें तुरंत एक्स रे के लिए ले जाया गया। आमतौर पर अगर कंधा डिस्लोकेट होता है तो उससे उबरने में सात से 21 दिन लग सकते हैं, जबकि गंभीर मामलों में इसमें तीन से चार महीने तक का वक्त भी लग सकता है।

## नीदरलैंड्स का मुकाबला नामीबिया से

● **पाकिस्तान का सामना आज कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा**

**नई दिल्ली/कोलंबो, वार्ता।** पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 मंगलवार को दो ग्रुप ए लीग मैचों के साथ जारी रहेगा। नीदरलैंड्स का मुकाबला सुबह नई दिल्ली में नामीबिया से होगा, जिसके बाद पाकिस्तान का मुक. ाबला शाम को कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा।

नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, नीदरलैंड्स टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा, जब वे नामीबिया से भिड़ेंगे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे शुरू होगा। डच टीम को अपने शुरुआती गेम में पाकिस्तान से करीबी हार का सामना करना पड़ा था, जहां 148 रन का बचाव करते हुए डिसिप्लिन्ड बॉलिग परफॉर्मेंस के बावजूद फील्डिंग की चूक महंगी साबित हुई थी। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स, जिन्होंने उस मैच में 37 रन बनाकर टॉप स्कोर किया था, एक बार फिर नीदरलैंड्स की बैटिग में अहम भूमिका निभाएंगे। ओपनर माइकल लेविट उनके मुख्य अटैकिग ऑप्शन बने हुए हैं, जिन्होंने अपने पिछले सात टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 282 रन बनाए हैं और नामीबिया के खिलाफ हाल ही में हुए मैच में यादगार 135 रन बनाए थे। आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकेरेन की लीडरशिप वाली बॉलिग यूनिट ने पहले गेम में उम्मीद जगाई थी और बैटिग-फ्रेंडली सरफेस पर उनका फिर से टेस्ट होगा। नामीबिया ने हाल के महीनों में अपने पिछले नौ में से सात मैच जीतकर, लगातार अच्छे नतीजों के बाद अपना वर्ल्ड कप कैंपेन शुरू किया है। स्कॉटलैंड के खिलाफ वार्म-अप गेम में 88 रन बनाने वाले जान फाइलिक और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस टीम की रीढ़ हैं। रूबेन ट्रम्पेलमैन और जेजे स्मिट एक ऐसे बॉलिग अटैक को लीड करते हैं जो हाल के मैचों में असरदार रहा है। हालांकि नामीबिया कॉन्फिडेंस के साथ आ रही है, लेकिन हाल के हेड-टू-हेड नतीजों के आधार पर नीदरलैंड्स का पलड़ा थोड़ा भारी है। दिन में बाद में, पाकिस्तान का सामना कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा, मैच लोकल टाइम के हिसाब से शाम 7:00 बजे शुरू होगा। पाकिस्तान ने अपने कैंपेन की शुरुआत नीदरलैंड्स पर तीन विकेट से रोमांचक जीत के साथ की, जिसमें फहीम के आखिरी पलों में किए गए प्रहारों की मदद से टीम को जीत मिली।

## सारा बनी अबू धाबी ओपन की रानी

● **सारा बेजलेक ने एकातेरिना को 7-6(5), 6-1 से हराकर अबू धाबी ओपन का खिताब जीता**

**अबू धाबी, वार्ता।** चेकिया की 20 साल की खिलाड़ी सारा बेजलेक ने एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (5), 6-1 से हराकर अबू धाबी ओपन का खिताब जीत लिया।

जीत के बाद बेजलेक ने कहा कि मैं आपको बता सकती हूं कि सारा प्रेशर मुझ पर से निकल गया।मैं बस खुश थी - मेरे दिमाग में कुछ नहीं था। मैं बस उस पल का मजा ले रही थी। क्वालिफायर की आठ दिनों के लाइफ-चेंजिंग बवंडर में यह सातवीं जीत थी। पहले सेट के टाईब्रेक में 4-2 से पीछे होने के बाद, बेजलेक ने आखिरी छह में से पांच पॉइंट जीते और दूसरे सेट को एकतरफा अंदाज में जीतकर यह डब्ल्यूटीए 500 टाइटल अपने नाम कर लिया। बेजलेक डब्ल्यूटीए टूर पर अपनी छाप छोड़ने वाली टैलेंटेड चेक महिलाओं की लंबी लाइन में एक और हैं। शुरू में, उनकी रैंकिंग नंबर 101 थी - सोमवार को, वह नंबर 52 पर पहुंच जायेंगी, जो हमवतन बारबोरा क्रेजसिकोवा से एक स्थान आगे है, जो दो बार की ग्रैंड स्लैम सिगल्स चैंपियन हैं। 49 स्थानों की उस छलांग के बारे में बेजलेक ने कहा कि ओह, इसका बहुत मतलब है। लेकिन मुझे पता है कि इसके पीछे वह सारी मेहनत है जो मैंने और टीम ने पिछले कुछ हफ्तों, महीनों, सालों से की है।

## स्कॉटलैंड ने इटली को हराया




● **जॉर्ज मंसी ने 84 और ब्रैंडन मक्मलेन की 41 रनों की शानदार पारियों की बदौलत स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से हराया**

**कोलकाता, वार्ता।** जॉर्ज मंसी (84) और ब्रैंडन मक्मलेन (नाबाद 41) की शानदार पारियों के बाद माइकल लीस्क (नाबाद 22 रन और चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड ने सोमवार को टी-20 विश्वकप में इटली को 73 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जस्टिन मोस्का (शून्य) का विकेट गंवा दिया।

इसके बाद एंथनी मोस्का और जे जे स्मट्स की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़े। चौथे ओवर में ब्रैडली करी ने जे जे स्मट्स 11 गेंदों में 22 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। एंथनी मोस्का (13) रन बनाकर आउट हुये। संकट के समय हैरी मनेंटी और बेंजमिन मनेंटी की जोड़ी ने पारी को संभाला। 13वें ओवर में माइकल लीस्क ने हैरी मनेंटी 25 गेंदों में 37 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बेंजमिन मनेंटी ने 31 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 52 रन बनाये। इसके बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इटली के बल्लेबाज नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 16-4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने चार विकेट लिए। मार्क वॉट को दो विकेट मिले। ब्रैडली करी, ब्रैड व्हील और ऑलिवर डेविडसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर इटली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की जॉर्ज मंसी और माइकल जोंस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 126 रन जोड़े। 14वें ओवर में ग्रांट स्टुअर्ट ने जॉर्ज मंसी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

## राज्यसभा-लोकसभा ने विश्व कप विजेता अंडर-19 टीम को बधाई दी

● **राधाकृष्णन ने टीम की उपलब्धि को उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय अंडर-19 टीम ने भारत का मान बढ़ाया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजयसभा और लोकसभा ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना की और उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यहां राजयसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति सीपी राधाकृष्णन ने टीम की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने जिम्बाववे के हरारे में इंग्लैंड को बड़े अंतर से हराकर देश का मान बढ़ाया है।

यह रिकॉर्ड छठी जीत हमारे युवाओं की प्रतिभा और प्रतिबद्धता को दिखाती है। सफलता का श्रेय पूरी टीम को जाता है, खासकर युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी की विशेष सराहना करनी होगी जिन्होंने 175 रन बनाये जो अंडर-19 विश्वकप फाइनल में सबसे अधिक है। उन्होंने इस जीत के लिए टीम के सभी सदस्यों, कोच और पूरे सपोर्ट स्टाफ का बधाई देते हुए उनके उजजवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को बताया कि छह फरवरी को अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीता है।

## कॉम्प्लान ने युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को ब्रांड एंबेसडर बनाया



**नई दिल्ली, वार्ता।** जाइडस वेलनेस के न्यूट्रिशनल ड्रिक ब्रांड, कॉम्प्लान ने भारतीय क्रिकेट के होनहार और सबसे कम उम्र के शतकवीर वैभव सूर्यवंशी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। बच्चों की न्यूट्रिशन कैटेगरी में ब्रांड की अहमियत को मजबूत करने के लिए एक स्ट्रेटेजिक कदम के तौर पर, इस अपॉइंटमेंट को कॉम्प्लान के नए नेशनल कैंपेन, 'थोड़ा प्लान, थोड़ा कॉम्प्लान' के लॉन्च के साथ सपोर्ट किया गया है।

कॉम्प्लान के इस लंबे समय से चले आ रहे विश्वास को दिखाते हुए कि बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने और उन्हें पूरा करने के लिए मजबूत बनाया जाना चाहिए, यह कैंपेन इस विश्वास पर बना है कि रोजाना की प्लानिग, मांओं के लगातार सपोर्ट और सही न्यूट्रिशन पार्टनर से बड़े सपने पूरे होते हैं। वैभव सूर्यवंशी का सफर इसी विश्वास से काफी मिलता-जुलता है। उनका शुरुआती डिसिप्लिन, कड़ी तैयारी और लगातार फोकस दिखाता है कि कैसे स्ट्रक्चर्ड रूटीन, लगातार कोशिश और मांओं के लगातार गाइडेंस से, जिसे पूरे न्यूट्रिशन का सपोर्ट मिलता है, एम्बिशन को आकार मिलता है। जाइडस वेलनेस के सीईओ, तरुण अरोड़ा ने कहा कि कॉम्प्लान में, हमारा मकसद हमेशा से ही संभावनाओं को बढ़ावा देना रहा है। जैसे-जैसे बच्चों के न्यूट्रिशन से उम्मीदें बढ़ रही हैं, हम भरोसेमंद, साइंस पर आधारित समाधानों और तैयारी और अनुशासन पर जोर देने वाले मूल्यों के जरिए परिवारों को सपोर्ट करने पर ध्यान दे रहे हैं। वैभव का सफर इसी सोच को दिखाता है।

## हर्षित की सफल सर्जरी हुई



**बेंगलुरु, वार्ता।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा, जो चोट के कारण पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए थे, ने रविवार को भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए राहत की खबर दी, जब उन्होंने बताया कि उनकी सर्जरी सफल रही है। हर्षित ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल से एक फोटो शेयर की, मुस्कुराते हुए और फैंस को अपनी हालत के बारे में अपडेट करते हुए। युवा पेसर ने कहा कि उनका फोकस अब दो मिशन पर है - जल्दी ठीक होना और टीम इंडिया में वापसी। उनके पॉजर्टिव अपडेट ने भारतीय कैंप की चिताओं को कम कर दिया है, टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वह कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में जल्द वापसी करेंगे। भारत के सबसे होनहार तेज गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले हर्षित पिछले दो सालों से नेशनल सेटअप में रेगुलर रहे हैं और उन्हें भविष्य का स्टार माना जाता है। हालांकि, मेगा इवेंट शुरू होने से ठीक एक दिन पहले उनके घुटने में चोट लग गई, जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह चोट टी-20 वर्ल्ड कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी थी। बॉलिग करते समय, हर्षित को घुटने में तकलीफ हुई, जो तेजी से बिगड़ गई। वह सिर्फ एक ओवर ही कर पाए और मैदान छोड़ने से पहले रन-अप के दौरान दो बार जूझते रहे, उनके घुटने में साफ दर्द था। बाद में मेडिकल जांच से यह कन्फर्म हो गया कि वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उनके हटने के बाद, अनुभवी तेज गें. दबाज मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में उनकी जगह शामिल किया गया। सिराज ने तुरंत असर डाला, यूनाइटेड स्टेट्स के खलिाफ शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने तीन विकेट लिए और भारत की 29 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## सुपर-8 में जगह पक्की करने उतरेंगा न्यूजीलैंड

● **न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगी**

**चेन्नई, वार्ता।** अपने पहले मैच में अफगानिस्तान से 2024 की हार का बदला लेने के बाद, न्यूजीलैंड कल यहां वर्ल्ड कप टी 20 मुकाबले में अपने दूसरे मैच में यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) से भिड़ेगी, जिससे वह इस ग्रुप ऑफ डेथ में सुपर 8 में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। दो दिनों के मुकाबलों के नतीजों को देखते हुए, जिसमें कम रैंक वाली टीमों ने पसंदीदा टीमों को कड़ी टक्कर दी, इस इवेंट में एक नया घोड़ा उभर सकता है क्योंकि ब्लैक कैप्स को कल एक और कड़ी विरोधी टीम का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि इसे असमान टीमों के बीच का मुक. ाबला माना जा सकता है, लेकिन कीवी टीम चेपॉक स्टेडियम में अपनी विरोधी टीम यूएई से निश्चित रूप से सावधान रहेगी।




जैसा कि सभी कप्तानों ने माना, इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि कोई भी टीम उलटफेर करने की काबिलियत रखती है, यह मंत्र सभी पर लागू होता है। इस अहम मैच में, कीवी टीम, जिसने अपने कैंपेन की शुरुआत जीत के साथ की थी, अपने मौके मजबूत करने के लिए बेताब होगी, जिसके लिए टॉप ऑर्डर को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। वे एक बार फिर टिम सीफर्ट से टॉप ऑर्डर में धमाकेदार प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे, साथ ही फिन एलन और रचिन रवींद्र भी, जो उसी जगह पर अफगानों के खिलाफ गोल्डन डक पर आउट हो गए थे। पेसरों और स्पिनरों से भरी टीम में काफी दम है और वे साफ तौर पर फेवरेट के तौर पर शुरुआत करेंगे, लेकिन मैदान पर उनका प्रदर्शन सबसे ज्यादा मायने रखता है। कीवी टीम शायद उसी टीम को बनाए रखेगी जिसने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया था और सुपर 8 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को पूरा करेगी। दूसरी ओर, यूएई एक उभरती हुई टीम है, जिसने इस टूर्नामेंट से पहले फुल मेंबर देशों के खिलाफ हाल ही में कुछ सफलता हासिल की है। वर्ल्ड कप स्टेज पर तीसरी बार वापस आकर, वे 2022 में नामीबिया को हराकर, इस कॉम्पिटिशन में अपनी पिछली अकेली जीत में और इजाफा करने की उम्मीद करेंगे। मुहम्मद वसीम ने उस दिन फिफ्टी बनाई थी और टीम के शानदार बैटर के तौर पर देश की उम्मीदें उन पर टिकी होंगी। उन्होंने पिछले मई में बांग्लादेश पर सरप्राइज सीरीज जीत में शानदार प्रदर्शन किया था, जबकि हैदर अली ने बॉल से शानदार प्रदर्शन किया था। जुनैद सिद्दीकी 2022 स्क्वॉड के सिर्फ तीन बचे हुए खिलाड़ियों में से एक हैं, और यूएई को उम्मीद होगी कि वे अपने ग्रुप राइवल्स की तुलना में अनुभव की इस कमी को दूर कर सकें।

## शूट-ऑफ में मनु से फिसला स्वर्ण, 24 मी. पिस्टल में ईशा को कांस्य

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में 25 मीटर महिला पिस्टल के रोमांचक फाइनल में भारत की मनु भाकर स्वर्ण पदक से बेहद करीब रहकर चूक गईं। डा. कर्णी सिंह शूटिग रेंज में खेले गए इस फाइनल में वियतनाम की थुई त्रांग गुयेन ने दो शूट-ऑफ के बाद स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

वहीं, ईशा सिंह ने इस चैंपियनशिप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीतते हुए कांस्य हासिल किया। जूनियर वर्ग में नाम्या कपूर ने एक और बेहद रोमांचक शूट-ऑफ में स्वर्ण पदक जीता, जबकि इसी स्पर्धा में अंजलि भगवत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 60 तक पहुंच गई है, जिसमें 37 स्वर्ण, 13 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। फाइनल में ईशा सिंह ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच शॉट लगाकर शानदार शुरुआत की, जबकि मनु भाकर और थुई त्रांग ने चार-चार शॉट लगाए। तीनों निशानेबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और हर सीरीज के बाद पदक की स्थिति बदलती रही। भारतीय निशानेबाज लगातार वियतनामी खिलाड़ी पर दबाव बनाए हुए थे, लेकिन छठी सीरीज में गुयेन के परफेक्ट पांच शॉट्स ने उन्हें दो अंकों की बढ़त दिला दी। सातवीं सीरीज में गुयेन के एक शॉट लगाने का फायदा मनु और ईशा ने उठाते हुए अंतर कम कर दिया। आठवीं सीरीज के बाद 30 अंकों के साथ बढ़त पर चल रहीं ईशा सिंह नौवीं सीरीज में सभी शॉट चूक गईं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संसद में तमाशा

इस समय संसद का बजट सत्र चल रहा है और मुद्दों की भी कमी नहीं है। तमाम तरह का तमाशा हो रहा है, लेकिन अगर नहीं हो रही है, तो चर्चा नहीं हो रही है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। नौवें दिन की स्थिति भी अन्य दिन की तरह ही देखने में आई। केवल 13 मिनट ही लोकसभा चल पाई। दो बार लोकसभा को चलाने की कोशिश की गई, लेकिन यह कोशिश सफल नहीं हो सकी और संसद को सोमवार दो बजे मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। यूं तो संसद में तमाशा होना आम बात होकर रह गई है, लेकिन यह देखकर बेहद पीड़ा होती है कि जहां लोकसभा के भीतर एक स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए थी, उसकी जगह अब शोर-शराबा लेता दिखाई दे रहा है और यह प्रवृत्ति समय के साथ-साथ बढ़ती जा रही है। सबसे अजब बात तो यह है कि अब लोकसभा में शब्दों और पदों की भी कोई मर्यादा नहीं रह गई है और छिन्न-भिन्न होती दिखाई दे रही है। हमारे माननीयों को समझना चाहिए कि राजनीति में विचारधारा में मतभेद एक आम बात है लेकिन यह व्यक्तिगत नहीं होने चाहिएं। विपक्ष अगर यह चाहता है कि चीन को लेकर पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की किताब पर चर्चा होनी चाहिए, तो वह कहां गलत है। ठीक हाल ही में अमेरिका से एक डील हुई है, जिसका सरकार भी जोर-शोर से प्रचार कर रही है। उस पर चर्चा क्यों नहीं होनी चाहिए। यह देखना भी दिलचस्प रहा कि जब पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपना संबोधन देना था, तो वह संसद नहीं आए। विपक्ष जहां यह कह रहा है कि वह डर की वजह से नहीं आए, तो वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिडला अजीब ही तर्क देते दिखाई दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसलिए नहीं आए क्योंकि उन पर सदन में हमला हो सकता था। विशेषकर उन्होंने महिला सांसदों का जिक्र किया। सोमवार को 11 कांग्रेसी महिला सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को इस संबंध में पत्र भी लिखा। जिसमें उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप लगाकर ओम बिडला ने महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि उनका विरोध शांतिपूर्ण, दृढ़ और पूरी तरह लोकतांत्रिक मानदंडों के भीतर था। उनकी सत्यनिष्ठा पर सवाल उठाना हर उस महिला पर गंभीर हमला है जो साहस के साथ जीवन में अपनी पहचान बनाती है। उन्होंने लोकसभा स्पीकर से स्वतंत्र रूप से कार्य करने और लोकसभा की गरिमा बहाल करने का आग्रह किया। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि विपक्ष बिडला की टिप्पणी से इतना आहत है कि उनके विरुद्ध महाभियोग ला सकता है। नि:संदेह ऐसी स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए आदर्श स्थिति नहीं कही जा सकती। सभी को ध्यान रखना चाहिए कि लोकतंत्र में नैतिकता व मर्यादा बेहद महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

## शैडो प्रधानमंत्री होता है विपक्ष का नेता



लोकसभा में विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जा रहा है, जबकि सत्तापक्ष के सदस्य कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र है चाहे अपमानजनक टिप्पणी ही क्यों न हो, संसद की नियमावली के अनुसार विपक्ष का नेता शैडो प्रधानमंत्री होता है, लेकिन उन्हें इस सत्र में सदन के अंदर कुछ भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है, सरकार के लोग कुछ भी कह सकते हैं, सत्तापक्ष के लोग अपमान. जनक टिप्पणी कर सकते हैं, किसी पर हमला कर सकते हैं, लेकिन हमारे गठबधन के दलों के नेताओं को भी अपनी बात नहीं रखने दी जाती है, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वयं कांग्रेस की महिला सांसदों के पर गंभीर आरोप लगाया है, इससे साफ पता चलता है कि विपक्ष के लिए सदन में कोई जगह नहीं है, विपक्ष के नेता हो या विपक्ष के किसी अन्य दल के नेता हो, उन्हें नहीं बोलने दिया जाता है।

**-केसी वेणुगोपाल, संगठन महासचिव, कांग्रेस**

# उत्तर प्रदेश के ब्राह्मणों और मुसलमानों को अपने पक्ष में करने की कवायद





एम हसन

बहुजन समाज पार्टी द्धबीएसपीऋ ने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए पुरजोर प्रयास शुरू कर दिए हैं। पिछले 20 वर्षों में लगातार चुनावी हार झेलने के बाद, पार्टी नेतृत्व इस बात पर दृढ़ हो गया है कि दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम-ओबीसी के व्यापक गठबंधन के बिना 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना मुश्किल होगा। इसलिए, बीएसपी प्रमुख मायावती 2007 के उस फॉर्मूले को दोहराने की कोशिश कर रही हैं, जिसने पहली बार पार्टी को अपने दम पर सत्ता में पहुंचाया था।

इसी को ध्यान में रखते हुए, अगले साल के चुनावी माहौल को देखते हुए, जिला, विधानसभा क्षेत्रों और अन्य पदाधिकारियों सहित लगभग 3000 पार्टी नेता आज लखनऊ में नेतृत्व से निर्देश लेने के लिए एकत्रित हुए। बीएसपी मुख्यालय में दिन भर चली बैठक के दौरान मायावती ने जमीनी स्तर के नेताओं को तुरंत तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया। मतदाता सूचियों में एसआईआर में काफी बदलावों को देखते हुए, पार्टी ने स्थानीय समितियों का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है।

मायावती ने नेटफ्लिक्स फिल्म घुसखोर पंडित के शीर्षक पर अपनी त्वरित और तीखी प्रतिक्रिया में ब्राह्मण कार्ड का भरपूर इस्तेमाल किया। मायावती, जो आमतौर पर ऐसे मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने से बचती हैं, ने शीर्षक की निंदा की और निर्देशक एवं निर्माता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार ने भी निर्देशक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तुरंत कार्रवाई की, लेकिन इस मुद्दे पर मायावती का लहजा बेहद स्पष्ट था। आज के सम्मेलन में मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद भी चर्चा का केंद्र थे।

हालांकि, ऐसे समय में जब पार्टी वापसी के लिए अंतिम प्रयास कर रही है, मायावती के इस ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड पर सबकी नजर रहेगी। जहां एक ओर 2007 के ब्राह्मण नेता सतीश चंद्र मिश्रा पार्टी में हैं, वहीं तत्कालीन मुस्लिम नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी पिछले महीने कांग्रेस छोड़ने के बाद किसी और बेहतर अवसर की तलाश में हैं। फिलहाल बसपा के पास उत्तर प्रदेश का कोई ऐसा मुस्लिम चेहरा नहीं है जो उन्हें वापस पार्टी में ला सके। हालांकि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समुदाय के भाजपा से असंतुष्ट होने की खबरें आ रही हैं, लेकिन क्या वे सचमुच भगवा ब्रिगेड से अलग हो जाएंगे, यह एक विवादास्पद सवाल है। 2007 में राजनीतिक परिस्थितियां बिलकुल अलग थीं, जब यह लामबंदी कारगर साबित हुई थी।

इसी प्रकार, मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मी-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर सम्मान और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। समुदाय में यह प्रबल भावना है कि ए मुद्दे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिन पर किसी भी राजनीतिक दल को ध्यान देना चाहिए जो उनका समर्थन चाहता है।

दलित नेता कांशी राम के मार्गदर्शन में मायावती ने राजनीतिक परिदृश्य में उभरकर 2007 में उत्तर प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री का पद अपने दम पर हासिल किया था और उनके सहयोगियों ने उन्हें 2009 के लोकसभा चुनाव में एक मजबूत प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार के रूप में पेश किया था। अब लगभग दो दशक बाद पार्टी की किस्मत में भारी गिरावट आई है। कांशी राम ने सभी समुदायों को मिलाकर एक मजबूत दलित जनाधार बनाया था, लेकिन वर्षों से यह आधार खोता चला गया है। 2007-2012 के बसपा शासनकाल के दौरान यह गिरावट स्पष्ट रूप से देखी गई, जब ष्जाटवष समुदाय पर विशेष राजनी. तिक बल दिया गया, जिससे अन्य समुदाय उनसे अलग हो गए। दलितों का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण वर्ग, पासी, इस मुद्दे पर काफी मुखर हो गया था। बसपा के 2007 के कार्यकाल के बाद पार्टी छोड़ने पर मजबूर हुए प्रतिद्वंद्वियों द्वारा कांशी राम की कमाई, मायावती ने गवई (मायावती ने कांशी राम की कमाई बर्बाद कर दी) का नारा अक्सर दो. हराया जाता था।

2009 के आम चुनाव में पार्टी का राष्ट्रीय वोट शेयर 6।2 प्रतिशत था, जो 2014 में घटकर 4।2 प्रतिशत (कोई सीट नहीं मिली), 2019 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की दस सीटों पर जीत के साथ 3।7 प्रतिशत और 2024 में 2.04 प्रतिशत रह गया। 2019 को छोड़कर, पिछले तीन लोकसभा चुनावों में बसपा का किसी अन्य पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं था। वर्तमान में दलित संगठन के लिए कोई स्पष्ट राष्ट्रीय पहचान न होने के कारण, अगर बसपा को अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश में टिके रहना है तो उसे भाजपा के 41.37 प्रतिशत और सपा के 33.59 प्रतिशत वोट शेयर से मुकाबला करना होगा। उत्तर प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में, जब बसपा ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ा था, तो उसका वोट शेयर लगभग 9।24 प्रतिशत था। बसपा की किसी भी सीट पर जीत के विपरीत, नवगठित प्रतिद्वंद्वी दलित संगठन आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश से नगीना लोकसभा सीट पर कब्जा कर लिया। चूंकि शेखर बसपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए कुशल प्रयास कर रहे हैं, इसलिए मायावती ने विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए खंडित दलित वोटों को पुन: प्राप्त करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की है।

> “ मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मण-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में यह समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर इसने ष्सम्मान और सुरक्षाष के लिए संघर्ष किया है।

अब बसपा के लिए 2027 के चुनाव करो या मरो की लड़ाई हैं और जमीनी स्तर के नेताओं से आज जीत के लिए काम करने को कहा गया। चूंकि उत्तर प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए कम से कम तीन या उससे अधिक प्रभावशाली जातियों का गठबंधन जरूरी है, इसलिए बसपा अब दलित-पिछड़ा और मुस्लिम समुदायों के गठबंधन के लिए बेताब है। हालांकि, बसपा अब सभी दलित समुदायों की एकीकृत आवाज नहीं रह गई है और उसे अन्य समुदायों के साथ काम करने से पहले उन्हें एक मंच पर लाना होगा। उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने के लिए कम से कम 30 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर जरूरी है, बसपा के लिए इस आंकड़े तक पहुंचना 12 प्रतिशत (2022 के नतीजों में) से काफी मुश्किल लग रहा है। भगवा ब्रिगेड को टक्कर देने के इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसे मजबूत स्थिति में मौजूद सपा को दूसरे पायदान से हटाना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर

**इसे जानने के लिए डीकिन विवि. की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा (अवरक्त) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी और बेमिसाल परी-पिद्दी सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आद्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें।**



पक्षियों के रोएंदार पंख उनके शरीर की ऊष्मा बिखरने नहीं देते और उन्हें गर्म बनाए रखते हैं। दूसरी ओर, चोंच उन्हें ठंडा रखती है, जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है तो चोंच से ही ऊष्मा बाहर निकालती है, लेकिन जब ज्यादा संवेदी ताप नियंत्रक की जरूरत होती है, तो वे अपनी टांगों से काम लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया में चौदह पक्षी प्रजातियों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि पक्षी अपने पैरों में रक्त प्रवाह को कम-ज्यादा करके शरीर की गर्मी को कम-ज्यादा बिखेर सकते हैं। पक्षियों के शीतलक यानी उनकी चोंच और पैर में बेशुमार रक्तवाहिकाएं होती हैं और ए कुचालक पंखों से ढंकी नहीं होती हैं। इससे उन्हें गर्मी बढ़ने पर शरीर का तापमान कम करने में मदद मिलती है। इसलिए तोतों और उष्णकटिबंधीय जलवायु में रहने वाले अन्य पक्षियों की चोंच बड़ी और टांगें लंबी होती हैं, लेकिन पक्षियों में ताप नियंत्रण से जुड़ी अधिकतर जानकारी प्रयोगशाला अध्ययनों पर आधारित थीं। सवाल था कि क्या प्राकृतिक परिस्थिति में यही बात लागू होती है? इसे जानने के लिए डीकिन विश्वविद्यालय की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा (अवरक्त) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी Porphyrio porphyrio और बेमिसाल परी-पिद्दी Malurus cyaneus सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आर्द्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें। गर्मियों में, जब बाहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक होता है तो पक्षी शरीर की अतिरिक्त गर्मी को निकालने के लिए अपनी चोंच और टांगों दोनों का उपयोग करते हैं। सर्दियों में, जब बाहर का तापमान कम होता है, कभी-कभी 2.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो पक्षियों की चोंच तो गर्मी छोड़ती रहती है, लेकिन उनकी टांगें ऊष्मा बिखेरना बंद कर देती हैं। उनके पैर ठंडे थे यानी उन्होंने पैरों में रक्त प्रवाह रोक (या बहुत कम कर) दिया था ताकि ऊष्मा का ह्रास कम रहे। बायोलॉजी लैटर्स में प्रकाशित यह निष्कर्ष ठीक ही लगते हैं, क्योंकि पक्षियों का अपनी चोंच की रक्त वाहिकाओं पर नियंत्रण कम होता है, क्योंकि चोंच उनके मस्तिष्क के करीब होती है जहां निरंतर रक्त प्रवाह जरूरी है। बहरहाल इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि ठंडी जलवायु में रहने वाले पक्षियों की चोंच छोटी क्यों होती है। साथ ही अनुमान है कि जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ता जाएगा और पृथ्वी गर्म होती जाएगी तो संभव है कि वर्ष में बहुत अलग-अलग तापमान झेल रही पक्षी प्रजातियों की टांगें लंबी होती जाएंगी, जिनके रक्त प्रवाह और ऊष्मा के संतुलन पर पक्षी का अधिक नियंत्रण होता है। फिलहाल उम्मीद है कि इस तरह के और भी अध्ययनों से यह बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी कि दुनिया भर के पक्षी जलवायु परिवर्तन से कैसे निपटेंगे।

# शहरी विकास : पुरातन और आधुनिकता में संघर्ष



विनीत नारायण

काशी के मणिकर्णिका घाट को लेकर उपजे विवाद ने एक बार फिर इस प्रश्न को देश के सामने खड़ा कर दिया है कि हमारी प्राचीन धरोहरों को हानि पहुंचाए बिना शहरों का आधुनिकरण कैसे किया जाए? यह प्रश्न भारत के धार्मिक नगरों में चल रहे शहरी विकास कार्यों के संदर्भ में और भी ज्वलंत हो गया है।



धर्मनगरियों व ऐतिहासिक भवनों का जीर्णोद्धार या सौन्दईकरण एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। जटिल इसलिए कि चुनौतियां अनंत है। लोगों की धार्मिक भावनाएं, पुरोहित समाज के पैतृक अधिकार, वहां आने वाले आम आदमी से अति धनी लोगों तक की अपेक्षाओं को पूरा करना, सीमित स्थान और संसाधनों के बीच व्यापक व्यवस्थाऐं करना, इन नगरों की कानून व्यवस्था और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चति करना। इस सबके लिए जिस अनुभव, कलात्मक अभिरूचि व आध्यात्मिक चेतना की आवश्यक्ता होती है, प्राय: उसका प्रशासनिक व्यवस्था में अभाव होता है। सड़क, खड़ंजे, नालियां, फ्लाई ओवर जैसी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण का अनुभव रखने वाला प्रशासन तंत्र इन नगरों के जीर्णोद्धार और सौन्दईकरण में वो बात नहीं ला सकता, जो इन्हें विश्वस्तरीय तीर्थस्थल बना दे। कारण यह है कि सड़क, खड़ंजे की मानसिकता से टैंडर निकालने वाले, डीपीआर बनाने वाले और ठेके देने वाले, इस दायरे के बाहर सोच ही नहीं पाते। अगर सोच पाते होते तो आज तक इन शहरों में कुछ कर दिखाते। पिछले इतने दशकों में इन धर्मनगरियों में विकास प्राधिकरणों ने क्या एक भी इमारत ऐसी बनाई है, जिसे देखा-दिखाया जा सके? क्या इन प्राधिकरणों ने शहरों की वास्तुकला को आगे बढ़ाया है या इन पुरातन शहरों में दियासलाई के डिब्बों जैसे भवन खड़े कर दिए हैं। नतीजतन ये सांस्कृतिक स्थल अपनी पहचान तेजी से खोते जा रहे हैं।

माना कि विकास की प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता। बढ़ती आबादी की मांग को भी पूरा करना होता है। मकान, दुकान, बाजार भी बनाने होते हैं, पर पुरातन नगरों की आत्मा को मारकर नहीं। अंदर से भवन कितना ही आधुनिक क्यों न हो, बाहर से उसका स्वरूप, उस शहर की वास्तुकला की पहचान को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। भूटान एक ऐसा देश है, जहां एक भी भवन भूटान की बौद्ध संस्कृति के विप. रीत नहीं बनाया जा सकता। चाहे होटल, दफ्तर या दुकान कुछ भी हो। सबके खिड़की, दरवाजे और छज्जे बुद्ध विहारों के सांस्कृतिक स्वरूप को दर्शाते हैं। इससे न सिर्फ कलात्मकता बनीं रहती है, बल्कि ए और भी ज्यादा आकर्षक लगते हैं। दुनिया के तमाम पर्यटन वाले नगर, इस बात का विशेष ध्यान रखते हैं। जबकि भारत में आज भी पुराने ढर्रे से सोचा और किया जा रहा है। फिर कैसे सुधरेगा इन पुरातन नगरों का स्वरूप? विकास की प्रक्रिया में जहां एक तरफ रचनात्मक सोच और कलात्मक दृष्टि का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है वहीं भ्रष्टाचार भी अन्य क्षेत्रों की तरह स्थिति को बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाता है। शहरी विकास की प्रक्रिया में दो तरह का भ्रष्टाचार होता है, 'करप्शन ऑफ डिजाईन' व 'करप्शन ऑफ इम्पलीमेंटेशन'। यानि नक्शे बनाने में भ्रष्टाचार और निर्माण करने में भ्रष्टाचार। निर्माण का भ्रष्टाचार तो भारतव्यापी है। बिना कमीशन लिए कोई सरकारी आदमी कागज बढ़ाना नहीं चाहता। पर डिजाईन का भ्रष्टाचार तो और भी गंभीर है। यानि तीर्थस्थलों के विकास की योजनाऐं बनाने में ही अगर सही समझ और अनुभवी लोगों की मदद नहीं ली जाएगी और उद्देश्य अवैध धन कमाना होगा, तो योजनाऐं ही नाहक महत्वाकांक्षी बनाई जाएंगी। गलत लोगों से नक्शे बनावाए जाएंगे और सत्ता के मद में डंडे के जोर पर योजनाऐं लागू करवाई जाएंगी। नतीजतन धर्मक्षेत्रों का विनाश होगा, विकास नहीं। पिछले तीन दशकों में, इस तरह कितना व्यापक विनाश धर्मक्षेत्रों का किया गया है कि उसके दर्जनों उदाहरण दिए जा सकते हैं। फिर भी अनुभव से कुछ सीखा नहीं जा रहा। सारे निर्णय पुराने ढर्रे पर ही लिए जा रहे हैं, तो कैसे सजेंगी हमारी धर्मनगरियां? पिछले 24 वर्षों से मैं ब्रज में धरोहरों के जीर्णोद्धार और संरक्षण में जुटा हूं और इसी चिंता में घुलता जा रहा हूं। शोर मचाओ तो लोगों को बुरा लगता है और चुप होकर बैठो तो दम घुटता है कि अपनी आंखों के सामने, अपनी धार्मिक विरासत का विनाश कैसे हो जाने दें? जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है, तब से धर्मक्षेत्रों का विकास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भी उद्देश्य रहा है, इसलिए संघ नेतृत्व को चाहिए कि धर्मक्षेत्रों के विकास पर स्पष्ट नीति निधार्रित करने के लिए अनुभवी और चुने हुए लोगों की राष्ट्रीय और क्षेत्रीय गोष्ठी बुलाए और उनकी राय लेकर नीति निर्धारण में सकारात्मक योगदान करे। पर इस विषय को राजनीति से अलग रखा जाए। क्योंकि धरोहर किसी एक दल के सत्ता में रहने या न रहने से अपना स्वरूप नहीं बदलती। उनका अस्तित्व सदियों से है और सदियों तक रहेगा। इसलिए धरोहरों के संरक्षण में जुटे लोगों और विशेषज्ञों के प्रति राग द्वेष की भावना से अलग हटकर केवल धरोहरों के हित में ही निर्णय लिए जाएं। नीतियों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए बिना, वांछित सुधार आना असंभव है। फिर तो वही होगा कि 'चौबे जी गए छब्बे बनने और दूबे बनके लौटे'। पर इसमें भी एक खतरा है। क्योंकि जब कभी सरकारी स्तर पर ऐसा विचार-विमर्श करना होना होता है, तो निहित स्वार्थ सार्थक विचारों को दबवाने के लिए या उनका विरोध करवाने के लिए, सत्ता के दलालनुमा लोगों को विशेषज्ञ या समाजसेवी बताकर इन बैठकों में बुला लेते हैं और सही बात को आगे नहीं बढ़ने देते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टीन फाइल्सः 10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच

## अमेरिका से यूरोप तक असर, राजनेताओं-अरबपतियों और शाही परिवारों तक फैली जांच

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं। इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है।

इन फाइलों में नेता, राजदूत, अरबपति और शाही परिवारों के नाम शामिल हैं। ईमेल, फ्लाइट लॉग और संपर्क रिकॉर्ड में 700 से 1000 असरदार लोगों का जिक्र है। कई मामलों में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप भी हैं। दस्तावेजों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन जैसे हाई-प्रोफाइल नाम अलग-अलग संदर्भों में सामने आए हैं। एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है। करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा ब्रिटेन में 3 अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा। पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन, सलाहकार एडम पेरी और पीएम कीर स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में पूर्व विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीरोस्लाव लाइचाक ने 300 से अधिक ईमेल और आपत्तिजनक चौट सामने आने पर इस्तीफा दिया। स्वीडन की सीनियर डिप्लोमेट जोआना रुबिनस्टीन ने पद छोड़ा। नॉर्वे की राजदूत मोना जूल, अमेरिका में लेबर मिनिस्टर एलेक्स एकोस्टा और एमआईटी लैब प्रमुख जोइची इतो ने इस्तीफा दिया। एपस्टीन फाइल्स कई देशों की सरकारों के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक शर्मिंदगी का कारण बन गईं। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर को माफी मांगनी पड़ी, जबकि प्रिंस एंड्रयू के खिलाफ ब्रिटिश पुलिस ने नई फाइलों के आधार पर 'फ्रेश रिव्यू' शुरू किया। नॉर्वे में राजदूत मोना जुएल को निलंबित किया गया और पूर्व पीएम थोरबजॉर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार जांच शुरू हुई। सीनियर डिप्लोमेट तेर्झे रोड-लार्सन पर भी जांच चल रही है। फ्रांस में पूर्व मंत्री जैक लैंग को आधिकारिक समन जारी हुआ। पोलैंड, लातविया और तुर्की ने मानव तस्करी के साथ आधिकारिक साठगांठ की जांच के लिए स्पेशल टीमें बनाईं। जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी तस्वीर में प्रिंस एंड्रयू एक महिला के ऊपर घुटनों के बल झुके हुए दिखते हैं। कुछ बड़े नाम सामने आने के बाद उन्हें और उनके परिवारों को सार्वजनिक रूप से माफी या अफसोस जताना पड़ा। नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट के ईमेल और संवाद सामने आने पर राजशाही स्तर की संस्थागत समीक्षा हुई और उन्होंने सार्वजनिक माफी मांगी। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एपस्टीन से मुलाकातों और संवाद पर अफसोस जताया तथा फाउंडेशन के बोर्ड से इस्तीफा दिया। इजरायल के पूर्व पीएम एहुद बराक का नाम न्यूयॉर्क में एपस्टीन के अपार्टमेंट में ठहरने और बैठकों के रिकॉर्ड में आया, जिसके बाद उन्हें सफाई देनी पड़ी।



■ एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है, करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है

### एपस्टीन फाइल्स में जुकरबर्ग-मस्क की तस्वीर

**लंदन।** एपस्टीन फाइल्स में टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में सिलिकॉन वैली के बड़े टेक दिग्गज साथ में डिनर करते नजर आ रहे हैं। इसमें पेपाल के को-फाउंडर पीटर थील और एमआईटी मीडिया लैब के पूर्व डायरेक्टर जोई इतो भी दिख रहे हैं। यह फोटो साल 2015 की बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वही डिनर पार्टी है, जिसे यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 'वाइल्ड डिनर' कहा था। एपस्टीन ने यह तस्वीर अगस्त 2015 में खुद को ईमेल की थी और इसे फ्रेम कराकर अपने न्यूयॉर्क स्थित अपार्टमेंट में लगा रखा था। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को एपस्टीन फाइल्स के 30 लाख दस्तावेज सार्वजनिक किए थे, जिसके बाद से इस मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। जस्टिस डिपार्टमेंट की फाइलों के मुताबिक, 2 अगस्त 2015 को एपस्टीन ने अपने दोस्त पीटर एटिया को ईमेल भेजकर लिखा था कि उस रात एलन मस्क, पीटर थील और मार्क जुकरबर्ग के साथ डिनर है।

### पुतिन से नजदीकी बढ़ाना चाहता था यौन अपराधी एपस्टीन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) के नए दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीब जाने की कोशिश कर रहा था। एपस्टीन ने कई मौकों पर पुतिन और उनके करीबी अधिकारियों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए। एपस्टीन 2018 में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के जरिए पुतिन तक अपनी बात पहुंचाना चाहता था। उसने इसके लिए नॉर्वे के पूर्व पीएम थॉर्बजॉर्न यागलैंड से संपर्क किया था। जून 2018 के एक ईमेल में एपस्टीन ने नॉर्वे के पूर्व पीएम थोब्यॉर्न यागलैंड से कहा था कि वह पुतिन को यह सुझाव दें कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव उससे बातचीत करें। दस्तावेजों के मुताबिक, एपस्टीन खुद को एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के तौर पर पेश कर रहा था, जो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और निवेश जैसे मुद्दों पर रूस की मदद कर सकता है।

### एपस्टीन से संपर्क के खुलासाः जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत ने दिया इस्तीफा

**ओस्लो।** नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को 'सही और आवश्यक' बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क 'गंभीर निर्णयात्मक चूक' को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था। मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंडः अनुतिन चर्नविराकुल ने किया चुनाव जीतने का ऐलान

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और भुमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने थाईलैंड के संसदीय चुनाव जीत लिये हैं। चर्नविराकुल ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि यह पूरे देश की जीत है। चुनाव आयोग द्वारा 87 प्रतिशत बैलेट गिने जाने तक भुमजैथाई पार्टी ने बहुमत हासिल कर ली। पीपल्स पार्टी दूसरे स्थान पर रही जबकि फ्यू थाई पार्टी तीसरे स्थान पर रही।

### उत्तरी नाइजीरिया में सड़क दुर्घटना में 30 लोगों की मौत

**अबूजा।** उत्तरी नाइजीरिया में बड़े पैमाने पर हुए सड़क हादसे में कम से कम 30 लोगों की मौ हो गई। यह जानकारी डेली पोस्ट अखबार ने रविवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य कानो में घटी। कई लोग घायल हो गए। अखबार ने दुर्घटना का कारण लापरवाही से वाहन चलाना बताया है। खबरों के अनुसार, राज्य के राज्यपाल अल्हाजी यूसुफ ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### तुर्की में एक टन से ज्यादा नशीले पदार्थ जब्त, 144 तस्कर गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोमवार को घोषणा की कि तुर्की पुलिस ने पिछले 10 दिनों में देश भर में चलाये गये अभियानों में 1.24 टन नशीले पदार्थ जब्त किए हैं और नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले 144 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। येरलिकाया ने एक्स पर एक बयान में कहा कि इन छापों के दौरान पुलिस ने 18.3 लाख नशे की गोलियां भी जब्त कीं।

# ट्रेड डील में भारत को मिली बड़ी राहत

## भारत को 25 प्रतिशत पेनल्टी टैरिफ वापस करेगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत को एक बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न सिर्फ टैरिफ दर को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया है, बल्कि रूस से तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है।

इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा। यह रिफंड अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन कानून के तहत जारी किया जाएगा। भारतीय निर्यातकों को कितना रिफंड मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। क्योंकि रिफंड की राशि अमेरिकी इम्पोर्टर को दी जाएगी, फिर वे भारतीय एक्सपोर्टर के साथ बातचीत करके इस राशि का बंटवारा करेंगे। भारत से अमेरिकी निर्यात का 60 प्रतिशत हिस्सा टैरिफ दायरे में। इस हिसाब से देखें तो अब तक अमेरिका ने भारत से आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर करीब 4 अरब डॉलर (40 हजार करोड़ रुपए) अतिरिक्त वसूले हैं। यही राशि रिफंड होगी, जिसमें भारतीय कारोबारियों को भी हिस्सा मिलेगा। ट्रेड डील को लेकर अंतरिम समझौते के ढांचे के अनुसार भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे, इस पर निगरानी रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री शामिल हैं। इस समिति को लगता है कि भारत ने रूस से तेल का इम्पोर्ट दोबारा शुरू कर दिया है, तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प को दोबारा 25 प्रतिशत पेनल्टी लगाने और अन्य कार्रवाई करने के लिए सिफारिश कर सकती है। ट्रेड डील को लेकर भारत सरकार ने कहा है कि यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति और नई ऊंचाइयां देने वाला साबित होगा। भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचाने वाला कोई भी उत्पाद ट्रेड डील में शामिल नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया है कि अमेरिका को किन चीजों पर टैरिफ छूट नहीं दी है और किन चीजों को भारत में एंट्री नहीं दी गई है। बिना छिलके वाले अनाज और आटा, आलू, प्याज, मटर, बीन्स, खीरा, मशरूम, संतरा, अंगूर, नीबू और मिश्रित डिब्बाबंद सब्जियां भारत में प्रवेश नहीं करेंगी। अमेरिका से ट्रेड डील पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि यह लेन-देन का मामला है। अगर मैं कुछ भी नहीं दूंगा, तो अपने किसानों के लिए अमेरिका में बाजार कैसे खोलूंगा? अमेरिकी बाजार खुलने से हमारे किसानों की आय बढ़ेगी। अगर कोई कहता है कि दो पन्नों के संयुक्त बयान में सुरक्षा नहीं है, तो वो गुमराह कर रहा है। अभी कई बातों पर स्पष्टता बाकी है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एनडीटीवी से बातचीत में भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने की पुष्टि की। उन्होंने कहाः कुछ तकनीकी कागजों पर अगले कुछ दिनों में दस्तखत होंगे, लेकिन डील लगभग तय है। गोर ने कहाः यह टैरिफ समझौता प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच कई सालों से चली आ रही मजबूत दोस्ती का नतीजा है। यह टैरिफ दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम है।



■ देश के कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी रूसी तेल खरीद पर पेनल्टी लगाई थी

### जापान के सत्तारूढ़ एलडीपी की आम चुनाव में एकतरफा जीत

**टोक्यो।** जापान में रविवार को हुए आम चुनाव में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और जापान इनोवेशन पार्टी (जेआईपी) के गठबंधन ने निचले सदन में दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर लिया है। सरकारी प्रसारक एनएचके ने सोमवार तड़के यह जानकारी दी। एनएचके के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन ने कुल 352 सीटें जीतीं, जो निचले सदन में पारित लेकिन उच्च सदन (हाउस ऑफ काउंसिलर्स) द्वारा खारिज किसी विधेयक को पुनः पारित कराने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत से अधिक है। एलडीपी के पास चुनाव से पहले 198 सीटें थीं। पार्टी ने अपने दम पर ही 465 सदस्ईय निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया और कुल 316 सीटें जीतीं। वहीं, जूनियर सहयोगी जेआईपी के लिए परिणाम अपेक्षाकृत कमजोर रहे। पार्टी ने निचले सदन में अपनी पूर्व 34 सीटों के मुकाबले केवल दो सीटों की बढ़ोतरी की है। एनएचके के मुताबिक, एलडीपी के अकेले बहुमत में होने से गठबंधन में जेआईपी का प्रभाव कम होने की संभावना है।

### ईरान की अमेरिका के साथ बातचीत प्रगति परः पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने रविवार को अपने देश और अमेरिका के बीच हाल ही में हुई परमाणु वार्ता को प्रगति पर कहा। उन्होंने ये टिप्पणियां एक्स पर एक पोस्ट में कीं जिसमें उन्होंने शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई अप्रत्यक्ष वार्ता पर प्रकाश डाला।

पेजेशकियान ने कहा कि ये चर्चाएं पश्चिम एशिया क्षेत्र में मित्रवत सरकारों द्वारा किए गए अनुवर्ती प्रयासों के परिणामस्वरूप हुईं, और इस बात पर बल दिया कि ईरान की हमेशा से ही संवाद द्वारा मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की चुनी हुई रणनीति रही है। इसी बीच, तेहरान में एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची, जिन्होंने शुक्रवार की वार्ता में देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, ने कहा कि कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमारे पास क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि ईरान का परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है, साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार की दादागिरी को दृढ़ता से खारिज कर दिया। अराघची ने कहा कि अगर वे ईरानी लोगों से बल प्रयोग की भाषा में बात करेंगे तो हम भी उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे। हालांकि, अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। शुक्रवार को हुई वार्ता अमेरिका और ईरान के बीच क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच हुई, जिसमें मध्य पूर्व में हाल ही में अमेरिका द्वारा सैन्य जमावड़ा और ईरान द्वारा तैयारियों में तेजी शामिल हैं।



■ अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे, तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा



नई दिल्ली। डीटीए तमिल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी के मिलने के बाद स्कूल के बाहर खड़े छात्र।

### हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को 20 साल की सजा

**बीजिंग।** हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का उल्लंघन करने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। यह जानकारी स्थानीय प्रसारक आरटीएचके ने सोमवार को दी। दिसम्बर 2025 में, हांगकांग उच्च न्यायालय ने लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के तीनों मामलों में दोषी करार दिया था। प्रसारक ने कहा कि लाई को दी गई सजा 2020 के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के लिए अब तक की सबसे कठोर सजा है। लाई को अगस्त 2020 में विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत एवं धोखाधड़ी करने के आरोपों में हिरासत में लिया गया था।

## भारत ने सेशेल्स को दिया 17 करोड़ 50 लाख डॉलर का पैकेज

### दोनों देशों ने राजधानी नई दिल्ली में साझेदारी बढ़ाने के लिए संयुक्त विजन जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और सेशेल्स ने साझेदारी को अगले चरण तक ले जाने के लिए एक संयुक्त विजन जारी किया जा रहा है और भारत ने सेशेल्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उसके लिए 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक वार्ता के बाद सोमवार को यहां संयुक्त वक्तव्य में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है। हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए आज हम 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पैकेज आवास, ई मोबिलिटी, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस परियोजनाओं मैं सहयोग करेगा। मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स की साझेदारी एक नए चरण में प्रवेश कर रही है। सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए आज हम 'भारत-सेशेल्स संयुक्त विजन' जारी करने जा रहे हैं जो आने वाले वर्षों में परस्पर सहयोग का रोड़मैप बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर की लहरें सदियों से हमारे लोगों को जोड़ती आई हैं। इसके तटों पर दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा, संस्कृतियां मिलीं और विश्वास की परंपराएं मजबूत होती गईं। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स न केवल भूगोल से, बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा नाता कल, आज, और आने वाले कल का है। एक समुद्री पड़ोसी और विश्वसनीय साझेदार के रूप में सेशेल्स भारत के महासागर विजन का अभिन्न अंग है। हमारा सहयोग जल, थल और नभ को समाहित करता है। आज की चर्चाओं में हमने इस साझेदारी को और अधिक सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। अपने आर्थिक सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखने पर हम सहमत हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के साथ साथ हम फिन टैक और डिजिटल समाधान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेंगे।




■ हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं: सरकार

# यूरेनियम इनरिचमेंट बंद नहीं करेंगेः ईरान

## कहाः डराकर हमसे कुछ नहीं करवाया जा सकता है, अमेरिका की नीयत पर भरोसा नहीं

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के दबाव को सख्ती से खारिज करते हुए कहा है कि वो अपना यूरेनियम संवर्धन (यूरेनियम इनरिचमेंट) प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगा, चाहे उसे सैन्य धमकियां मिलें या नए प्रतिबंध लगाए जाएं।

तेहरान में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब कई सालों बाद ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में बातचीत फिर से शुरू हुई है। ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें, जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है। अराघची ने साफ कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए, भले ही युद्ध की धमकी क्यों न दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती, जैसे कि यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर की मौजूदगी, ईरान को डराने में नाकाम रहेगी। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है और यह साफ नहीं है कि वाशिंगटन सच में डिप्लोमेटिक हल चाहता भी है या नहीं। उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा। पश्चिमी देश और इजराइल लंबे समय से आरोप लगाते रहे हैं कि ईरान परमाणु हथियार बनाना चाहता है, लेकिन ईरान इस बात से इनकार करता है। अराघची ने कहा कि ईरान किसी परमाणु बम की तलाश में नहीं है और उसकी असली ताकत बड़ी शक्तियों को 'न' कहने की क्षमता है। इस बीच अमेरिका, ईरान के आसपास लगातार अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन कर रहा है। ईरान के साथ अमेरिकी वार्ताकार स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार जारेड कुशनर ने कुछ समय पहले यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर का दौरा किया था। अमेरिकी सेना ने कहा कि यह तैनाती सुरक्षा के लिए है और ट्रम्प की 'शांति के लिए ताकत' की नीति का हिस्सा है। ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में न्यूक्लियर मुद्दे पर 6 फरवरी को बातचीत हुई थी। ट्रम्प ने इसे 'बहुत अच्छा' बताया था, जबकि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियन ने इसे शांति के लिए 'एक कदम आगे' कहा था।



■ ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है



